


# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर, गुरुवार 5 अक्टूबर 2023 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-188 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 06 अक्टूबर 2023 ` 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### खलिस्तान के खिलाफ दिल्ली में एक्शन प्लान

**नई दिल्ली 5 अक्टूबर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को दिल्ली में तीसरे आतंकवाद विरोधी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे, जहां वह आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) के अखिल भारतीय प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे। देश में हाल ही में हुई खालिस्तानी और आतंकी गतिविधियों के मद्देनजर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने यह सम्मेलन बुलाया है। एटीएस के प्रमुख विदेशी धरती से सक्रिय गैंगस्टरों के खिलाफ एक कार्य योजना पर काम करेंगे। बैठक में एनआईए, इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) और विभिन्न राज्य एटीएस इकाइयों के प्रमुख उपस्थित रहेंगे। व्यापक योजना के हिस्से के रूप में, वे आतंकवादी गतिविधियों पर इनपुट साझा करने के लिए भी सहयोग करेंगे। इससे पहले आज, शाह ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार भारत से आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। केंद्रीय गृह मंत्री ने यह भी कहा कि देश द्वारा अपनाई गई आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के पीछे प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण है। मोदी सरकार हमारे देश से आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। दिल्ली में एनआईए द्वारा आयोजित तीसरे आतंकवाद विरोधी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे और हमारे देश द्वारा अपनाई गई आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति के पीछे मोदी जी के दृष्टिकोण को स्पष्ट करेंगे।

### छग का भगोड़ा सिपाही खुद को मृत बताकर उप्र पुलिस में हो गया भर्ती

**लखनऊ 5 अक्टूबर।** एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है. छत्तीसगढ़ से भागे सिपाही ने खुद को कागजों पर मृत बता दिया. मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर उत्तर प्रदेश पुलिस ज्वॉइन कर ली. बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में सुमित कुमार के नाम से सिपाही में भर्ती हुआ था. इसके बाद यूपी में मनोज कुमार के नाम से 12वीं की परीक्षा पास की. 12वीं के बाद यूपी पुलिस की सिपाही भर्ती 2015 में चयनित हुआ था. वह कई साल नौकरी की और जांच होने पर फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है. आरोपी पर हुसैनगंज थाने में स्न्ढ्ढक्र दर्ज की गई है. सीजी पुलिस के एक भगौड़े सिपाही ने नाम बदलकर हाईस्कूल-इंटर किया। फिर उत्तर प्रदेश पुलिस की सिपाही भर्ती-2015 में चयनित हो गया. कई साल तक नौकरी करता रहा. गोपनीय शिकायत पर जब जांच हुई तो उसका फर्जीवाड़ा खुला. भर्ती बोर्ड की तरफ से मामले में आरोपी पर धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार कर इस्तेमाल करने समेत अन्य गंभीर धाराओं में हुसैनगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### सहायक जेल अधीक्षक की स्कूटी को महापौर पाल की कार ने मारी टक्कर

**दुर्ग 5 अक्टूबर।** भिलाई महापौर नीरज पाल की गाड़ी ने केंद्रीय जेल सहायक अधीक्षक वर्षा संतोष कुंजाम की स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कुंजाम और पीछे बैठी उनकी बेटी दूर जा गिरे। उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। पद्मनाभपुर पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। वहीं सहायक जेल अधीक्षक और उनकी बेटी उपचाराधीन हैं। सहायक जेल अधीक्षक दुर्ग वर्षा संतोष कुंजाम (41 साल) ने इसकी शिकायत पद्मनाभपुर थाने में दर्ज कराई है।

# लाल डायरी में कांग्रेस के भ्रष्टाचार की काली करतूतः नरेन्द्र मोदी

■ **जयपुर 5 अक्टूबर।**

मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार के लिए आपका स्वास्थ्य प्राथमिकता है। एक तरफ हम आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त इलाज की सुविधाएं दी रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ रिकॉर्ड संख्या में आधुनिक अस्पताल भी बना रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का संकल्प राजस्थान को पर्यटन में नंबर 1 राज्य बनाने का है।

अपना हमला जारी रखते हुए मोदी ने कहा कि आप सबने लाल डायरी के बारे में सुना है। लोग कहते हैं कि कांग्रेस के करप्शन की हर काली करतूत इस लाल डायरी में दर्ज हैं। अगर आप चाहते हैं कि इस लाल डायरी का राज सामने आए, तो आपको यहां भाजपा सरकार बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि 5 साल में यहां कांग्रेस की सरकार एक कदम भी नहीं चली, यहां 24 घंटे कुर्सी का ही खेल चलता रहा... आपने लाल डायरी के बारे में सुना होगा, लोग कहते हैं लाल डायरी में कांग्रेस के



भ्रष्टाचार की काली करतूत है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय बेरोजगारी भत्ते का वादा करने वाली कांग्रेस ने यहां के युवाओं को पेपर लीक माफिया के हवाले कर दिया। ऐसे हर पेपर लीक माफिया के खिलाफ भाजपा सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा आएगी, राजस्थान में रोजगार लाएगी। भाजपा आएगी, राजस्थान में पेपर लीक माफिया को मिटाएगी। राजस्थान चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जोधपुर दौरे पर है। जोधपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज जोधपुर और मारवाड़ के लोगों को कई उपहार एक साथ मिले हैं। एक उपहार की तैयारी तो मैं पहले ही दिल्ली से करके आया हूं। कल ही भाजपा सरकार ने तय किया है कि अब उज्ज्वला की लाभार्थी बहनों को केंद्र सरकार की तरफ से गैस सिलेंडर सिर्फ 600 रुपये में मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि इससे आप सभी बहनें त्योहारों को ज्यादा उमंग से मना पाएंगी। भाजपा सरकार के इस फैसले का लाभ राजस्थान के 70 लाख परिवारों को होगा। ये फैसला रसोई को धुएं से मुक्त करने के हमारे अभियान को भी मजबूती देगा।

मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार के लिए आपका स्वास्थ्य प्राथमिकता है। एक तरफ हम आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त इलाज की सुविधाएं दी रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ रिकॉर्ड संख्या में आधुनिक अस्पताल भी बना रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का संकल्प राजस्थान को पर्यटन में नंबर 1 राज्य बनाने का है। ये काम मोदी नहीं बल्कि आपके एक वोट कर सकता है। आपके वोट की ताकत से भाजपा सरकार बनेगी और राजस्थान पर्यटन में नंबर 1 बनेगा।



रायपुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पद्मश्री स्वर्गीय डॉ महादेव प्रसाद पांडेय तथा समाज सेवी स्वर्गीय नारायण प्रसाद अवस्थी के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के अवसर पर पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विभूतियों को किया नमन।

## घोटालों के नए कीर्तिमान रच रही छग सरकारः वैभव

**रायपुर 5 अक्टूबर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह, छत्तीसगढ़ प्रभारी आलोक डंगस, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शशांक राज गुरुवार को रायपुर पहुंचे. विधानसभा चुनाव को लेकर आज भाजयुमो की बड़ी बैठक होनी है. जिसमें डोर टू डोर कैंपेन को लेकर रणनीति बनेगी. साथ ही केंद्र की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की भी जिम्मेदारी दी जाएगी. राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह ने बताया कि युवा मोर्चा की 10 लोगों की नेशनल टीम छत्तीसगढ़ में काम करेगी. उन्होंने कहा कि यहां के घोटालों की चर्चा पूरे देश में हो रही है. युवा बेरोजगार हो रहे हैं, कांग्रेस सरकार रोज नए कीर्तिमान बना रही है लूट और घोटाले की, आने वाला समय भाजपा का है. वैभव सिंह ने कहा कि यहां पर भाजपा के पक्ष में माहौल बन चुका है.12 या 13 को तेजस्वी सूर्या आएंगे. वो यहां वर्कशॉप करेंगे, छात्र संगठन का एक बड़ा सम्मेलन भी करेंगे।

## जोगी कांग्रेस के दो प्रत्याशियों ने थामा कांग्रेस का हाथ



■ **रायपुर 5 अक्टूबर**

छत्तीसगढ़ में कुछ ही दिनों के अंदर विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। सभी पार्टियां चुनाव की तैयारियों में जोरो-शोरो से जुट गई है। ऐसे में पार्टियों के दल-बदल का दौर भी लगातार जारी है। इसी बीच बड़ी खबर सामने आई है कि जेसीसीजे के 3 प्रत्याशियों ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। बता दें कि आचार सहिंता लगने की तिथि भी तय नहीं हुई है। वहीं, कांग्रेस ने अभी तक उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं की है। इसी बीच जेसीसीजे के 3 प्रत्याशियों ने कांग्रेस प्रवेश कर लिया है। दीपक बैज और सिंहदेव ने इन्हें कांग्रेस में प्रवेश दिलाया है। बता दें कि चंद्रपुर की गीतांजलि पटेल, खुज्जी से जनरैल सिंह भाटिया और मानपुर से संजीव ठाकुर ने कांग्रेस का दामन थामा है।

## विपक्षी नेताओं को बनाया जा रहा निशानाः प्रियंका

■ **भोपाल 5 अक्टूबर।**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मध्य प्रदेश के धार में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। मध्य प्रदेश चुनाव को लेकर राज्य में कांग्रेस अपनी ताकत लगा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह कई महापुरुषों की भूमि है। हम उन्हें महापुरुष कहते हैं क्योंकि उन्होंने जीवन भर जनता के हितों के लिए संघर्ष किया और कभी उनका भरोसा नहीं तोड़ा। उन्होंने कहा कि यहां व्यापमं घोटाला हुआ। क्या कोई जांच कराई गई? अगर आप उनके (बीजेपी) खिलाफ लिखते हैं तो ईडी तुरंत पहुंच जाती है। आपको पूछना होगा कि ईडी अभी तक यहां क्यों नहीं आई? जब माँ नर्मदा के साथ और सप्तऋषियों की मूर्तियों के संबंध में (महाकाल गलियारे में) भ्रष्टाचार हो सकता है...क्या भगवान के साथ भी कोई भ्रष्टाचार करता है? क्या अब उन्हें (बीजेपी को) बदलने का समय नहीं आ गया है?



प्रियंका गांधी ने कहा कि आज आदिवासी समाज की गौरव और गोंडवाना साम्राज्य की महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी की जयंती है। उन्हें मेरा शत-शत नमन। आदिवासी नायक भीमा नायक जी, शंकर शाह जी, रघुनाथ शाह जी और बादल भोई जी की विरासत को नमन। यह महाराजा भोज की धरती है। शहीद महाराजा बख्तावर सिंह जी की धरती है, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपना बलिदान दिया। यहीं पर आदिवासी समाज व राष्ट्र के नायक टंट्या मामा ने आजादी के लिए प्राणों का बलिदान दिया। यह संविधान निर्माता बाबासाहेब आंबेडकर जी की भी धरती है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी का यहां से पुराना रिश्ता रहा है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि मैं सुबह उठकर देखी कि मोदी जी क्या भाषण दे रहे हैं। हम जो कहते है, वो भी वहीं कहते हैं। नरेंद्र मोदी कहते हैं कि हमने रोजगार दिलाए हैं। हम कहते हैं कि हमने दिलाएं। ऐसे में जनता को कैसे पता चलेगा कि सच कौन बोल रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 18 सालों में 17 हजार नवयुवकों ने खुदकुशी की है। मेरी बातों में भी मत पड़िए। सच्चाई और अपने अनुभव में पड़िए। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश पर गर्व है क्योंकि हमारा देश ऐसा था जिसका लोकतंत्र पड़ोसी देशों में सबसे मजबूत माना जाता था। संविधान लिखने वाले लोगों ने इस देश के लिए अपनी जान दे दी। हमें अपने देश पर गर्व है जिसका संविधान है लिखा कि सभी को समान अधिकार मिलना चाहिए। कांग्रेस सरकार ने पंचायतों को अधिकार देकर इस अधिकार को मजबूत बनाया।

## कांग्रेस ने पांच सालों में किया छग को बेहालः अनुराग

**रायपुर 5 अक्टूबर।** पांच सालों में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को बेहाल कर दिया. शराबबंदी बोलकर घर-घर शराब बांट रहे हैं. गंगा जल की कसम खाकर भूपेश बघेल शराब घोटाले करते हैं. यह बात केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भू-पे एप के लॉचिंग समारोह में कही.

केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि मध्यप्रदेश से अलग कर छत्तीसगढ़ को राज्य का रूप देने का काम अटल बिहारी बाजपेयी ने किया था. मध्यप्रदेश भाजपा की सरकार बनने के पहले बीमारू राज्य था. उस वक्त छत्तीसगढ़ में कितनी चुनौतियां थीं. छत्तीसगढ़ में जब बीजेपी की सरकार बनी तो नए आयाम बने. लेकिन पांच सालों में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को बेहाल कर दिया. छत्तीसगढ़ में 40 हजार बच्चों की मौत हो गई, हज़ारों कर्मियों को सड़कों पर आना पड़ा. मंडी टैक्स दुगुना किया, जो वादे किए, पूरा नहीं किया.

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि माफियाओं के राज में छत्तीसगढ़ अब माफी चाहता है. चुनाव के समय प्रदेश के युवा व महिलाएं ब्याज समेत वसूली करेंगे. उन्होंने भाजपा के एप को सोशल मीडिया पर शेयर करने की बात कहते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के मुखिया हैं भू-पे. उस समय दिल्ली में मैंने मनीष को कहा था, अब कह रहा हूं भूपेश. दिल्ली में मनीष, छत्तीसगढ़ में भूपेश. मल्लिकार्जुन खरगे के केंद्र सरकार सहयोग नहीं करने के आरोप को अनुराग सिंह ठाकुर ने चुनौती देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल ने ग़रीबों का हक खाया है. खरगे को खुली चुनौती देता हूँ, अगर दम है तो किसी मंच पर सामने आ जाएं।



कोंडागांव। स्कूली बच्चों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जान खतरे में डालकर नदी पार कर रहे हैं,लगातार बारिश होने से परोदा नदी उफान पर है। यह दृश्य जनपद परसगांव के ग्राम पंचायत परोदा का है।

## बहुत बुद्धिमान व्यक्ति हैं...पुतिन ने की पीएम मोदी की तारीफ

■ **मास्को 5 अक्टूबर**

रूस स्थित मीडिया आरटी की रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उन्हें बहुत बुद्धिमान व्यक्ति बताया है। पुतिन ने कहा कि उनके नेतृत्व में भारत विकास में काफी प्रगति कर रहा है। व्लादिमीर पुतिन ने वित्तीय सुरक्षा और साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई के क्षेत्र में रूस और भारत के बीच आगे सहयोग की भी उम्मीद जताई। आरटी न्यूज प्लेटफॉर्म द्वारा साझा किए गए एक वीडियो के अनुसार, व्लादिमीर पुतिन ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि हम प्रधानमंत्री मोदी के साथ बहुत अच्छे राजनीतिक संबंध साझा करते हैं, वह बहुत बुद्धिमान व्यक्ति हैं। और उनके नेतृत्व में भारत विकास में बहुत अच्छी प्रगति कर रहा है। यह इस एजेंडे पर काम करने के भारत और रूस दोनों के हित को पूरी तरह से पूरा करता है।



उनकी टिप्पणी भारत में जी20 शिखर सम्मेलन में नई दिल्ली घोषणा को अपनाने के तुरंत बाद आई है। गौरतलब है कि घोषणापत्र में यूक्रेन में चल रहे संघर्ष में शांति स्थापित करने का आह्वान किया गया था, लेकिन इसका दोष रूस पर नहीं डाला गया था, जो पिछले बाली घोषणापत्र से एक तीव्र विचलन दर्शाता है। नई दिल्ली घोषणा का मॉस्को ने स्वागत किया, जिसने इसे एक मील का पत्थर करार दिया और वैश्विक दक्षिण से जी20 देशों को एकजुट करने में भारतीय राष्ट्रपति पद की सक्रिय भूमिका की भी प्रशंसा की।

पिछले महीने भी राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा था कि वह मेक इन इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा देने में सही काम कर रहे हैं। 8वें ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम (ईईएफ) में एक संबोधन में राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि आप जानते हैं, हमारे पास तब घरेलू स्तर पर निर्मित कारें नहीं थीं, लेकिन अब हमारे पास हैं। यह सच है कि वे मर्सिडीज या ऑडी कारों की तुलना में अधिक मामूली दिखती हैं, जो हमने 1990 के दशक में बड़ी मात्रा में खरीदारी की, लेकिन यह कोई मुद्दा नहीं है।

### जारी है 2023 के एशियाई खेलों में भारत का अतुलनीय प्रदर्शन

# नीरज साबित होंगे भारत के सर्वकालीन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

15 अगस्त 1947 को ब्रिटिश शासन से मुक्ति के बाद हमारे देश में विज्ञान, कला, वाणिज्य, कृषि, सिंचाई, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा, संचार आदि क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धि रही है। एक क्षेत्र खेलकूद जिसमें 20वीं सदी में सफलता अपेक्षाकृत कम थी अब 21वीं सदी के पहले 23 वर्षों तक उसमें लगातार धमाकेदार प्रदर्शन आ रहे हैं। नये खिलाड़ी उभरकर आ रहे हैं और स्पर्धा चाहे एकल हो या सामूहिक सभी कुछ न कुछ शानदार खेल हमारे प्रतिभागी दिखा रहे हैं। कुछ ऐसा ही कमाल भारत के ट्रैक व फील्ड के एथलीट 25 वर्षीय नीरज चोपड़ा ने किया है। सिर्फ 19 वर्ष की आयु से भालाफेंक में हाथ आजमाने वाले पानीपत हरियाणा के नीरज चोपड़ा 2016 से अब तक सिर्फ सात वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सभी प्रमुख चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतकर एक ऐतिहासिक कीर्तिमान बना दिया है। एथलेटिक्स की बात करें तो विश्व में चार प्रमुख बहुखेल प्रतियोगिता वरिष्ठ भारतीय खिलाड़ियों के लिए होती है। उनमें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल, विश्व एथलेटिक्स टूर्नामेंट, एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल सबसे प्रमुख है। इन चारों चैंपियनशिप में भाग लेते हुए उसमें अपने अपने इवेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीट की श्रेणी में अब भारत में सिर्फ नीरज चोपड़ा ही है। नीरज ने 2020 के ओलंपिक, 2022 के विश्व एथलेक्टिस, 2018 तथा 2023 के एशियाई खेलों, 2018 के राष्ट्रमंडल खेलों में भालाफेंक इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। हमारे देश में ट्रैक एंड फील्ड के प्रमुख खिलाड़ियों में अंजू बाबी जार्ज, पीटी उषा, श्रीराम सिंह, शिवनाथ सिंह, शाइनी अब्राहम, मिल्खा सिंह आदि कुछ ही शामिल हैं। इनमें से किसी खिलाड़ी ने एक साथ ओलंपिक, एशियाई, राष्ट्रमंडल खेलों तथा विश्व एथलेक्टिस चैंपियनशिप में पदक नहीं जीता है। जबकि ऐसा कमाल नीरज चोपड़ा ने करके दिखाया है अतः स्पष्ट है कि नीरज चोपड़ा भारत के महान औरवे किसी भी खेल में चाहे एकल हो या सामूहिक उसमें हमारे देश के सर्वकालीन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बन गये हैं। अगर हम अन्य एकल गैर ओलंपिक खेलों की बात करें तो शतरंज के खिलाड़ी विश्वनाथ आनंद, ओलंपिक खेलों में टेनिस में लिएंडर पेस, बैडमिंटन में पीवी सिंधु, मुक्केबाजी में एमसी मेरीकाम, भारोत्तोलन में मीनाबाई चानू, कुश्ती में सुशील कुमार, निशानेबाजी में अभिनव बिंद्रा, स्वतंत्रता के पूर्व सामूहिक खेल हॉकी में मेजर ध्यानचंद, स्वतंत्रता पश्चात छत्तीसगढ़ के लेस्ली क्लाडियस, पंजाब के उधम सिंह, तीरंदाजी में अतानुदास, तरुण दीपराय, जयंत तालुकदार, दीपिका कुमारी डोला बनर्जी, बी.देवी लैशराम आदि को हम भारत के महान खिलाड़ियों की श्रेणी में रख सकते हैं। नीरज की सफलता भारतीय युवा पीढ़ी को हमेशा खेलों के लिए प्रोत्साहन देती रहेगी। नीरज के व्यक्तिगत प्रयास के साथ ही केंद्र सरकार के खेल विभाग द्वारा तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारत को विश्व खेल गुरु बनाने की दिशा में उठाये गये कदम के अनुसार प्रशिक्षण हेतु देश/विदेश में पूरी सुविधा प्रदान की गई। नीरज चोपड़ा शासकीय मदद के द्वारा भारत का विश्व में नाम रौशन करने में किसी तरह की कोई कमी नहीं की है। नीरज का उदाहरण भारत के उभरते हुए खेल प्रतिभागियों के लिए आदर्श है।

## भारत की झोली में 20वां स्वर्ण पदक

**हांगझू 5 अक्टूबर।** दीपिका पल्लीकल और हरिंदरपाल सिंह संधू की भारतीय स्क्वैश जोड़ी ने गुरुवार को हांगझू में चल रहे एशियाई खेलों में मिश्रित युगल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने मलेशिया के अजमान बिनती और सियाफिक बिन मोहम्मद के खिलाफ 11-10,11-10 से रोमांचक जीत दर्ज की। आधे घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में कमल ने सीधे गेम में बाजी मारी। दूसरे गेम में एक समय दीपिका और हरिंदर छह अंकों की बढ़त के साथ आगे बढ़ रहे थे, लेकिन मलेशियाई जोड़ी ने लगातार कई अंक लेकर स्कोर 10-9 से अपने पक्ष में कर लिया। लेकिन भारतीयों ने दो अंक जुटाकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।



एशियाड के इस संस्करण में यह भारत का 20वां स्वर्ण है और देश कुल 83 पदकों के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर है। बाद में दिन में सौरव घोषाल पुरुष एकल फाइनल में मलेशिया के इयान यो एनजी से भिड़ेंगे। इससे पहले भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए गुरुवार को यहां रोमाचंक फाइनल में चीनी ताइपे को एक अंक से हराकर एशियाई खेलों की तीरंदाजी प्रतियोगिता में दूसरा स्वर्ण पदक सुनिश्चित किया। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की शीर्ष वरीय गत विश्व चैंपियन टीम ने फाइनल में अंतिम चरण में 60 में से 60 अंक के परफेक्ट स्कोर के साथ चीनी ताइपे की तीसरी वरीय जोड़ी को 230-229 से हराया।

# घोटालों की श्रृंखला से छत्तीसगढ़ की छवि देश में खराब हुई: मोतीराम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,5 अक्टूबर।** एक के बाद एक घोटालों की श्रृंखला रचकर खुद को छत्तीसगढ़ का हितैषी बताने वाली कांग्रेस और भूपेश बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ की छवि को पूरे देश में बिगाड़ा है। उक्त बातों के साथ बयान जारी करते हुए पूर्व संसदीय सचिव मोतीराम चंद्रवंशी ने कहा कि गरीब और बेरोजगारों तक के हक में डाका डालने वाली पैंतरेबाज छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के मुखिया ने पीएससी घोटाले के पीड़ितों और प्रदेश की जनता का ध्यान भटकाने के लिए एक बार फिर शिकायतों पर जांच कराने तथा पीएससी परीक्षा से जुड़े दस्तावेजों को दो साल तक नष्ट नहीं करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट में जब पीएससी घोटालों की परतें खुल चुकी हैं और प्रदेश की सरकार को वहां भी जांच कराने का दावा कर अपना दामन बचाने का प्रयास करना पड़ा तब फिर और कैसी शिकायतों का भूपेश सरकार को इंतजार है? अब रही बात पीएससी से जुड़े दस्तावेजों को दो साल तक नष्ट नहीं करने की घोषणा की तो भूपेश बघेल पहले ये बताएं कि परीक्षा का रिजल्ट आने के तुरंत बाद दस्तावेजों को नष्ट करने टेंडर बुलाने की जरूरत क्यों पड़ी मोतीराम चंद्रवंशी ने बताया कि 11 मई 2023 को सीजी पीएससी 2021 का रिजल्ट जारी हुआ। इसके एक हफ्ते बाद ही इस परीक्षा पर उंगली उठनी शुरू हो गई थी। इस परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के साथ-साथ विपक्ष ने भी सवाल उठाया था। इसी बीच लोक सेवा आयोग द्वारा इसके दस्तावेजों को नष्ट करने के लिए टेंडर बुला लिया था। छग लोक सेवा आयोग को ऐसी क्या जल्दबाजी थी कि रिजल्ट जारी हुए 15 दिन भी नहीं हुए थे कि दस्तावेजों को नष्ट करने की जरूरत महसूस हो गई। अब जब मामला हाईकोर्ट में है और गड़बड़ी पर जांच के निर्देश दिए हैं तो इस मामले की निष्पक्षता के साथ जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की बजाय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भविष्य की थोथी योजना बताकर छत्तीसगढ़ की प्रतिभा को एक बार फिर दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ठगबाजों की पार्टी और प्रदेश के सबसे बड़े ठगराज भूपेश बघेल की नीयत के खोट को अब समझ गई है। जनता जान गई है कि इनके कथनी और करनी में कितना अंतर है। इन्होंने पांच सालों में छत्तीसगढियों का हितैशी होने का केवल स्वांग रचा है और गले मिलकर पीठ पर छूरा भोंगने का काम किया है। इस सरकार ने प्रदेश में जो भी काम किए, सब केवल भ्रष्टाचार के लिए किए। यदि इनकी नीयत साफ होती तो 2019 से लेकर अब तक पीएससी से समस्त दस्तावेजों को संभालकर रखते और उसमें केवल उत्तर पुस्तिका ही नहीं, दावा आपत्ति, लोगों के फार्म, इंटरव्यू बोर्ड के फैसले, कौन-कौन उनमें शामिल थे, सभी दस्तावेज सुरक्षित रखते।

## भूपेश बघेल गड़बडियों की जांच कराने की बजाय भविष्य की योजना बता रहे:ललित चंद्राकर

**उतई,5 अक्टूबर।** एक के बाद एक घोटालों की श्रृंखला रचकर खुद को छत्तीसगढ़ का हितैशी बताने वाली कांग्रेस और भूपेश बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ की छवि को पूरे देश में बिगाड़ा है। जारी बयान में उक्त बातें कहते हुएललित चंद्राकर ने कहा कि गरीब और बेरोजगारों तक के हक में डाका डालने वाली पैंतरेबाज छत्तीसगढ़ की बेशरम कांग्रेस सरकार के मुखिया ने पीएससी घोटाले के पीड़ितों और प्रदेश की जनता का ध्यान भटकाने के लिए एक बार फिर शिकायतों पर जांच कराने तथा पीएससी परीक्षा से जुड़े दस्तावेजों को दो साल तक नष्ट नहीं करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट में जब पीएससी घोटालों की परतें खुल चुकी हैं और प्रदेश की सरकार को वहां भी जांच कराने का दावा कर अपना दामन बचाने का प्रयास करना पड़ा तब फिर और कैसी शिकायतों का भूपेश सरकार को इंतजार है? अब रही बात पीएससी से जुड़े दस्तावेजों को दो साल तक नष्ट नहीं करने की घोषणा की तो भूपेश बघेल पहले ये बताएं कि परीक्षा का रिजल्ट आने के तुरंत बाद दस्तावेजों को नष्ट करने टेंडर बुलाने की जरूरत क्यों पड़ी?भाजपा जिला महामंत्री ललित चंद्राकर ने बताया कि 11 मई 2023 को सीजी पीएससी 2021 का रिजल्ट जारी हुआ। इसके एक हफ्ते बाद ही इस परीक्षा पर उंगली उठनी शुरू हो गई थी। इस परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के साथ-साथ विपक्ष ने भी सवाल उठाया था। इसी बीच लोक सेवा आयोग द्वारा इसके दस्तावेजों को नष्ट करने के लिए टेंडर बुला लिया था। छग लोक सेवा आयोग को ऐसी क्या जल्दबाजी थी कि रिजल्ट जारी हुए 15 दिन भी नहीं हुए थे कि दस्तावेजों को नष्ट करने की जरूरत महसूस हो गई। अब जब मामला हाईकोर्ट में है और गड़बड़ी पर जांच के निर्देश दिए हैं तो इस मामले की निष्पक्षता के साथ जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की बजाय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भविष्य की थोथी योजना बताकर छत्तीसगढ़ की प्रतिभा को एक बार फिर दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।

## एक नजर



### राष्ट्रीय जलवायु समागम के लिए 4 का चयन

**जामुल, 5 अक्टूबर।** शासकीय उच्तर माध्यमिक शाला सुरडुंग के प्रतिभागी छात्र-छात्रा का चयन राष्ट्रीय छात्र जलवायु समागम 2023×24 स्थान तिरुवनंतपुरम केरल हेतु छत्तीसगढ़ स्तर पर हुआ है राष्ट्रीय स्तर पर अयोजन 16 से 18 अक्टूबर 2023 पर केरल में आयोजित है जिसके लिए शाला के छात्र छात्राए कु जिज्ञासा (11वी), कु तनिषा वर्मा (12वी), अजय वर्मा (12वी), कु केनुका वर्मा (11वी) एवम् प्रभारी शिक्षक श्रीमती कीर्ति श्रीवास्तव (प्राचार्य), श्री रमेश कुमार साहू (व्याख्याता) को श्री ईश्वर सिंह ठाकुर, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद् जामुल, पार्षद श्री चुम्मन वर्मा, श्रीमती अहिल्या वर्मा, श्रीमती शांति टंडन के द्वारा शुभकामाए एवम बधाई दिया गया।

### युवक ने दो भाइयों पर हमला किया

**भिलाई, 5 अक्टूबर।** भिलाई बीती रात सेक्टर-6 में एक युवक दो भाईयों पर कटर से हमला कर भाग गया दोनों को चोटें आई है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 307 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है पुलिस ने बताया कि बी. आमोश (25 वर्ष) सड़क 58 क्वार्टर नं. 06 बी तेलगु पारा सेक्टर 6 निवासी टेंट हाउस मे काम करता है। उसने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 अक्टूबर की रात 8.30 बजे अपने दोस्त के साथ ई मार्केट के सामने खड़े होकर बातचीत कर रहा था उसी समय तेलगु पारा का रहने वाला ए. शंकर राव उसके पास आकर तुम लोग मेरे बारे में क्या बात कर रहे हो कहते हुए विवाद करते हुए अपने पास रखे कटर से हाथ में हमला कर दिया उसी समय प्रार्थी ममेरा भाई जी. राजकुमार हम लोग के पास आकर ए. शंकर राव से पूछा कि उसे क्यों मारे हो इसी बात पर ए. शंकर राव ने हत्या करने के नीयत से अपने पास में रखे धारदार कटर ममेरे भाई जी. राजकुमार के गले के पास मार दिया, जिससे प्रार्थी और उसके ममेरे भाई के गले के पास, पसली, पेट तथा प्रार्थी दाहिने हाथ की कलाई के पास चोट आई है दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**भिलाई, 5 अक्टूबर** भिलाई-3 थाना अंतर्गत गत रात अज्ञात शातिर चोर ने सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात सहित अन्य सामान चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380,457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है भिलाई-3 पुलिस ने बताया कि उत्तर वसुंधरा नगर भिलाई 03 निवासी रीतेश मयूरा इंफ्राट्रेक्कर प्रायवेट लिमि. हथखोज में एचआर के पद पर कार्यरत है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 1 अक्टूबर को पत्नी और बच्चों के साथ बलौदाबाजार गया हुआ था अगले दिन रात 11 बजे अपने परिवार के साथ अपने घर वापस आया और मेन दरवाजा का ताला खोलकर अंदर गया तो देखा बेडरूम का सारा सामान बिखरा हुआ था फिर प्रार्थी घर के पीछे जाकर देखा तो पीछे चैनल गेट का ताला तथा लकड़ी के दरवाजा का कुंडी टूटा था आलमारी का ताला तोड़कर आलमारी में रखे 1 नग सोने की अंगूठी, 1 नग सोने का गले का चेन, दो जोड़ी चांदी का पायल, 4 नग चांदी का सिक्का, सोने चांदी के जेवरात तथा नगदी रकम नहीं था, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड बाहर फेंकाया हुआ था घर के अंदर कटर, गैंती, लोहे का राड पड़ा हुआ था कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था ।

### एजुकेशन हब भिलाई में विधायक ने दी डिजिटल लाइब्रेरी की सौगात

भिलाई, 5 अक्टूबर। दुर्ग जिले का पहला डिजिटल लाइब्रेरी खुर्सीपार श्रीराम चौक के पास बन कर तैयार हो गया है। जिसे आज भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने भिलाई के छात्र-छात्राओं को सौंप दिया है। पूरे विधि विधान के साथ लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां छात्र-छात्राओं के साथ विधायक ने फीता काटकर लाइब्रेरी का लोकार्पण किया। इस दौरान क्षेत्र के विद्यार्थियों में बड़ी उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।

# गांवों के विकास में मील का पत्थर साबित हो रही कवर्धा कृषि उपज मंडी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 5 अक्टूबर।** जिले के विकास में अपनी अहम भूमिका निभा रही मण्डी बोर्ड द्वारा कवर्धा कृषि उपज मण्डी के अध्यक्ष नीलकंठ साहू तथा उपाध्यक्ष चोवा साहू के प्रयासों से जिले के करीब आधा दर्जन ग्रामों में साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा मंदिर परिसर में कांक्रीटीकरण के लिए 50 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिससे संबंधित ग्रामों के साहू समाज में हर्ष व्याप्त है। इस संबंध में कृषि उपज मण्डी के उपाध्यक्ष चोवा साहू ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बीते दिनो जिला मुख्यालय कवर्धा में जिला साहू समाज द्वारा आयोजित दानवीर भामाशाह सम्मान समारोह के मंच से उन्होने जिले के करीब आधा दर्जन ग्रामो के मां कर्मा मंदिर परिसर में कांक्रीटीकरण कार्य के लिए राशि देने की घोषणा की थी। इसी घोषणा को पूरा



करते हुए कृषि उपज मण्डी के अध्यक्ष नीलकंठ साहू के सहयोग से ग्राम नरौधी, ग्राम खोलवा, ग्राम कटोरी, ग्राम भागुटोला,मजगांव कवर्धा,ग्राम खैरा के मां कर्मा मंदिर परिसर में कांक्रीटीकरण कार्य के लिए 6.73-6.73 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार ग्राम कोयलारी के सतसंग भवन के लिए भी 6.73 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। मंदिर परिसर में कांक्रीटीकरण कार्य के लिए राशि स्वीकृत होने से साहू समाज के लोगों में हर्ष व्याप्त है और उन्होने कृषि उपज मण्डी के अध्यक्ष नीलंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवा साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कांग्रेस के शासनकाल में मंत्री एवं कवर्धा विधायक मो. अकबर के प्रयासों से जब से कृषि उपज मण्डी में पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया है, जिले के विकास में कृषि उपज मण्डी मील का पत्थर साबित हो रही है और मण्डी पदाधिकारियों के सहयोग से लगातार विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति दी जा रही है। एक अनुमान के मुताबिक अभी तक कृषि उपज मण्डी द्वारा जिले के ग्रामों में करोड़ों रूपए के निर्माण कार्य स्वीकृत किए जा चुके है।

# छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा की जानकारी दी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,5 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे महिला एवं बेटियों की सुरक्षा के लिए हमर बेटी हमर मान के तहत श्री मान पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ अभिषेक पल्लव के आदेश अनुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के निर्देशन में एवं उप पुलिस अधीक्षक सुश्री अमृता पैकरा की उपस्थिति में महिला सेल प्रभारी श्रीमती विजया केवर्त एवं महिला आरक्षक श्रीमती उषा राय के द्वारा आज दिनांक 4 /10/ 23 को थाना पांडा तराई क्षेत्र के सनराइज स्कूल में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को महिला सुरक्षा संबंधी एवं महिलाओं के अधिकारों के बारे में जानकारी दिया गया स्कूल के बच्चों को गुड टच बेड टच साइबर अपराध के बारे में बताया गया एवं अभिव्यक्ति अप के बारे में जानकारी दिया गया ।



### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 1 घंटा की वार्डो एवं विभिन्न स्थलों की सफाई

**देवकर।** नगर पंचायत देवकर में भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ के निर्देश अनुसार स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 01 अक्टूबर को 1घंटा श्रमदान हेतु स्कूल, आम नागरिक, गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों , स्व सहायता समूह को श्रमदान करने हेतु आमंत्रित किया गया था जिसके तहत निकाय क्षेत्र के आम नागरिक, गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधो के सहयोग से आज दिनांक 01 अक्टूबर को समय 10 बजे से 11 बजे तक श्रमदान किया गया जिसमें सभी वार्ड की सफाई की गई बाजार चौक, तहसील कार्यालय के पास, डीहपारा चौक, मुस्लिम चौक, राममंदिर चौक,बस स्टैंड कृष्ण कुंज,इत्यादि स्थलों का सफाई में श्रमदान विभिन्न आम नागरिक, अध्यक्ष प्रतिनिधि बिहारी साहू,रोशन अग्रवाल एल्डरमैन, भुनेश्वर पार्षद , समालिया साहू पार्षद,राधेश्याम ढीमर,पूर्व उपाध्यक्ष,शासकीय बालक स्कूल से प्राचार्य एवम शिक्षकगण ,गणमान्य नागरिको,बलदाऊ मिश्रा,लोचन सिंह ठाकुर,रामायण सिन्हा , निकाय से उपभियंता, बिसनाथ ठाकुर , उमेंद धुर्वे,कंप्यूटर ऑपरेटर,सफाई प्रभारी गिरधारी सिन्हा,मनोज चौबे,मनोहर यादव,आजम बेग,सुमेर,ड्डश्वद्ब अजय साहू, कर्मचारियों, सहित स्वच्छता दीदियों, स्व सहायता समूह, सहित अनेक गणमान्य नागरिको के सहयोग से श्रमदान कार्यक्रम को सफल बनाया ।

# बीरा सिंह पुण्यतिथि पर दिव्यांगों को भेंट की व्हीलचेयर




भिलाई, 5 अक्टूबर। हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के संस्थापक समाजसेवी स्व. सरदार बीरा सिंह की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर एसबीएस हॉस्पिटल जीई रोड के सामने श्रद्धांजलि प्रार्थना सभा का आयोजन किया जहाँ उनके सुपुत्र एवं हैवी ट्रांसपोर्ट के युवा संचालक इन्द्रजीत सिंह छोटू ने अपनी दादी व माताश्री के कर कमलों से इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल व वीलचेयर निःशुल्क भेंट की शुरुआत की। इस अवसर पर निःशुल्क रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जहाँ बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान कर वीरा सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इन्द्रजीत सिंह छोटू ने इस अवसर पर कहा कि वे अपने पिताश्री वीरा सिंह की जीवनी से प्रेरणा लेते हुए, उनके दिखाए गए जीवन के सेवा मार्ग पर चल रहे हैं। एसबीएस हॉस्पिटल के माध्यम से भी गरीब एवं बेसहारा लोगों की सेवा की जा रही है। अनेक गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को स्वास्थ्य लाभ दिया गया। इस अवसर पर एसबीएस हॉस्पिटल एवं हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के संयुक्त तत्वाधान में प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमे शहर के विभिन्न वर्ग के सम्मानित गणमान्य नागरिक, आमजन, समाजसेवी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। तत्पश्चात युवाओं द्वारा बड़ी संख्या में रक्तदान करके रक्तदान के प्रति सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। इसी क्रम में 10 दिव्यांगों की ज़िंदगी को सरल बनाने के उद्देश्य से उन्हें हमारी दादी व माताश्री के कर कमलों से इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल व वीलचेयर निःशुल्क भेंट की शुरुआत की गयी। साथ ही छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के पदाधिकारी एवं कोहका गुरुद्वारा, सुपेला गुरुद्वारा, हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारा, नेहरू नगर गुरुद्वारा, कैंप-1 गुरुद्वारा, कैंप-2 गुरुद्वारा के सभी प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी व यादव समाज के वरिष्ठ नागरिकों, छत्तीसगढ़ सीमेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अचलजीत भाटिया, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह और कार्यकारिणी अध्यक्ष संदीप सिंह के हाथों ट्राइसाइकिल व व्हीलचेयर वितरित किया गया।

### नेहरू आर्ट गैलरी में छायाचित्रों की युगल प्रदर्शनी का आयोजन

भिलाई, 5 अक्टूबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा 69वे राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह 2023 के अवसर पर छायाकार एस डी बर्मन और राजू वर्मा द्वारा खीची गई वन्यजीवन आधारित छायाचित्रों की युगल प्रदर्शनी का आयोजन, नेहरू आर्ट गैलरी, सिविक सेंटर में 5 से 7 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 05 अक्टूबर को संध्याकाल 6 बजे मुख्य अतिथि, भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यकारी कार्यपालक निदेशक श्रीमती निशा सोनी द्वारा किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में वन्यजीव संरक्षण पर सकारात्मक प्रभाव डालने हेतु प्रदर्शित की जाने वाली तस्वीरों में, मुख्यतः छत्तीसगढ़ और भारत के अन्य राज्यों के वन्य जंतुओं और पक्षियों की एक विस्तृत श्रृंखला को दर्शाया जाएगा। एस डी बर्मन, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारी हैं और वर्तमान में प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस में मास्टर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत हैं। वह शौक से एक प्रकृति, वन्यजीवन और खेल फोटोग्राफर हैं। राजू वर्मा (खेमराज) पाटन क्षेत्र के ग्राम मर्रा के निवासी हैं, और वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने वन्य जन्तुओं और पक्षियों पर डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट-फिल्म भी बनाई है। वन्य जीवन फोटोग्राफी में जंगल और खुली प्रकृति में रहने वाले जीव-जंतुओं के जीवन के विविध पहलुओं को फोटोग्राफ के माध्यम से दर्शाया जाता है।

# अकबर ने नवनिर्मित ट्रैफिक प्लाजा भवन का किया लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 5 अक्टूबर।** राजनांदगाँव रेंज राजनंदगाँव पुलिस महानिरीक्षक राहुल भगत के कुशल निर्देशन एवं कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के मार्गदर्शन में आज दिन बुधवार, दिनांक 04 अक्टूबर 2023 को कवर्धा शहर के एकता चौक में स्थित नवनिर्मित ट्रैफिक प्लाजा भवन का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसके मुख्य अतिथि माननीय मोहम्मद अकबर जी, मंत्री वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण विधि एवं विधायी कार्य विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अपनी गरिमामयी उपस्थिति देकर उक्त नवनिर्मित ट्रैफिक प्लाजा भवन का विधि विधान से पूजा अर्चना कर रिबन काटकर शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात प्रभारी कक्षा में रखें रोजनामचा में शुभकामनाएं संदेश लिखकर उपस्थित समस्त पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों को नवनिर्मित भवन में अपने कार्यो का बेहतर ढंग से निर्वहन करने निर्देशित करते हुए बधाई एंव शुभकामनाएं दिया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरी राम साहू , नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, उप. पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर वासनिक एवं सम्माननीय जनप्रतिनिधि गण व यातायात पुलिस स्टाफ तथा आमजन अधिक संख्या में उपस्थित रहे।



# विधायक ममता ने किया विभिन्न विकास कार्य का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 5 अक्टूबर।** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोहतरा में पंडरिया लोकप्रिय विधायक ममता चंद्राकर के द्वारा विभिन्न कार्यो का भूमि पूजन किया गया सीसी रोड निर्माण पाढ़ी 10 लाखसीसी रोड निर्माण कार्य पेंड्री कला 10 लाख सीसी रोड निर्माण रापा 5 लाख सीसी रोड निर्माण प्राण कापा 10 लाख सीसी रोड निर्माण बमईपुर 3 लाख सीसी रोड निर्माण खैरबना बीसा टोला 3 लाख सीसी रोड निर्माण कार्य लिमाहीपुर 5 लाख सीसी रोड निर्माण खैरझीटी 3 लाखबरेजहा से दामापुर करपी मार्ग577.80लाखमुख्य मार्ग मोहतरा से पुसेरा मार्ग166.60 लाख बाघामुड़ा से नेऊर गांव पहुंच मार्ग150.00लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल कोड़ापुरी 111.11लाख, कांपा दह मुख्य मार्ग से हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंच मार्ग 17.92 लाख, प्राथमिक शाला पुतकी कला से बस्ती तक17.47 लाख, रुसे मुख्य मार्ग से हाई स्कूल तक14.67 लाख, रुसे मुख्य मार्ग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वह धान खरीदी केंद्र



तक 13.89 लाख डोगरिया कला में बस्ती से पूर्व माध्यमिक शाला तक 6.45 लाख, कुकदूर में मुख्य मार्ग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक 3.52 लाख मुख्य मार्ग से आंगनबाड़ी तक भगतपुर 19.09 लाख पसवारा में चंद्रिका चंद्रवंशी घर से पंचायत भवन तक 16 लाख जंगलपुर में मुख्य मार्ग से हाई स्कूल तक 11.07लाख सुकली गोविंद में मुख्य मार्ग से हाई स्कूल भवन तक 18.79 लाख भट्ट रुसे में मुख्य मार्ग से पंचायत भवन तक 5.49 लाख, चारभटा खुर्द मुख्य सड़क से पंचायत भवन तक 5.49 लाख दशरंगपुर मुख्य मार्ग से प्राथमिक शाला भवन तक 14.67 लाख धौराबंद से बंसापुर प्राण खैरा तक पक्की सड़क निर्माणप्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पांडातराई 75 लाख मिनी स्टेडियम कुकदूर 51.24 लाख मिनी स्टेडियम सुकली गोविंद 51.24 लाख मिनी स्टेडियम कोलगांव 51.24 लाख500 मेट्रिक टन गोदाम सुकली गोविंद 27.24 लाख 500 मेट्रिक टन गोदाम कुआं मालगी 27.24 लाख 500 मेट्रिक टन गोदाम धौराबंद 27.24 लाख 500 मेट्रिक टन गोदाम गेंदपुर 27.24 लाखमरका से सौहामालगी पक्की सड़क दमापुर से सुकली गोविंद पहुंच मार्ग 792.69 लाख ले लेमईपुर से करपी गोडान मुरकी बैजलपुर मार्ग 400 लाख महि डबरा में सीसी रोड निर्माण 10 लाख, लोखान में सीसी रोड निर्माण 10 लाख विचारपुर में सीसी रोड निर्माण 10 लाख ग्राम पंचायत लोखान लालपुर मैं सामुदायिक भवन निर्माण 6 लाख ग्राम पंचायत लोखान के ग्राम पतोहा में 6 लाख दुल्लापुर बाजार में सामुदायिक भवन 8 लाख, मोहगांव में सामुदायिक भवन निर्माण 6 लाख, ग्राम पंचायत निगापुर में सीसी रोड निर्माण 5 लाख, ग्राम पंचायत खाम्ही में रंगमंच निर्माण 2 लाख तेलिया पानी लेदरा के ग्राम मारा डबरा में सीसी निर्माण 2.60 लाख कुंडा में सामुदायिक भवन निर्माण 6 लाख अमली मालगी में आहता निर्माण 5 लाख सुकली गोविंद से लोखान तक मुरमी करण सड़क 6 लाख सीसी रोड निर्माण जंगलपुर 3 लाख बाघामुड़ा में सीसी रोड निर्माण रमेश के घर से रामगोपाल के घर तक 3 लाख अमलडीहा के बरेजहा में सीसी रोड निर्माण 3 लाख भुवालपुर के गांव महक में सीसी रोड निर्माण 3 लाख सोमनापुर पुराना से मोतेसरा मुरमी कारण सड़क 1.50 लाख घुटुरकुंडी में मुरमी कारण सड़क 2 लाख मोहगांव में जैतखाम का उन्नयन कार्य 2 लाख भगतपुर में सीसी रोड निर्माण 3 लाख भगतपुर के ग्राम धनेली में सीसी निर्माण 3 लाख ग्राम पंचायत झिंगरडोगरी के बिरैबाह सीसी रोड निर्माण 4 लाख नरौली से साल्हे घोरी तक 6 लाख पुसेरा में पचरी निर्माण2.60 लाख कोदवा गोबरा में आहता निर्माण 5 लाख नेवर गांव के तोरला में सीसी रोड निर्माण 5 लाख कोड़ापुरी में सीसी रोड निर्माण 5 लाख खैरझिटी पुराना के गौरकापा में सी सी रोड निर्माण 5 लाख नरसिंहपुर के लालपुर महामाया मंदिर के पास सीसी रोड 2 लाख सोनपुरी के ग्राम अमरपुरी में सामुदायिक भवन निर्माण 5 लाख बोड़तरा खुर्द में समुदायिक भवन निर्माण 5 लाख बोड़तरा खुर्द में सी सी रोड निर्माण 5 लाख सौहामालगी में सीसी रोड निर्माण 6 लाख, पड़की कला से बेलमुड़ा तक मुरमी करण 2 लाख भरेवापारा के करपी कला में 3 लाख सिंदूर खार के बांगर में सीसी रोड निर्माण 5 लाख कार्यक्रम में कभी संख्या में महिल एवं पुरूष ,ग्रामीणजन शामिल हुए ।

### संयंत्र की सभी खदानों में स्वच्छता ही सेवा है के तहत श्रमदान



भिलाई, 5 अक्टूबर। स्वच्छ भारत अभियान के तहत राष्ट्रीय स्तर पर सभी जगह एक साथ, एक समय पर 1 अक्टूबर को एक घंटे के लिये भारत देश को स्वच्छ, सुन्दर बनाने हेतु卐स्वच्छता ही सेवा卐 के तहत स्वच्छता श्रमदान का कार्य किया गया। ज्ञात हो, 2 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक श्रमदान पखवाडा मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के तहत, भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों सहित संयंत्र की सभी खदानों, जिसमें राजहरा यंत्रीकृत खदान, दल्ली यंत्रीकृत खदान, महामाया-दुल्कीखदान, फ्लक्स खदान, नंदिनी चूना पत्थर खदान, हिर्री डोलोमाईट खदान एवं कुटेश्वर चूना पत्थर खदान में 'स्वच्छता ही सेवा है ।

## एक नजर

### अवैध शराब पर पुलिस चौकी सुरगी की कार्रवाई



**राजनांदगांव 5 अक्टूबर।** श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिषेक मीणा के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान अवैध शराब बिक्री करने वालों के ऊपर कार्यवाही हेतु आज दिनांक 04.10.2023 को चौकी प्रभारी निरीक्षक पुरुषोत्तम ध्रुव के नेतृत्व में चौकी सुरगी पुलिस के द्वारा चौकी सुरगी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भरेगांव में टिकरापारा दुर्गा मंच के पास अवैध शराब बिक्री करने की मुखबीर सूचना पर आरोपी चंद्रहास चंद्राकर पिता नरेंद्र चंद्राकर उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 08 टिकरापारा भरेगांव पुलिस चौकी सुरगी जिला राजनांदगांव को घेराबंदी कर अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब रखकर बिक्री करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया, आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग के थैला में रखे 03 बोतल गोवा स्पेशल व्हिस्की एवं 06 पौवा देशी प्लेन शराब कुल मात्रा 3330 स्रू कीमती ? 1680 जप्त किया गया ! आरोपी के विरुद्ध मात्रा से अधिक शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री करते हुए पाए जाने पर धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है ! उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक हेमंत बोरकर, आर. 19 रूपेंद्र साहू, आर. 1319 अर्जुन सिंह ठाकुर, आर. 1092 चंद्रकांत यादव एवं आर. 1538 दुष्यंत राणा की भूमिका सराहनीय रहा।

### भरोसे की यात्रा खुज्जी विधायक छन्नी चंदू के भरोसेः रोमीभाटिया

**छुरिया 5 अक्टूबर।** खुज्जी विधानसभा मे विगत दिनो छुरिया नगर से कुमरदा तक कांग्रेसियो द्वारा जो मोटरसाइकिल यात्रा निकाला गया वह कांग्रेसी मे टिकीट के दावेदारो का गुटबाजी साफ नजर आया उक्त यात्रा मे स्थानीय विधायक ने पूरी ताकत झोक दिया था उसके बाद भी यात्रा फेल रहा उक्त विचार भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र सिह भाटिया ( रोमी ) उन्होंने आरोप लगाया सत्ता दल के कुछ नेता विधानसभा टिकिट के चाह मे सब एक दूसरे का टाग खिचते रहते है ,जो जगजाहिर है।और उनके द्वारा ये दावा करना हम सब एक है ,हास्यप्रद है।भाटिया ने कहा टिकिट के दावेदार अपने अपने गिनती के समर्थकों को यात्रा मे लाए थे अधिकाशं कार्यकर्ता विधायक के द्वारा अपने गृह ग्राम के आसपास के ग्रामीणो को मोटरसाइकिल मे पेट्रोल का व्यवस्था कर उक्त यात्रा को अपने बूते सफल बनाने पूरी ताकत झोक दिया था मगर कांग्रेसियो के गुटबाजी के चलते यहा यात्रा पूरी तरह असफल रहा उक्त बात भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र सिंह भाटिया ने कहा।



### भैसबोड़ में नवरात्रि पर्व की तैयारी जोरो पर



**अंवरी 5 अक्टूबर।** ग्राम भैसबोड़ में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा । शारदीय नवरात्र का पर्व 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक मनाया जायेगा। नवरात्री पर्व की तैयारी भैसबोड़ में जोरो पर है, पंडाले सजने लगे है जिसमें छत्तीसगढ़ के चारों दिशाओं में विराजित देवियों की प्रतिमाएं विराजित होंगी। रवि कुमार साहू ने बताया कि शिव शक्ति दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा टिकरापारा मे माँ दुर्गा के 21 स्वरूपों के साथ छत्तीसगढ़ में स्थापित अनेक देवीयों की मूर्तियों की स्थापना किया जायेगा जिसे एक भव्य पंडाल सजाकर स्थापित किया जाएगा उन्होंने आगे बताया कि जहां जिस देवी विराजित है वहां का उसी प्रकार स्थान बनाकर इस पंडाल में माता रानी को विराजित किया जाएगा । इसी क्रम में छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया दुर्गोत्सव समिति के तत्वाधान में इस वर्ष भी भैसबोड़ के खंतीपारा में अनोखे एवं भव्य कृत्रिम गुफा बनाकर माता रानी की 151 मूर्तियों की स्थापना किया जायेगा। इस अनोखे गुफा में अनेको प्रकार की झाँकिया भी सजायी जाएंगी जिसमें प्रमुख रूप से माता काली की विकराल रूप का दर्शन, श्री राम जी का दरबार,शंकर भगवान की जटा से गंगा बहना, भगवान श्री कृष्ण के द्वारा पूतना वध और इसी तरह अनेकों प्रकार की झांकियां इस गुफा में बनाया जाएगा जो बहुत ही मनोहारी होगा। छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष लोकेश साहू (पटवारी) ने बताया कि इस वर्ष भी समस्त ग्राम वासियों के सहयोग द्वारा नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाएंगे7 साथ ही सार्वजनिक दुर्गोउत्सव समिति के द्वारा गांव के हृदय स्थल पुराना बाजार चौक एवं शिव शक्ति दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा नया बाजार चौक में भी माता रानी की एक-एक मूर्ति स्थापना किया जायेगा।

# छत्तीसगढ़ में योजनाओं के विकेंद्रीकरण से 3 करोड़ चेहरों पर मुस्कान हैः मुख्यमंत्री

■ **गांव उत्पादन और शहर विपणन का केंद्र हैं अतः गांवों को स्वावलंबी होना चाहिएः मुख्यमंत्री**



**रायपुर, 5 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज शाम एक निजी टीवी न्यूज चैनल के द्वारा आयोजित भरोसा अउ सरकार कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में गांवों की संख्या अधिक है और शहरों की कम है । गांव जहां उत्पादन के केंद्र हैं वहीं शहर ग्रामीण उत्पादों के विपणन का केंद्र हैं अतः गांवों को स्वावलंबी होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों को स्वावलंबी बनाने के लिए ही छत्तीसगढ़ में ग्रामीण औद्योगिक पार्क की शुरूआत की गयी है और वर्तमान में राज्य में 300 रीपा की स्थापना हो चुकी है जहां रोजगार के साथ ही फ्री वाईफाई की सुविधा के साथ युवा आनलाइन शिक्षा का भी लाभ ले रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ के किसानों को स्वावलंबी बनाने का कार्य किया है, इसके लिए पहले किसानों के कर्ज माफ किए गए और फिर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की गयी। इतना ही नहीं जिनके पास स्वयं की जमीन नहीं थी उन्हें भी न्याय योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है और 7 हजार रूपए की आर्थिक मदद दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के साथ ही छत्तीसगढ़ के प्रत्येक वर्ग की जेब में योजनाओं के माध्यम से पैसे पहुंच रहे हैं और इसका सीधा लाभ व्यापारियों को मिल रहा है , यही वो वजह थी कि कोरोना काल में भी छत्तीसगढ़ में मंदी का प्रभाव नहीं रहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों व मजदूरों के सपने छोटे-छोटे हैं। राज्य सरकार ने योजनाओं का विकेंद्रीकरण कर के 3 करोड़ लोगों के सपने सच किए हैं और इससे हर किसी के चेहरे पर मुस्कुराहट है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की योजनाओं से वर्तमान सरकार ने सरगुजा से लेकर बस्तर तक के लोगों का भरोसा जीता है।

### विकास की राह में पिछड़े लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाना हमारी जिम्मेदारी

**रायपुर, 5 अक्टूबर ।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश में ऐसे तबके जो विकास की राह में पीछे रह गए हैं उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए कार्य कर रही है। ऐसे तबकों को समाज की मुख्यधारा में लाना हमारी महती जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मैं नशा मुक्त समाज का पक्षधर हूं। उन्होंने कहा कि अचानक शराब बंदी के पक्ष में न होकर सामाजिक जागरूकता और सबकी सहभागिता से नशा मुक्त समाज का निर्माण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के गुजरात, बिहार, हरियाणा और तमिलनाडु जैसे राज्यों में शराब बंदी हुई है, किन्तु कुछ राज्यों में इसको पुनः शुरू कर लिया गया है। इसका क्या कारण हो सकता है, इस पर भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री बघेल आज यहां राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में राष्ट्रीय न्यूज चैनल आज तक द्वारा आयोजित 'पंचायत छत्तीसगढ़' कार्यक्रम में एंकर सुश्री श्वेता सिंह, अंजना ओम कश्यप और नेहा बाथम के सवालों का जवाब दे रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी जनहितैषी नीतियों के चलते लोगों का भरोसा जीता है। राज्य में खेती-किसानी से लेकर उद्योग-व्यापार सहित सभी क्षेत्रों में समृद्धि और खुशहाली आई है। छत्तीसगढ़ ने एक मॉडल राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं के तहत गरीबों और किसानों में 01 लाख 75 हजार करोड़ रूपए सीधे उनके खातों में अंतरण किए गए हैं। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था में उछाल और बाजार व्यवसाय में रौनक बनी रही हैं। कोरोनाकाल के महामारी में भी यहां मंदी की स्थिति नहीं देखनी पड़ी।

# निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किए जाएंःआयुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 5 अक्टूबर।** निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक में तकनीकि अधिकारियों से आगामी आचार संहिता को देखते हुये शहर में चल रहे निर्माण कार्यो एवं योजना के कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करने एवं कार्यादेश हुये कार्य तत्काल प्रारंभ करने निर्देशित किये। बैठक में आयुक्त श्री गुप्ता ने शहर में चल रहे निर्माण कार्यो की वार्डवार जानकारी लेकर समस्त निर्माण कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी सहायक अभियंताओं से कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा, विधायक, सांसद निधि व अन्य योजनांतर्गत चल रहे कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करे तथा पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यो की शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करे, जिन कार्यो की उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं भेज पाये है उसे तत्काल भेजना सुनिश्चित करे। इसके अलावा उन्होंने शहर में चल रहे निर्माण कार्य के प्रगति की वार्डवार जानकारी लेकर कहा कि निर्माण कार्यो में तेजी लावे तथा कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये एवं गौठान निर्माण के शेष कार्य जल्द पूर्ण करने के अलावा यूपा योजनांतर्गत किये जा रहे कार्य के अलावा अन्य कार्य में गति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिये आचार सहिता लगने वाली है जिसे ध्यान में रखते हुये जिन कार्यो के कार्यादेश हो चुके है उक्त कार्य तत्काल प्रारंभ कराये, संबंधित सभी ठेकेदारों से कल से ही मटेरियल डालने निर्देशित करे। आयुक्त श्री गुप्ता ने डामरीकरण एवं पेचवर्क के शेष कार्य तत्काल प्रारंभ करने संबंधित ठेकेदारों को निर्देश दिये। उन्होंने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके से कहा कि सभी तकनीकि अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्ड में चल रहे कार्यो में प्रगति लावे एवं प्रारंभ होने वाले कार्यो को तत्काल प्रारंभ कराये तथा मानिटरिंग करे, इस संबध में उन्हे निर्देशित करें। उन्होंने कहा कि आचार सहिता लगते ही सम्पत्ति विरूपण के कार्य किया जाना है, इसके लिये टीम गठित करने के निर्देश दिये। साथ ही मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था मुहैया कराने तैयारी करने निर्देशित किये।

### संभाग उपाध्यक्ष हारुन के अथक प्रयासो से डौडी लोहारा के चौदह श्रमिकों को मिलेगा न्याय

**छूरिया 5 अक्टूबर।** राजनांदगांव छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने बताया कि वन मंडल बालोद अंतर्गत वन परिक्षेत्र डौंडीलोहारा में चौदह श्रमिकों को विगत डेढ़ साल से आधे वेतन देकर कार्य लिया जा रहा था,कई बार निवेदन करने के बाद भी वेतन में किसी भी प्रकार से सुधार नहीं होने पर सभी चौदह श्रमिकों ने छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी के पास समस्या को बताया तब हारुन मानिकपुरी ने भी अधिकारियों से पूरा वेतन देने की बात रखी। लेकिन परिक्षेत्र अधिकारी डौंडीलोहारा के कान में जूं तक नहीं रेंगी आखिर में छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी को उच्च अधिकारियों के पास समस्या रखी तब उच्चाधिकारी ने मौके से ही उपवन मंडल अधिकारी सिंहा जी से दुरभाष के माध्यम से पक्ष जानने पर उपवन मंडल अधिकारी श्री सिंहा ने हिलाहवाला देते रहे जिस पर उच्चाधिकारी ने नाराजगी जताई एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी डौंडीलोहारा, वन मंडल अधिकारी बालोद को पत्र लिखकर एरियस सहित पूरा वेतन भुगतान कर उच्च कार्यलय को अवगत कराने का फरमान जारी किया, इस कार्रवाई से भ्रष्ट अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। डेढ़ साल से आधे वेतन में कार्य करने वाले गरीब श्रमिकों को उचित न्याय मिलने की भरोसा दिलाया गया ,सभी पीड़ित श्रमिकों ने उच्च अधिकारी एवं छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी को धन्यवाद ज्ञापित करने वालों में प्रमुख रूप से कल्याण सहारे,जीवन पिस्दा, पूनाराम यादव,जनक हल्बा, श्यामसाय हल्बा,कृपाल कुमेटी, चंद्रशेखर हल्बा, डोमेन्द कोलियारा,मनोज गावड़े , राजकुमार पाड़े,धनसिंग पटेल,डोमन टेकाम,कोमेश्वर गोस्वामी उपस्थित थे।



### पेन्ड्री एवं इंदिरा नगर में सामुदायिक भवन निर्माण का महापौर ने किया भूमिपूजन



**राजनांदगांव 5 अक्टूबर।** नगर निगम द्वारा वार्डो में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है, विकास कार्य के तहत रोड ,नाली के अलावा सामुदायिक भवन, उद्यान, मुक्तिधाम उन्नयन, खेल मैदान, मंच आदि कार्य प्राथमिकता के आधार पर वार्डो में कराये जा रहे है। इसी कडी में आज वार्ड नं. 22 मोहद्दिशे आजम स्कूल के पास राज्य प्रवर्तित मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत 5.00 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण एवं वार्ड 41 इंदिरा नगर शिव मंदिर के पास महापौर निधि अंतर्गत 5.00 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन विस्तार तथा इंदिरा नगर में वृंदावन कालोनी के पास राज्य प्रवर्तित मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत 10.00 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, के लिये दोनो वार्डो में अलग अलग आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड कर भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण सर्वश्री मधुकर वंजारी,सतीश मसीह, भागचंद साहू, राजेश गुप्ता चम्पू, पार्षद प्रतिनिधि श्री इशाक खान विशेष रूप से उपस्थित थे। भूमि पूजन के दोनो वार्डो में आयोजित अलग अलग कार्यक्रम में मोहद्दिशे आजम स्कूल के संरक्षण हाजी हसन अली, हाजी तनवीर अहमद, सैय्यद अली अहमद गुड्डु, सैय्यद हासम अली, सैय्यद आसिफ अली,अय्युब खान, सैय्यद अफजल अली, शकील रजवी, आफताब अहमद, अकरम खान,सुल्तान अली, सैय्यद आरिफ अली,मो. आतिफ अली, यासीन खान, अहमद रजा, प्रिंसिपल रुबीना खान तथा इंदिरा नगर के बिन्दु साहू, राधा साहू, पुर्णिमा यादव, निर्मला यादव, बुधन्तीन साहू, सुनीता यादव, नारायणी वर्मा, समारी साहू, डुला बाई सोनकर, भोलाराम साहू, देवेन्द्र यादव, रामेश्वरी देवांगन, पुष्पा लोहार, नीतू गोड़, जगदीश साहू, गोपाल सोनकर, लता सुधाकर, सबाना साहू आदि ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। स्वागत के बाद अतिथियों द्वारा अलग अलग वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि वार्डवासियों की सुविधा के लिये नगर निगम द्वारा विकास कार्य कराया जाता है, विभिन्न वार्डो में मांग अनुसार मुख्यमंत्री घोषणा, अधोसंरचना मद, राज्य प्रवर्तित योजना के अलावा अन्य मदो से सामुदायिक भवन मंच, उद्यान, मुक्तिधाम उन्नयन, तालाब व चौक चौराहो का सौदर्यीकरण कार्य किया जाता है,इसी कडी में आज दोनो वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण के लिये भूमि पूजन किया जा रहा है। जिसका अतिशीघ्र निर्माण कराया जायेगा, भवन बनने से वार्डो में होने वाले विभिन्न आयोजनों में सुविधा होगी। वार्डवासियो की मांग अनुसार इसी प्रकार विकास कार्य कराये जायेगे। इस अवसर पर उप अभियंता श्री अनिमेष चन्द्राकर सहित दोनो वार्ड के वार्डवासी उपस्थित थे।

### मीशो ने अपने प्लेटफॉम र्को नॉन-जीएसटी इंक्लूसिव बनाया

**रायपुर, 4 अक्टूबर।** भारत के एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने घोषणा की है कि अब उसके प्लेटफॉर्म पर नॉन-जीएसटी विक्रेता भी बिक्री कर सकेंगे। मीशो ने 01 अक्टूबर, 2023 से नॉन-जीएसटी विक्रेताओं को अपने प्लेटफॉर्म पर बिक्री शुरू करने में समर्थ बनाने के लिए कई टेक्नोलॉजिकल अनुकूलन किए हैं। मीशो ने यह शुरुआत हाल ही में जीएसटी काउंसिल द्वारा 40 लाख रुपये तक के टर्नओवर वाले नॉन-जीएसटी विक्रेताह्यओं को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर लाने की अनुमति मिलने के बाद की।

उद्योग में देखने में आया है कि जीएसटी अनुपालन की ज़रूरत पूरी ना हो पाने के कारण ई-कॉमर्स पर पंजीकरण की प्रक्रिया में हर साल 1.2 मिलियन विक्रेता बाहर हो जाते हैं। सरकार द्वारा लिए गये इस परिवर्तनकारी निर्णय से विभिन्न सेक्टरों, भौगोलिक स्थानों, और विस्तृत उत्पाद संग्रह वाले उद्यमी और व्यवसाय डिजिटल कॉमर्स के क्षेत्र में आ रही इस क्रांति में शामिल हो पायेंगे। इसके अलावा यह कदम व्यक्तिगत उद्यमियों सहित 100 मिलियन व्यवसायों को ऑनलाइन मार्केटप्लेस में आगे बढ़ने में समर्थ बनाने के मीशो के उद्देश्य के अनुरूप है।

# महापौर ने स्कूल में घास खेल मैदान का किया लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 5 अक्टूबर।** महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने शासकीय सर्वेश्वर दास स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राजनांदगांव के खेल मैदान में लॉन घास का लोकार्पण किया। इस अवसर पर नगर निगम चेयरमेन श्री मधुकर बंजारी व श्री राजा तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने कहा कि खेल मैदान में लॉन घास लग जाने से खिलाड़ियों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज से यह खेल मैदान आप सभी बच्चों एवं खिलाड़ियों का है। आप सभी को खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां के साथ मैदान की देखरेख करना है। खेल मैदान में लॉन घास का निर्माण होने से स्कूल की शोभा बढ़ गई है। हम सभी को इसकी स्वच्छता एवं हरियाली को बनाए रखना है। कार्यक्रम को अन्य जनप्रतिनधियों एवं सहायक संचालक उद्यानिकी श्री राजेश शर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों द्वारा फुटबाल मैच का आयोजन किया गया। जिसका सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, बच्चों एवं खेल प्रमियों ने आनंद दिया।



उल्लेखनीय है कि शहर के म्यूनिस्पल स्कूल खेल मैदान का कायाकल्प हो गया है। अब वहां लॉन घास की हरीतिमा से शोभा बढ़ रही है और स्कूल के बच्चों को खेलने एवं अन्य गतिविधियों के लिए उम्दा स्थान मिल रहा है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष प्रबंध कारिणी समिति श्री डोमन सिंह ने जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ से म्यूनिस्पल स्कूल खेल मैदान में लॉन घास कार्य के लिए 31 लाख 96 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। कलेक्टर श्री सिंह की पहल पर म्यूनिस्पल स्कूल खेल मैदान में लॉन घास लगाया गया है, जिससे यहां बच्चों को पढ़ाई के साथ ही एक अच्छा माहौल मिल रहा है। बच्चों को धूल भरे वातावरण से मुक्ति मिल गई है। कलेक्टर द्वारा इस कार्य के लिए उद्यानिकी विभाग को कार्य एजेंसी बनाया गया था।

# नशे में ट्रक ड्राइवर से लूटमार करने वालों के खिलाप पुलिस की कार्रवाई



**डोंगरगढ़ 5 अक्टूबर।** नशे की आगोश में पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के वाहन मालिक व ड्राईवर को रोक दादागिरी कर लूटने वाले नशेबाज आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार 4 दिसम्बर 2023 की दरम्यानी रात्रि प्रार्थी हरि कतक लाल मालाधारी उम्र 38 साल निवासी कटंगी कला गोदिया महाराष्ट ने थाना आकर शिकायत की वह अपने वाहन क्रमांक एम.एच.35 ए0जे0 2774 आईचर में इलेक्ट्रीक पैनल भरकर गोदिया महाराष्ट्र से डोंगरगढ होते पश्चिम बंगाल जा रहा था। करीबन 01ः30 बजे लगभग फारेस्ट नाका मेन रोड डोंगरगढ के पास 04 अज्ञात व्यक्तियो के द्वारा गाडी को रोककर जबरदस्ती वाहन के दोनो तरफ पायेदान में खडा होकर हाथा पाई करते हुये जेब में रखे 500/रू एवं मोबाईल फोन को लूटकर भाग गये। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियो के विरूध्द अपराध क्रमांक 626/2023 धारा 392 भादवि कायम कर व अज्ञात आरोपियो की पता साजी हेतु थाना क्षेत्र के संदेहियो से पूछताछ दौरान संदेही आरोपी 1- भारत खाडी पिता राजकुमार उम्र 20 साल निवासी कचहरी चौक के पीछे डोंगरगढ़ 2- शेख इरसाद पिता हैदर अली उम्र 23 साल निवासी रजा नगर डोंगरगढ 3- उज्जवल शेण्डे पिता सुनील शेण्डे उम्र 23 साल निवासी करबला चौक डोंगरगढ को हिरासत में लिया गया। जिनसे सख्ती से पूछताछ किया गया ।

# शिविर में लोगों ने 32 यूनिट रक्तदान किया

■ **जनभागीदारी के पदाधिकारियों, प्राध्यापकों सहित छात्र-छात्राओं ने किया 32 यूनिट रक्तदान**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 5 अक्टूबर।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग एवं महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार महाविद्यालय के रेडक्रास ईकाई द्वारा 4 अक्टूबर, बुधवार को प्रातः 11 बजें से महाविद्यालय के पुराने भवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. लक्की सोनी मेडिकल कॉलेज पेंड्री राजनांदगांव एवं जनभागीदारी समिति के सदस्य अनिल गट्टानी, विलास जाम्बुलकर, ईश्वर निर्मलकर, गुरमीत सिंह भाटिया, भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के ब्लड बैंक के चिकित्सकों एवं स्टाफ की टीम सहित महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। महाविद्यालय की प्र.प्राचार्य डॉ. ई. व्ही.रेवती द्वारा स्वागत भाषण में उक्त रक्तदान शिविर आयोजन हेतु रेडक्रास ईकाई को बधाई दी एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान ने रक्तदान का महत्व एवं रक्त दान संबंधित भ्रांतियों को दूर कर छात्र-छात्राओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं, एनएसएस, एनसीसी कैडेट्स ने बढ़चढ़ के भाग लिया जिसमें कुल 32 यूनिट रक्तदान किया गया । कार्यक्रम का संचालन श्रीमति नीलम चतुर्वेदानी एवं आभार प्रदर्शन रेडक्रास प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर द्वारा किया गया। इन्होने किया रक्तदान - उक्त स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में जनभागीदारी समिति के सदस्य अनिल गट्टानी, सहा.प्राध्यापक एच.आर पदमें, सहा.ग्रेड-2 नितिन शांडिल्य सहित छात्र-छात्राओं में डिपेश डे, करण मेश्राम, किरण कुमार वर्मा, तुलसी जंघेल, आशीष पटेल, पूनम तिवारी, नागेश्वर, मुंगेरी सिंग, विजय कुमार, मेघा वर्मा, दिव्या वर्मा, धनिता यादव, अंकुश,कृष्णा कुमार, प्रज्जवल गेडाम, विजय देशलहरा, आकाश वर्मा, राजाराम सिन्हा, महेन्द्र कुमार, शुभम भनोटे, महावीर वर्मा, गितेश नेताम, ललित कुमार, दीपक कुमार, खिलेश वर्मा, नितेश, अजय कुमार, केदारनाथ आदि ने रक्तदान किया।

# फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का अंतिम प्रकाशन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 5 अक्टूबर ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रेस कान्फ्रेस ली। कलेक्टर ने बताया कि फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 का अंतिम प्रकाशन आज कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिला कार्यालय एवं प्रत्येक विधानसभा हेतु अनुविभागीय कार्यालय में एक-एक ईव्हीएम डेमोस्ट्रेशन सेंटर स्थापित कर मतदाता जागरूकता के लिए ईव्हीएम मशीन का प्रदर्शन किया जा रहा है। स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर राजनांदगांव को मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम बनाया गया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन की घोषणा दिनांक से सम्पूर्ण जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू हो जायेगी। सभी शासकीय, सार्वजनिक एवं निजी सम्पत्तियों से 24, 48 एवं 72 घण्टे के भीतर सभी राजनीतिक संबंधी बैनर, पोस्टर, प्रचार-प्रसार सामग्री हटाने की कार्रवाई की जाएगी। सभी राजनीतिक पदाधिकारियों से शासकीय वाहन निर्वाचन अवधि तक के लिए समर्पित करा ली जायेगी। प्रत्येक विधानसभा के 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों में मतदान दिवस के दिन मतदान से संबंधित गतिविधियों की वेबकास्टिंग की जायेगी। निर्वाचन की घोषणा दिनांक से मतदान समाप्ति तक कार्यालय कलेक्टर राजनांदगांव के प्रथम तल पर मीडिया सेंटर स्थापित किया जा रहा है, जहां से निर्वाचन संबंधी गतिविधियों की जानकारी लगातार प्राप्त की जा सकेगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला स्तरीय कॉल सेंटर स्थापित किया गया है, जो कार्यालयीन समय में 1950 नम्बर पर संपर्क कर निर्वाचन से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। कलेक्टर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 कार्यक्रम अनुसार मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 2 अगस्त 2023 को किया गया। प्रत्येक मतदान केन्द्र में 2 अगस्त 2023 से 31 अगस्त 2023 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, मतदाता सूची से नाम विलोपन कराने एवं संशोधन हेतु दावा आपत्ति प्राप्त किया गया। शासकीय अवकाश 12, 13,19 एवं 20 अगस्त 2023 को मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण 22 सितम्बर 2023 तक किया गया। स्वास्थ्य मापदंडों की जांच करने और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करने तथा डेटाबेस को अद्यतन करने और पूरकों की छपाई का कार्य 29 सितम्बर 2023 तक किया गया। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर 2023 को हुआ है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम अंतर्गत नवीन मतदाता नाम जोड़ने हेतु फार्म 6, विलोपन हेतु फार्म-7, सुधार एवं स्थानांतरण हेतु फार्म 8 में 61 हजार 201 आवेदन प्रस्तुत किया गया।

संपादकीय

## छग को एक और स्टील प्लांट मिला

बड़े-बड़े राज्य चाहते हैं कि उनके यहां बड़े-बड़े प्लांट खुलें ताकि राज्य की एक अलग पहचान बने। राज्य का तेजी से विकास हो, राज्य के लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले। छत्तीसगढ़ को इस मामले में सौभाग्यशाली मानना चाहिए उसके यहां एक बड़ा स्टील प्लांट भिलाई में था अब उसे एक स्टील प्लांट बस्तर के नगरनार में मिल गया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि बीएसपी स्टील प्लांट से जिस तरह दुर्ग व भिलाई के आसपास का इलाका विकसित हुआ है, उसी तरह नगरनार प्लांट से नगरनार के आसपास के क्षेत्र सहित बस्तर का विकास तेजी से होगा। बीएसपी से जिस तरह राज्य के हजारों लोगों को रोजगार मिला है, उसी तरह नगरनार प्लांट से बस्तर के हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। एक प्लांट खुलता है तो पूरे क्षेत्र का विकास होता है। इसलिए बड़े बड़े प्लांट विकास के लिए जरूरी माने जाते हैं। जब कहीं एकप्लांट खुलता है तो उसके बाद छोटे बड़े दूसरे संस्थान भी खुलते हैं। एक समय था जब बस्तर में कोई निवेश करने को तैयार नहीं होता था। यहां सरकार ने खुद ही स्टील प्लांट खोलने का फैसला किया। इससे दूसरे उद्योगपतियों को भी ऐसा लगेगा कि जब सरकार प्लांट खोल सकती है तो हम भी खोल सकते हैं। जब तक कोई शुरुआत नहीं होती है तो लोगों को हौसला नहीं होता है। अब बस्तर में नगरनार प्लांट से एक शुरुआत हो गई है। इसका फायदा आने वाले दिनों में बस्तर को मिलेगा। जिस तरह बीएसपी कांग्रेस की बड़ी देन छत्तीसगढ़ को मानी जाती है। उसी तरह नगरनार स्टील प्लांट छत्तीसगढ़ को भाजपा व मोदी सरकार की बड़ी देन मानी जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य अटलबिहारी सरकार की देन है तो एक बडा स्टील प्लांट मोदी सरकार की देन है। बीएसपी को खोलने का श्रेय लेकर जिस तरह कांग्रेस छत्तीसगढ़ में राजनीतिक लाभ लेती रही है, अब आने वाले दिनों में भाजपा इस प्लांट का श्रेय लेकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास करेगी। जिस तरह बीएसपी का राजनीतिक लाभ कांग्रेस को मिलता रहा है, उसी तरह नगरनार प्लांट का राजनीतिक लाभ भाजपा को मिलता रहेगा। नगरनार प्लांट बस्तर के लिए बहुत बड़ी सौगात है, इसका राजनीतिक लाभ भी भाजपा को मिलेगा इसलिए कांग्रेस शुरु से इस प्लांट को लेकर बस्तर सहित राज्य में माहौल बनाती रही कि इस प्लांट को मोदी सरकार निजी हाथों को बेच देगी। इस नगरनार प्लांट के लोकार्पण के मौके पर सीएम भूपेश बघेल सहित किसी मंत्री के शामिल नहीं होना एक बड़ी राजनीतिक गलती मानी जा रही है। जब भी इस स्टील प्लांट की बात होगी तो याद किया जाएगा कि भूपेश सरकार से कोई इस मौके पर नहीं गया था। यह भी याद रखा जाएगा कि जिस दिन नगरनार प्लांट का पीएम मोदी लोकार्पण करने वाले थे उस दिन कांग्रेस ने बस्तर बंद किया था। यह भी याद किया जाएगा कि कांग्रेस के बस्तर बंद के बाद भी नगरनार स्टील प्लांट के लोकार्पण कार्यक्रम में जनसैलाब उमड़ा था। माना तो यह भी गया कि बस्तर बंद के कारण और ज्यादा लोग पीएम मोदी के कार्यक्रम में गए। यानी बंद के कारण पीएम मोदी का कार्यक्रम और ज्यादा सफल हो गया। कांग्रेस सरकार की तरफ से किसी के न जाने से पीएम मोदी को सराकार के खिलाप बोलने का और मौका मिल गया तथा पीएम मोदी ने तंज करते हुए कहा कि सरकार की तरफ से कोई या तो इसलिए नहीं आया कि सरकार जा रही है, उसे बचाने में सब लगे है या फिर भ्रष्ट लोग मोदी से आंख मिलाकर बात नहीं कर सकते इसलिए नहीं आए। कांग्रेस ने पीएम मोदी के पिछले कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का भेजा था तो उन्होंने मोदी सरकार की तारीफ कर दी थी। इससे कांग्रेस में बवाल हो गया था। इस बार कांग्रेस ने किसी को नहीं भेजा तो और बड़ा बवाल हो गया तो इसके लिए कांग्रेस ही दोषी है।

## आज का राशिफल

**मेषः** आज का दिन आपके लिए शुभ है। जो भी नया करना है आज ही पूरा करने का निश्चय करेंगे। आज आप घर की जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटा सकते हैं। कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल भी रहेंगे। आज अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। आज अपनी किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत कर सकते हैं। नए काम के लिए किसी से सलाह भी ले सकते हैं।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के लिए परिवार के साथ जाएंगे। आज कार्यों को लेकर किसी अनुभवी के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। आज आप जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करेंगे और नई योजना बनाएंगे। आज आप दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर सेंसिटिव हो सकते हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। आज घर के कामों में आपका पैसा लग सकता है। आज किसी से बात करते समय अपनी वाणी मधुर रखें। आज परिवार के प्रति आपकी जिम्मेदारियां बढेंगी। आज लवमेट एक दूसरे से अपने मन की बातें शेयर करेंगे।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करें। सफलता अवश्य मिलेगी। आज आप ऑफिस के कार्य मेहनत, धैर्य और समझदारी से पूरा करने में सफल होंगे। आज का दिन बिजनेस में आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज घर पर कोई मांगलिक कार्य करने की योजना बनायेंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातों को समझने का प्रयत्न करें। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकते हैं। आज व्यापारिक मामलों में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अच्छी होगी। किसी मौके पर आपका व्यवहार ही आपके लिए सफलता के मार्ग खोलेगा।

**कन्याः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है, इसमें आपको सफलता मिलेगी। आज आप अपने करियर बेहतर बनाने के लिए प्लानिंग करेंगे। आपको नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होने के योग हैं। बिजनेस में आज आपको ज्यादा फायदा होगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। पारिवारिक रिश्तों में अपनापन बढ़ेगा। आज ऑफिस में कुछ नये कार्यों की जिम्मेदारी दी जाएगी। आज जमीन जायदाद से जुड़े काम निपटने में सफल होंगे। साझेदार की गतिविधियों पर ध्यान देंगे। आज रोजगार में नई उपलब्धि मिलने के योग हैं। आज आप जीवनसाथी के साथ घरेलू चीजों की खरीदारी करने मार्केट जायेंगे।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपकी मुलाकात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन की नई सीख लेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया सीखेंगे और पढाई में रुचि बढ़ेगी। रोज की अपेक्षा आज व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा।

**धनु :** आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर लंबी बात हो सकती है। आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा। ऑफिस के दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बनेगा।

**मकरः** आज का दिन आपके लिए परिवार के लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद खास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। अध्यात्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपको कोई नयी जानकारी मिलेगी यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी। आज आलस्य व सुस्ती छोड़कर काम में मन लगाने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है। नई तकनीक के इस्तेमाल पर विचार-विमर्श होगा। आज आपको ऑफिस में अपने दस्तावेज संभालकर रखने की जरूरत है। आज आपके घर में किसी आयोजन को लेकर उत्साह रहेगा।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते जायेंगे। आज आप किसी भी प्रकार के स्वास्थ्य संबंधी समस्या को नजरंदाज न करें। आज आप सकारात्मक सोच के साथ जिस काम की शुरुआत करेंगे, वो काम आवश्य पूरा हो जायेगा। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढाई को लेकर उत्साहित होंगे। ज्यादा समय पढ़ाई में बीतेगा। यह देखकर आपके घरवालों को खुशी होगी। आज आपका दाम्पत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

# चंद्रमा पर फतह और दूसरी ओर जातियों का कार्ड खेलते नेता!

समसामयिक

मनोज कुमार अग्रवाल



इसे देश का दुर्भाग्य ही कहना होगा कि एक ओर देश की तकनीकी ने चंद्रमा पर अपना यान उतार कर प्रगति और विकास की नई परिभाषा लिखने की कोशिश की है लेकिन दूसरी ओर सिर्फ राजनीतिक नफा नुकसान को तवज्जो देने वाले राजनीतिक दलों के नेता जाति जाति का खेल खेल कर सत्ता पर काबिज होने की व्यूह रचना कर रहे हैं। नीतीश कुमार की सरकार ने बिहार में जातीय जनगणना के आंकड़े जारी कर दिए हैं। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, बिहार में 36 फीसदी अत्यंत पिछड़ा और 27 फीसदी पिछड़ा वर्ग है। 19 फीसदी से अनुसूचित जाति और 1.68 फीसदी अनुसूचित जनजाति की संख्या है। रिपोर्ट जारी होने के बाद राजनीतिक दलों की ओर से प्रतिक्रिया भी आ रही है। आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने कहा कि जिसकी जितनी आबादी है, उसे उतनी हिस्सेदारी मिलेगी। वहीं नीतीश कुमार ने कहा कि सभी वर्गों के विकास और उत्थान के लिए सरकार रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।उधर प्रधानमंत्री ने साफ कह दिया है देश में अगर सबसे बड़ी कोई आबादी है तो वह गरीब है।

आपको बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने सोमवार को जाति आधारित गणना के आंकड़े जारी किए। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, बिहार की कुल आबादी में अन्य पिछड़ा वर्ग (ह्वक्च्) और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (श्वक्च्) की हिस्सेदारी 63 प्रतिशत है। प्रदेश की कुल जनसंख्या 13.07 करोड़ से कुछ अधिक है, जिसमें से ईबीसी (36 प्रतिशत) सबसे बड़ा सामाजिक वर्ग है, इसके बाद ओबीसी (27.13 प्रतिशत) है। वहीं, ओबीसी समूह में शामिल यादव समुदाय, जिससे उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव संबंधित हैं, जनसंख्या के लिहाज से सबसे बड़ा सुमदाय है, जो प्रदेश की कुल आबादी का 14.27 प्रतिशत है। अनुसूचित जाति राज्य की कुल आबादी का 19.65 प्रतिशत है जबकि अनुसूचित जनजाति की आबादी लगभग 22 लाख (1.68 प्रतिशत) है। वहीं, धर्म के अनुसार बिहार की आबादी में हिंदू समुदाय 81.9 प्रतिशत, मुस्लिम 17.7 प्रतिशत, ईसाई 0.05 प्रतिशत, सिख 0.01 प्रतिशत, बौद्ध 0.08 प्रतिशत, जैन 0.0096 प्रतिशत और अन्य धर्मों के 0.12 प्रतिशत है।

जाति आधारित गणना की रिपोर्ट जारी होने के बाद यह दिलचस्प आंकड़ा भी सामने आया है कि बिहार में जिन 215 जातियों की गणना हुई, उनमें 190 जातियां इस श्रेणी की हैं, जिनकी आबादी एक प्रतिशत भी नहीं।



बिहार की मुख्य जातियों की बात की जाए तो ऊंची जातियां 15.52 प्रतिशत हैं। इनमें भूमिहार 2.86 प्रतिशत, ब्राह्मण 3.66 प्रतिशत, राजपूत 3.45 प्रतिशत और कायस्थ 0.60 प्रतिशत हैं। इसके अलावा, कुर्मी 2.87 प्रतिशत, मुसहर 3 प्रतिशत, यादव 14.26 प्रतिशत, कुशवाहा 4.27 प्रतिशत, कुर्मी 2.87 प्रतिशत, चंद्रवंशी 1.64 प्रतिशत, धानुक 2.13 प्रतिशत, धोबी 0.83 प्रतिशत, नाई 1.59 प्रतिशत हैं। नोनिया 1.91 प्रतिशत, कुम्हार 1.40 प्रतिशत, पासी (पासवान) 0.98 प्रतिशत, बढ़ई 1.45 प्रतिशत, लोहार 0.15 प्रतिशत, सोनार 0.68 प्रतिशत, हलवाई 0.60 प्रतिशत, अघोरी 0.069 प्रतिशत, अद्राखी 0.02 प्रतिशत, अब्दाल 0.0087 प्रतिशत, अमात 0.21 प्रतिशत, असुर, 0.059 प्रतिशत, अवध बनिया 0.03 प्रतिशत और मुस्लिम दर्जी 0.25 प्रतिशत हैं।

जातीय जनगणना की रिपोर्ट आने के बाद नीतीश सरकार में शामिल दो बड़ी पार्टियां, आरजेडी और कांग्रेस ने एक सुर में कहा कि जिसकी जितनी आबादी है, उसे उतनी हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को एक बार फिर कहा कि जिसकी जितनी अधिक जनसंख्या, उतने अधिक अधिकार। वहीं, आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने कहा कि ये आंकड़े वंचितों और गरीबों के समुचित विकास और तरक्की के लिए योजना बनाने और आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व देनें में देश के लिए नजीर पेश करेगा। लालू यादव ने आगे कहा कि बिहार सरकार को अब सुनिश्चित करना चाहिए कि जिसकी जितनी संख्या, उसकी उतनी हिस्सेदारी हो। जाहिर तौर पर लालू यादव ने इशारों ही इशारों में संकेत दे दिया मंत्रिमंडल में भी हिस्सेदारी दी जाए।

कुछ राजनीतिक विश्लेषकों ने इस कदम को नीतीश कुमार का तुरप का इक्का बताते हुए बड़ा दाव बताया।पटना से लेकर दिल्ली तक राजनीतिक गलियारों में गर्मी बढ़ गई है। लोकसभा चुनाव से पहले जातिगत जनगणना के दांव को कोई नीतीश कुमार और विपक्ष का मास्टरस्ट्रोक बता रहा है तो कोई सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के लिए मुश्किलों का सबब करार दे रहे हैं। जातिगत जनगणना के आंकड़ों पर जारी बहस के बीच इसे लेकर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पत्ते खोल दिए हैं।

उधर पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में जातिगत जनगणना का नाम लिए बिना कांग्रेस पर हमला बोला और कड़े तंज किए। पीएम मोदी ने जातिगत जनगणना की काट के लिए हिंदुओं के हक की बात कर दी और विरोधियों को उनके बयान के आधार पर ही घेरने की कोशिश की। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने कल से एक अलग राग अलापना शुरू कर दिया है ये कहते हैं जितनी आबादी, उतना हक। मैं कहता हूं इस देश में अगर सबसे बड़ी कोई आबादी है तो वह गरीब है। पीएम ने कहा कि हिंदुओं की संख्या अधिक है तो हिंदू अपना हक ले लें क्या? पीएम मोदी ने एक तरफ गरीब की बात की और उसे सबसे बड़ी जाति बताया तो दूसरी तरफ हिंदू और अल्पसंख्यकों की भी बात कर दी।पीएम का कहना था कि कांग्रेस आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी की बात करती है. कांग्रेस हिन्दुओं को बांटकर देश को बांटना चाहती है. मेरे लिए सबसे बड़ी जाति गरीब है और मेरी सरकार गरीबों की भलाई में लगी है. चाहे गरीब दलित हो, पिछड़ा हो, अगर गरीब का भला होगा, तो देश का भला होगा।

पीएम ने कहा, मैं सोच रहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह क्या सोच रहे होंगे।वे कहते थे कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है उसमें भी मुसलमान का है।लेकिन अब कांग्रेस कह रही है कि आबादी तय करेगी कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार किसका होगा? तो अब क्या कांग्रेस अल्पसंख्यकों के अधिकारों को कम करना चाहती है? अगर आबादी के हिसाब से ही होने वाला है तो पहला हक किसका होना चाहिए? जरा, कांग्रेस वाले स्पष्टता करें।क्या कांग्रेस, अल्पसंख्यकों को हटाना चाहती है? तो क्या सबसे बड़ी आबादी वाले हिंदुओं को आगे आना चाहिए और अपने सभी अधिकार लेने चाहिए? इस तरह प्रधानमंत्री ने गरीब का मोर्चा खोल कर जाति के दाव से निबटने का संकेत दिया है। देखना है कि मोदी का गरीब कार्ड विपक्ष के जाति कार्ड की काट बन पाएगा या नहीं।

# मुस्कान है सेहत एवं समृद्धि का अनमोल उपहार

विश्व मुस्कान दिवस- 6 अक्टूबर

ललित गर्ग



प्रत्येक अक्टूबर के पहले शुक्रवार को यानी इस वर्ष 6 अक्टूबर को विश्व मुस्कान दिवस है। आज मनाए जाने वाले विश्व मुस्कान दिवस के पीछे वॉर्सेस्टर, मैसाचुसेट्स के एक अमेरिकी वाणिज्यिक कलाकार हार्वे बॉल के दिमाग की उपज थी। प्रतिष्ठित स्माइली फेस 1963 में उनके द्वारा बनाया गया था। तब से, इसने सभी के सामूहिक आनंद को कैद कर लिया है। 1999 में पहला स्माइल डे बिना किसी बाधा के उत्साह और धूमधाम से मनाया गया था, क्योंकि मुस्कुराहट एक ऐसी अभिव्यक्ति है जिसमें अनेक समस्याओं एवं परेशानियों के हल समाये होते है। 2001 में, हार्वे के निधन के बाद, 'स्माइली' निर्माता को श्रद्धांजलि के रूप में हार्वे बॉल वर्ल्ड स्माइल फाउंडेशन की स्थापना की गई थी। इस दिन को स्थापित करने वाले मैसच्यूसेट्स के आर्टिस्ट हार्वे बाल के अनुसार हम सभी को हर साल एक दिन पूरी दुनिया में मुस्कुराने और दयालु बनने के लिए समर्पित करना चाहिए। क्योंकि मुस्कुराता हुआ चेहरा किसी भी राजनीतिक, भौगोलिक और धार्मिक बातों को नहीं जानता। सिर्फ आज के दिन मुस्कुराने की बजाय आप रोज मुस्कुराने की आदत बनाइये। इससे ना केवल आपकी मुश्किलें आसान होंगी बल्कि आपके चाहने वाले भी आपको देखकर खुश रहेंगे।

अच्छे स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र विकास के लिये मुस्कान जरूरी है। आज के तनाव, अशांत, चिन्ता एवं परेशानियों के जीवन में मुस्कान की तीव्र आवश्यकता है। क्योंकि हँसना और मुस्कुराना सभी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक विकास में अत्यंत सहायक है। मुस्कान हमारे जीवन की सफलता की चाबी है, वह अनेक समस्याओं का समाधान भी है। मुस्कान दुखी दिल के घावों को भरने वाला मलहम है। हमारे चेहरे का व्यायाम है और मन का आराम। शोध कहते हैं कि जैसे-जैसे हम बड़े हो रहे हैं, हमारा मुस्कुराना कम हो रहा है। हम इसलिए कम नहीं मुस्कुराते कि हम बूढ़े हो गए हैं। हम बूढ़े ही इसलिए हुए कि हमने मुस्कुराना बंद कर दिया है। करूणामूर्ति मदर टेरेसा ने कहा, शांति की शुरुआत मुस्कुराहट से होती है। आपकी खुशी आपके होठों से शुरू होती है। इस वर्ष आप विश्व मुस्कान दिवस पर, अपने होठें को थोड़ा सा मोड़ना न भूलें। यह संक्रामक होगा और आपके चारों ओर एक सकारात्मक वातावरण तैयार करेगा।

सेहत का एक मंत्र यह है कि आप खुलकर मुस्कुरायें। हमें मुस्कुराना चाहिए और बात-बेबात मुस्कुराते रहना सफल एवं सार्थक जीवन का मंत्र हैं। पर कई बार पूरा पूरा दिन बिना मुस्कान के निकल जाता है। उदासी और बेचैनियों के बादल छाए रहते हैं, मुस्कान की धूप खिल नहीं पाती। मुस्कुराना-हंसना एक ऐसा सकारात्मक भाव है जो व्यक्ति के न केवल आंतरिक बल्कि बाहरी स्वरूप को समृद्धिशाली एवं प्रभावी बनाता है। मुस्कान एक शक्तिशाली भावना है जिसमें व्यक्ति को ऊर्जावान और संसार को शांतिपूर्ण बनाने की क्षमता हैं। यह व्यक्ति के विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करता है और व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। जब व्यक्ति समूह में मुस्कुराता है तो उसकी मुस्कान से सकारात्मक ऊर्जा सम्पूर्ण परिवेश में व्याप्त हो जाती है।

आज के इस तनावपूर्ण वातावरण में व्यक्ति अपनी मुस्कुराहट व हँसी को भूलता जा रहा है, फलस्वरूप तनावजन्य बीमारियाँ, जैसे- उच्च रक्तचाप, शुगर, माइग्रेन, हिस्टीरिया, पागलपन, डिप्रेशन आदि को निमंत्रण दे रहा है। मुस्कुराने से ऊर्जा और ऑक्सीजन का संचार अधिक होता है। शरीर में से दूषित वायु बाहर निकल जाती है। हमेशा खुलकर मुस्कुराना शरीर के सभी अवयवों को ताकतवर और पुष्ट करता है। साथ ही शरीर में रक्त संचार की गति को बढ़ाता है। इसके अलावा पाचन तंत्र अधिक कुशलता से कार्य करता है। इसलिये डॉक्टर भी हर बीमारी के रोगी के लिये मुस्कुराने को उपयोगी बताते हैं। क्योंकि जोर-जोर से कहकहे लगाने एवं मुस्कुराने से पूरे शरीर में प्रत्येक अंग को गति मिलती है। इससे शरीर में मौजूद हारमोन दाता प्रणाली (एंडोफ्राइन ग्रंथि) सुचारुरूप से चलने लगती है, जो कि कई रोगों से छुटकारा दिलाने में सहायक होता है।

जो लोग हमें अपनी बातों से, अपने कार्यों एवं सोच से हमें मुस्कान देते हैं, वे हमारी स्मृतियों में रच-बस जाते हैं। हम किसी को पसंद या नापसंद कई कारणों से कर सकते हैं। पर लंबे समय तक हमारे प्रेम के हकदार वे लोग बनते हैं, जो हमें हंसाते हैं और हमारे चेहरे की मुस्कान लाते हैं। शायद इसीलिए विक्टर बोर्ग कहते हैं, 'हंसी दो लोगों के बीच की दूरी को पार करने का सबसे छोटा पुल है।' हंसना-मुस्कुराना एक ऐसा बेशकीमती उपहार है, जो कुदरत ने केवल मनुष्य को ही बख्शा है। हास्य एवं मुस्कान एक सार्वभौमिक भाषा है। इसमें जाति, धर्म, रंग, लिंग से परे रहकर मानवता को समन्वय करने की क्षमता है। यह इंसान से इंसान को जोड़ने का उपक्रम है। मुस्कान एवं हंसी विभिन्न समुदायों को जोड़कर नए विश्व का निर्माण करने में सक्षम हैं। यह विचार भले ही काल्पनिक लगता हो, लेकिन लोगों में गहरा विश्वास है कि हंसी-मुस्कान ही दुनिया को एकजुट कर सकती है।

दुनिया में सुख एवं दुःख दोनों ही धूप-छाँव की भाँति आते-जाते हैं। यदि मनुष्य दोनों परिस्थितियों में हँसमुख रहे तो उसका मन सदैव काबू में रहता है व वह चिंता से बचा रह सकता है। मुस्कुराने से आत्मा खिल उठती है। इससे आप तो आनंद पाते ही हैं दूसरों को भी आनंदित करते हैं। हास-परिहास एवं मुस्कान पीड़ा का दुश्मन है, निराशा और चिंता का अचूक इलाज और दुःखों के लिए रामबाण औषधि है। हंसने-हंसाने-मुस्कुराने से तन-मन में उत्साह का संचार होता है और दिल से मुस्कुराना तो किसी दवा से कम नहीं है। मुस्कान एक उत्तम टॉनिक का काम करती है। प्रमुख विद्वान थैकर एवं शेक्सपियर जैसे विचारकों ने भी इस बात की पुष्टि की है कि प्रसन्नचित व्यक्ति अधिक जीता है। मनुष्य की आत्मा की संतुष्टि, शारीरिक स्वस्थता व बुद्धि की स्थिरता को नापने का एक पैमाना है और वह है चेहरे पर खिली प्रसन्नता। लंदन विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सोफी स्कॉट कहती हैं कि, 'हंसी के द्वारा हमारा अवचेतन मन ये संकेत देता है कि, हम सुकून में हैं और सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

जापान में भगवान बुद्ध के शिष्य थे होतेई। वह बड़े अलमस्त स्वभाव के भिक्षुक थे। वह बेहद निर्लिप्त और निरपेक्ष भाव से जीवन जीने में विश्वास रखते थे। वह जिस कार्य को करते, उसमें पूरी तरह डूब जाते थे, तन्मय हो जाते। जापान में ऐसी मान्यता है कि एक बार होतेई मेडिटेशन करते-करते इतने रोमांचित हो गए कि ध्यानावस्था में जोर-जोर से हंसने-मुस्कुराने लगे। इस अद्भुत घटना के उपरांत ही लोग उन्हें लाफिंग बुद्धा के नाम से संबोधित करने लगे। घूमना-फिरना, देशाटन करना, लोगों को मुस्कान व खुशी प्रदान करना लाफिंग बुद्धा का ध्येय बन गया। चीन में लाफिंग बुद्धा को पुताई के नाम से भी जाना जाता है। चीनी लोग उन्हें एक ऐसे भिक्षुक के नजरिए से देखते हैं, जो एक हाथ में धन-धान्य का थैला लिए, चेहरे पर खिलखिलाहट बिखेरे अपना बड़ा पेट और थुलथुल बदन दिखाकर सभी को मुस्कन देते हुए सकारात्मक ऊर्जा देते हैं। वे समृद्धि व खुशहाली का संदेशवाहक और घरों के वास्तुदोष निवारण का प्रतीक भी माने जाते हैं। जापान जैसे देशों में लोग अपने बच्चों को प्रारंभ से ही हँसते-मुस्कुराते रहने की शिक्षा देते हैं, ताकि उनकी भावी पीढ़ी सक्षम एवं तेजस्वी हो।

दुनिया के अधिकतर देश आतंकवाद के डर से सहमे हुए हैं, हर व्यक्ति के अंदर घबराहट और अशांति का कोहराम मचा हुआ है। ऐसे दौर में केवल मुस्कान ही दुनियाभर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकती है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर टेरीजा एमाबाइल ने कहा है कि, हँसते समय हमारा दिमाग सबसे अधिक क्रिएटिव होता है। हमें न केवल पारिवारिक परिवेश में बल्कि ऑफिस में हंसी-मजाक, मुस्कुराने को बढ़ावा देना चाहिए। ऑफिस का माहौल मेल-जोल और हंसी मजाक वाला हो, जिससे टीम के बीच काम के प्रति उत्साह का संचार हो सके। खूबसूरत चेहरे के लिए मुस्कान कारगर साबित हो सकता है। मुस्कुराने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है। मेडिकल प्रयोगों में पाया गया है कि, 10 मिनट तक मुस्कुराते रहने से दो घंटे की गहरी नींद आती है। मुस्कुराने वाले व्यक्तियों के कई सारे मित्र बन जातें हैं और इस प्रकार उनमें भाईचारा और एकता की भावना कब उत्पन्न होती हैं, पता ही नहीं चलता। डर, भय, असुरक्षा, आतंकवाद से हर इंसान सहमा हुआ है, तब 'मुस्कान दिवस' की अत्यधिक आवश्यकता महसूस होती है। इससे पहले इस दुनिया में इतनी अशांति कभी नहीं देखी गई। इस व्यस्त, अशांत एवं तनावग्रस्त जिंदगी में लोग कम से कम एक दिन तो अपने लिए निकालें और जी भरकर मुस्करायें।

सेहत

## शहद के साथ मिलाकर खाएं ये एक चीज...हर तरह की खांसी होगी जड़ से खत्म, गले की खराश से भी मिलेगा छुटकारा

हमारे घरों में कई ऐसी चीज होती हैं, जो सेहत से जुड़ी कई तरह की समस्याओं को जड़ से खत्म कर सकती हैं. अब शहद और लौंग को ही ले लीजिए. जिनका सेवन न सिर्फ इम्यूनिटी को मजबूत बना देता है, बल्कि इंफेक्शन और सर्दी-खांसी की छुट्टी कर सकता है. आइए जानते हैं शहद और लौंग से क्या-क्या फायदे हो सकते हैं...

**हर तरह की खांसी की छुट्टी**-बदलते मौसम में काली, गीली और सूखी खांसी तेजी से फैलती है. खांस-खांसकर परेशान हो जाते हैं तो लौंग को भूनकर शहद के साथ सेवन करें. इससे खांसी जड़ से खत्म हो सकती है. यह काफी कारगर दवा मानी जाती है.

**गले की खराश खत्म**-शहद में कफ को दबाने वाले गुण होते हैं. गले की खिंच-खिंच से परेशान हैं तो उससे राहत दिलाने में यह मदद कर सकता है. लौंग सर्दी-खांसी रोकने में मदद करता है. दोनों का सेवन कई तरह से लाभकारी हो सकता है.

**सर्दी-जुकाम से राहत**-शहद के साथ लौंग मिलाकर सेवन करना नेचुरल कफ सिरप का काम करता है. इनमें एंटी वायरल और एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जिससे खांसी और सर्दी की समस्या से राहत मिल सकती है.

**पाचन बनाए बेहतर**-शहद प्रीबायोटिक और प्रोबायोटिक गुणों वाला माना जाता है. यह आंतों में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाने में अहम रोल निभाता है. लौंग और शहद को साथ लेने से पेट से जुड़ी बीमारियां दूर हो सकती हैं. इसका सेवन पाचन को बेहतर बनाने का काम करता है.

**वजन कम करने में मददगार**-वजन कम करने में लौंग और शहद काफी कारगर माने जाते हैं. यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ाकर वेट लॉस में मदद कर सकता है. इसलिए अगर आप मोटापे और वजन की समस्या से परेशान हैं तो लौंग शहद का साथ में सेवन करें.

**मुंह के छालों का अंत**-अगर आप मुंह के छालों से परेशान हैं तो लौंग और शहद का इस्तेमाल करना फायदेमंद हो सकता है. यह छालों का अंत कर सकता है. लौंग का चूर्ण और शहद के साथ हल्दी मिलाकर छाती पर लेप लगाना चाहिए.

**लिवर के लिए लाभकारी**-शहद और लौंग लिवर के लिए जबरदस्त फायदेमंद होते हैं. दोनों का साथ में सेवन करने से लिवर डिटॉक्सीफाई करने में मदद मिल सकती है. इससे लिवर हेल्दी बना रहता है. इसलिए लौंग और शहद के सेवन की सलाह दी जाती है.

## सिर्फ खराब लाइफस्टाइल या थायरॉइड ही नहीं स्ट्रेस और एंजाइटी भी बढ़ा सकता है मोटापा

बढ़ता वजन और मोटापा सेहत के लिए कई समस्याएं पैदा कर सकता है. अगर समय पर इसे कंट्रोल न किया जाए तो ब्लड प्रेशर, डायबिटीज जैसी कई क्रोनिक बीमारियों का रिस्क बढ़ सकता है. मोटापे का प्रमुख कारण खराब लाइफस्टाइल और गड़बड़ खानपान माना जाता है. हेल्थ एक्सपर्ट्स का मानना है कि स्ट्रेस और एंग्जाइटी के कारण भी मोटापा हो सकता है. ऐसे में जरूरी है कि ज्यादा वजन और मोटापे का कारण हम सभी को पता होना चाहिए. आइए जानते हैं मोटापे का कारण और इससे होने वाले नुकसान के बारें में...

**वजन बढ़ा सकता है तनाव**-कई अध्ययनों में पता चला है कि ज्यादा तनाव लेने वालों का वजन तेजी से बढ़ सकता है. दरअसल, तनाव लेने पर शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है जो ज्यादा खाने के लिए प्रेरित करता है. इसकी वजह से नींद की समस्या और मेटाबॉलिज्म भी प्रभावित हो सकता है. जिससे पेट की चर्बी और पूरे शरीर का वजन बढ़ सकता है. इसलिए वजन कंट्रोल करना चाहते हैं तो तनाव लेना बंद करना पड़ेगा.

**जेनेटिक्स भी हो सकता है मोटापा**-मोटापा जेनेटिक्स भी हो सकता है. मतलब अगर परिवार में कोई मोटापे का शिकार है तो काफी हद तक यह आपमें भी आ सकता है. जीन शरीर में वसा की मात्रा को बढ़ा सकते हैं. ऐसे में विशेष सावधानी और ख्याल रखने की सलाह दी जाती है.

**कई दवाइयां भी मोटापे का कारण**-लाइफस्टाइल, आहार में गड़बड़ी और तनाव ही नहीं कुछ दवाईयां भी वजन बढ़ाने और मोटापा लाने का कारम हो सकती है. एंटीडिप्रेसेंट, स्टेरॉयड, एंटी-सीजर दवाएं, डायबिटीज की दवाईयां या बीटा-ब्लॉकर्स का सेवन करने वालों का वजन काफी हद तक बढ़ सकता है. इसलिए डॉक्टर की सलाह पर ही इन दवाईयों का सेवन करें.

**कुछ बीमारियों की वजह से बढ़ सकता है मोटापा**-कई स्वास्थ्य समस्याएं भी वजन बढ़ाने का कारण बन सकती हैं. जैसे- गठिया से पीड़ित लोगों की फिजिकल एक्टिविटीज कम हो जाती है. इस वजह से उनमें मोटापा और वजन बढ़ने की समस्या हो सकती है. इसलिए सेहत का अच्छी तरह ख्याल रखना चाहिए.

## एक नजर

### भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू ने किया डोर टू डोर जनसंपर्क

**राजिम, 5 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत घोषित प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू जी का आज नवापारा नगर में सघन जनसंपर्क कार्यक्रम किया गया जिसमें गोबरा बस्ती में नगर देवता कचना धुर्वा की पूजा अर्चना कर डोर टू डोर प्रत्येक घरों में जाकर सघन जनसंपर्क किया गया जिसमें गोबरा बस्ती होते हुए खोलीपारा वार्ड नंबर दो में प्रत्येक घरों में जनसंपर्क किया गया साथ ही सभी मतदाताओं से सहयोग व आशीर्वाद मागा।यह क्रम निरंतर नवापारा नगर के प्रत्येक वार्डों में सघन जनसंपर्क अभियान निरंतर जारी रहेगा आज के इस जनसंपर्क अभियान में विशेष रूप से भाजपा विधान सभा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू, नवापारा भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, महामंत्री नवल साहू, किशोर देवांगन, नगर पंचायत अभनपुर अध्यक्ष कुंदन बघेल, जनपद पंचायत सदस्य सूरज साहू, परदेसी राम साहू, धीरज साहू, हितेश मंडई, रेशम हुंदल ईमरान सोलंकी, मायाराम साहू, रूपेंद्र चंद्राकार, पार्षद रवि साहू, ओमकुमारी साहू, कार्यसमिति सदस्य मुकुंद मेश्राम,संजय साहू, भूषण सोना, तुकाराम साहू, अखिलेश्वर शर्मा, तुकाराम साहू, मनीष चौधरी, दुकालू चक्रधारी, रूपेंद्र साहू, जय साहू, रजत राजपूत, हरिराम साहू, चेतन साहू, सोनाऊ राम साहू, पकज देवांगन, धन्नू साहू, गोवर्धन साहू, नंदू साहू, खिलेश्वर साहू, भारत साहू, कैलाश तिवारी, रामेश्वर देवांगन, गुलशन साहू, गजाधर साहू, प्रकाश प्रजापति, मनीष देवांगन, नागेन्द्र वर्मा, मुकेश निषाद सहित समस्त वार्ड वासी एवं भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



### मुख्यमंत्री 6 को 866 करोड़ के 518 विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**कांकेर 5 अक्टूबर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल 6 अक्टूबर को कांकेर जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान उनके द्वारा 8 अरब 66 करोड़ 16 लाख रूपये के 518 विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया जाएगा। इनमें 5 अरब 50 करोड़ 13 लाख रूपये के 277 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और 3 अरब 16 करोड़ 03 लाख रूपये के 241 कार्यों का लोकार्पण शामिल हैं। साथ ही कार्यक्रम के दौरान जिले के 12 हजार 730 हितग्राहियों को लगभग 5 करोड़ 78 लाख 31 हजार रूपए की सामग्री वितरित की जाएगी।मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा 06 अक्टूबर को गोविन्दपुर (खेल मैदान) में आयोजित कार्यक्रम ''नगरीय निकाय एवं पंचायती राज महासम्मेलन'' में शिरकत करेंगे।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल के सैकड़ों छात्रों ने नेशनल हाईवे-63 पर किया चक्का जाम





- शिक्षकों की मांग को लेकर घण्टे भर से ज्यादा समय तक किया जाम
- गर्म सड़क पर बैठकर अपनी मांगों को लेकर डटे रहे छात्र
- बाल-संसद के माध्यम से भी कर चुके है शिक्षकों की मांग
- मांग नही हुई पूरी तो सड़क पर उतरे छात्र

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 5 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में बुधवार की दोपहर चिलचिलाती धूप में जगदलपुर-बीजापुर मार्ग नेशनल हाईवे 63 पर जावंगा एजुकेशन सिटी में स्वामी आत्मानन्द स्कूल की सैकड़ो छात्राओं ने चक्का जाम कर दिया। छात्रों के मुताबिक यह चक्का जाम स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शा कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय गीदम में शिक्षकों की मांग को लेकर किया गया। बताया जा रहा है कि विद्यालय के प्रत्येक कक्षा में 200 से 250 बच्चे अध्यनरत है जिसमे प्रत्येक कक्षा के 2 से 3 सेक्शन है। ऐसे में हर विषय के एक शिक्षक होने के कारण पूरी कक्षाओं में अध्यापन नही हो पाता है। इसके लिए बच्चो ने प्राचार्य को भी कई बार अवगत कराया है, जब मांग पूरी नही हुई तब सैकड़ो छात्राएं सड़क पर उतर गई। छात्राओं के इस चक्का जाम प्रदर्शन से नेशनल हाइवे पर वाहनो की कतार भी लगने लगी। छात्रों द्वारा जैसे ही चक्का जाम प्रदर्शन की खबर प्रशासन को लगी प्रशासन में हड़कंप मच गया। प्रशासनिक अमले से गीदम एसडीएम अभिषेक तिवारी, शिक्षा विभाग से डीएमसी सीएल सोरी, बीईओ शेख रफीक मौके से यहां पहुँचे और छात्राओं की मांगो को सुनते हुए उन्हें प्रदर्शन रोकने की समझाइश दी और बच्चो को मार्ग से हटाया गया। इस दौरान गीदम बीईओ शेख रफीक ने कहा कि बच्चो की मांगों पर शीघ्र ही कार्यवाही की जाएगी।

इधर छात्रों के प्रदर्शन के बाद जिला कलेक्टर विनीत नन्दनवार ने मीडिया से बयान जारी करते हुए कहा कि विद्यालय में कुल टीचर्स में चार शिक्षिकाएं है जिनमे कुछ मैटरनिटी लीव पर थे वही कुछ अतिथि शिक्षकों ने जॉब छोड़ दिया है, इस वजह से शायद जानकारी का अभाव रहा है जिसमे बच्चो ने इस तरह का प्रदर्शन किया है। हम लगातार इसकी मॉनिटरिंग करते है फिर भी अगर कोई मांग आई है बच्चो की तो उसे जरूर पूरा किया जाएगा।

### बाल संसद के माध्यम से भी कर चुके है शिक्षकों की मांग

विद्यालय में गठित बाल संसद के माध्यम से भी स्कूली बच्चे शिक्षकों की मांग कर चुके है। छात्रों के मुताबिक इससे पूर्व में कई बार शिक्षकों की मांग मौखिक व लिखित की गई है, लगभग सप्ताह भर पहले भी मांग की गई थी जिसमे बच्चो द्वारा यह जिक्र किया गया है कि 9 वीं कक्षा में गणित की पढ़ाई छोड़कर कोई पढाई नही हो रही, वही 10 वी में गणित, आईटी, हेल्थ, स्टेनो कोपा की पढ़ाई प्रभावित हो रही, सा. वि. की पढ़ाई सप्ताह में एक दिन हो रही, वही 11 वीं में पशुपालन, फसल उत्पाद की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। वही हिंदी- अंग्रेजी सप्ताह में एक दिन पढाई जा रहा। 11 वीं आर्ट में हिंदी- अंग्रेजी सप्ताह में एक दिन पढ़ाया जा रहा, 11 वीं बायो में अंग्रेजी की पढ़ाई प्रभावित हो रही। इधर 12 वीं एग्री. में कृषि विज्ञान, फसल उत्पाद व पशुपालन की पढ़ाई प्रभावित हो रही वही 12 वीं कला में राजनीति की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, भूगोल सप्ताह में एक दिन पढ़ाया जाता है। इसके साथ ही सभी कक्षा में आईटी, हेल्थ, स्टैनो कोपा की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। विद्यालय में बाल संसद के माध्यम से बच्चो द्वारा इस तरह की मांग करना बताया जा रहा है।

### सीपीआई के दंतेवाड़ा विधानसभा से भीमसेन मंडावी होंगे प्रत्याशी

# सीपीआई ने बस्तर संभाग से 7 प्रत्याशियों के नामों का किया ऐलान

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 5 अक्टूबर।** विधानसभा चुनाव की तिथि ज्यों ज्यों नजदीक आती जा रही है। राजनीतिक दल अपने अपने प्रत्याशियों की लिस्ट एक एककर जारी करते जा रहे हैं। इस मामले में जहां बीजेपी ने माह भर पहले ही 21 प्रत्याशियों की सूची जारी कर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा करने वालों की सूची में अपना नाम सबसे उपर दर्ज करवा लिया हो मगर अब तक भाजपा की दूसरी लिस्ट जारी नहीं की गई है। वहीं कांग्रेस की बात करें तो सूची जारी करने के मामले में यह सबसे पीछे रही है। वहीं सूची जारी करने के मामले में सीपीआई ने सेकण्ड बाजी मार ली है।

गौरतलब है कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कम्युनिस्ट पार्टी की छत्तीसगढ़ राज्य परिषद ने आगामी विधानसभा के लिए बस्तर संभाग के 12 में से 7 विधान सभा के प्रत्याशियों के नामों की अधिकृत घोषणा कर दी है। जिसमें कोंटा विधान सभा से मनिष कुंजाम, दंतेवाड़ा से भीमसेन मंडावी, बीजापुर से पी लक्ष्मीनारायण, चित्रकोट से रामूराम मौर्य, कोंडागांव से जयप्रकाश नेताम, केशकाल से दिनेश मरकाम तथा नारायणपुर से फूलसिंह कलचाम के नामों पर मुहर लगी है। दंतेवाड़ा वि.स. प्रत्याशी भीमसेन मंडावी की बात करें तो श्री मंडावी वर्तमान में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी दंतेवाड़ा इकाई में जिला सचिव के पद पर हैं, वे पार्टी के कर्मठ सिपाही हैं। नामों का ऐलान होने के बाद अब इन प्रत्याशियों को अपने अपने विधान सभा क्षेत्र में चुनावी रणभेदी में कमर कसकर उतरने को कहा गया है। हालांकि छ0ग0 में सीपीआई का जनाधार कमजोर है वहीं बस्तर के 12 विधान सभा क्षेत्रों की बात करें तो कोंटा, सुकमा तथा दंतेवाड़ा विधान सभा में सीपीआई कैडर मजबूत है ये अलग बात है कि इन क्षेत्रों से भी उन्हें कोई खास सफलता नहीं मिलती लेकिन सीपीआई की उपस्थिति काफी हद तक इन इलाकों में है ऐसा माना जा सकता है। यह भी याद रखना होगा कि वर्ष 2008 के विधान सभा चुनाव में जब कांग्रेस के कद्दावर नेता तथा बस्तर टाईगर के नाम से मशहूर बस्तर के कददावर बडे नेता स्व0 महेंद्र कर्मा को भाजपा के नए नवेले प्रत्याशी भीमा राम मंडावी ने शिकस्त दे दी थी। वहीं दूसरे पायदान पर सीपीआई के मनिष कुंजाम रहे थे जबकि सबसे बड़ी पार्टी के नेता महेंद्र कर्मा चुनाव तो हारे ही थे उनकी स्थिति तीसरे नंबर की थी। इसलिए यह कहना कि यहां सीपीआई बहुत कमजोर है गलत होगा। आम आदमी पार्टी के उदय होने के बाद से स्थितियां काफी बदली है। ये दल भले ही अपने प्रत्याशियों को चुनाव न जीता पाएं मगर ये भी सच है कि सीपीआई व आप जैसी पार्टियां भाजपा व कांग्रेस को काफी नुकसान पहुंचा सकती है। क्रिकेट व राजनीति का पिच कब किसको नीचे उतार दे और कब किसको सरताज बना दे इसका अंदाजा कोई नहीं लगा सकता।



## समाचार संक्षेप

### सीसी रोड, पुल निर्माण के भूमिपूजन व देवगुड़ी के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए लखमा

**सुकमा, 5 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आबकारी मंत्री श्री कवासी लखमा जिले के प्रवास पर है। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम सीसी रोड, पुल निर्माण के भूमिपूजन व देवगुड़ी के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। मंत्री श्री लखमा ने नवनिर्मित देवगुड़ी का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आदिवासियों का विकास को लेकर विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रहा है। साथ ही धान बेचने वालों को एक एकड़ में 20 क्विंटल की खरीदी जायेगी। आज स्कूल आश्रम खोलने का काम किया जा रहा है, हॉस्टल के लोगो को को पहले 800 रुपये दिया जाता था उसे राज्य सरकार बढ़ाकर 1500 कर दी है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का पहले छ हजार रुपये से बढ़ाकर दस हजार कर दी है। सुकमा जिले में ही इस बार तेंदुपत्ता से 50 करोड़ का फायदा लोगो को मिला। आज टोरा, ईमली, महुआ की खरीदी की जा रही है। महुआ की राशि बढ़ाकर 30 रुपये महुआ कर दिया गया, जिससे गरीब आदिवासियों को आर्थिक लाभ मिल रहा है। आज मातागुड़ी मंदिर छिंदगढ़ में भव्य रूप से बनाया गया है। आज सभी जगहों पर देवगुड़ी के निर्माण के लिए 05 लाख की आर्थिक सहायता सरकार के द्वारा की जा रही है।

औचक निरीक्षण के लिए नयानार स्कूल पहुँचे - कैबिनेट मंत्री श्री कवासी लखमा बच्चों से मिलने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नयानार पहुँचे। जहां उन्होंने बच्चों से पढ़ाई लिखाई के बारे में जानकारी लिए साथ ही उन बच्चों से सवाल जवाब करते भी दिखे। बच्चों के द्वारा पढ़ लिख कर डॉक्टर, पुलिस व शिक्षक बनने की बात कही। मंत्री ने बच्चों को खूब पढ़ाई लिखाई व मेहनत करने बात करते हुए उज्वल भविष्य की कामना किये।

बेली ब्रिज का फीता काटकर उद्घाटन - मंत्री कवासी लखमा ने बेली ब्रिज का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उन्होंने बताया की पहले पेंदलनार से सुरभिरास आने में घूमर 40 किलोमीटर का रास्ता सफर करना पड़ता था। लोगो को आने जाने में समय अधिक लगता था साथ ही परेशानियों का सामना करना पड़ता रहा, किन्तु आज गोरली नदी में पुल के निर्माण से मात्र 03 किलोमीटर में ही पेंदलनार से सुरभिरास पहुँचा जा सकता है। आप सभी को देख कर मुझे खुशी हो रही है। संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण पहले इस गांव में लोग आने से लोग डरते थे किंतु आज हमारी सरकार बनने के बाद इस क्षेत्र में शांति हो रही है। आज सरकार की जनकल्याणकारी योजनों का लाभ गांव गांव तक पहुंच रहा है।

### कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा ने बेली ब्रिज का फीता काटकर उद्घाटन किया



**सुकमा, 5 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उन्होंने बताया की पहले पेंदलनार से सुरभिरास आने में घूमर 40 किलोमीटर का रास्ता सफर करना पड़ता था। लोगो को आने जाने में समय अधिक लगता था साथ ही परेशानियों का सामना करना पड़ता रहा, किन्तु आज गोरली नदी में पुल के निर्माण से मात्र 03 किलोमीटर में ही पेंदलनार से सुरभिरास पहुँचा जा सकता है। आप सभी को देख कर मुझे खुशी हो रही है। नक्सल प्रभावित होने के कारण पहले इस गांव में लोग आने से लोग डरते थे किंतु आज हमारी सरकार बनने के बाद इस क्षेत्र में शांति हो रही है। आज सरकार की जनकल्याणकारी योजनों का लाभ गांव गांव तक पहुंच रहा हूं।

### राज्य परिषद की बैठक में चुनाव पर चर्चा

**सुकमा, 5 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य परिषद का। बैठक तिलक पांडे की अध्यक्षता केंद्रीय प्रभारी कामरेड रामकृष्ण पांडा उपस्थिति में राज्य सचिव कामरेड मनीष कुंजाम सत्यनारायण कमलेश ,रामा सोडी, रामू राम मौर्य, जी आर नेगी ,गंगा राम नाग कवासी हंदा, हड़मा मरकाम आराधना मरकाम ,मंजू कवासी, महेश कुंजाम ,सोनाधार नाग, रामधर बघेल,देवाराम मंडावी ,शेलेंद्र कश्यप, कमलेश झाड़ी , पी लक्ष्मीनारायण ,मंगल कश्यप, भीम सेन मंडावी ,शंकर राव राजेश नाग ,जीवन बघेल ,कामरेड तिरुमल रमन, धीरज शर्मा,पुष्पा सोढ़ी,अशोक श्रीवास्तव, बी एल श्रीवासतव , शुधरू कुंजाम, सोना राम मुदमी,जितेंद्र सोढ़ी साथ आदि मौजूद थे जिसमे विधान सभा चुनाव पर चर्चा किया गया जिसमे बस्तर के सात प्रत्यासियों नाम ऐलान किया गया जिसमे 1, कोंटा से मनीष कुंजाम,2,दंतेवाड़ा से भीमसेन मंडावी ,3, बीजा पर से पी,लक्ष्मीनारायण, 4, चित्रकूट रामुराम मौर्य ,5,कोंडागांव जयप्रकाश नेताम,6,केशकाल से दिनेश मरकाम,7,फूलचंद आचलम, इन नमो पर तय किया गया है।

### कलेक्टर ने निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन की दी जानकारी

**जगदलपुर, 5 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने बुधवार को प्रेसवार्ता में मीडिया प्रतिनिधियों को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली की सीडी प्रदान किए।

# आम आदमी पार्टी की चुनावी रणनीति पर हुई बैठक में चर्चा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,5 अक्टूबर।** राजिम आम आदमी पार्टी के राजिम विधानसभा प्रत्याशी घोषणा के बाद केजरीवाल की गारंटी को घर घर पहुंचाने व जन सम्पर्क का कार्य पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्याशी तेजराम साहू (विद्रोही) द्वारा किया जा रहा है। इस बीच बुधवार को विश्राम गृह राजिम में प्रदेश सह प्रभारी एवं पंजाब विधायक हरदीप सिंह मुंडिया के मुख्य आतिथ्य एवं जिला अध्यक्ष सियाराम ठाकुर की अध्यक्षता में राजिम विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की आवश्यक सांगठनिक बैठक रखा गया। हरदीप सिंह मुंडिया ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे सामने दिखने के लिए दो बड़ी पार्टियां कांग्रेस और भाजपा जरूर है परंतु राज्य की जनता भाजपा के पंद्रह साल और कांग्रेस के आठ साल की शासन से परेशान है आज भी उनके वायदा खिलाफी का शिकार है उन्होंने जो वायदा जनता से किया था वह आज भी अधूरी है। दिल्ली में केजरीवाल जी और पंजाब में भगवंत मान जी का सरकार हर महीने हर घर को 24 घंटे 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने, बेहतर व मुफ्त शिक्षा देने, बेहतर स्वस्थ्य व मुफ्त चिकित्सा, सभी विभागों के संविदा, प्लेसमेंट, ठेका व अनिनियमित कर्मचारियों को नियमित करने, महिलाओं के लिए सम्मान, शहीद सम्मान देने काम कर रही है। पंजाब में किसानों को उनके फसल का पूरे साल भर सम्मान जनक दाम मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर उन योजनाओं को छत्तीसगढ़ में गारंटी के साथ लागू करना है। इसके लिए राजिम विधानसभा क्षेत्र में घर घर केजरीवाल जी की गारंटी को पहुंचाना है प्रत्याशी तेजराम विद्रोही को जीत दिलाने के लिए हर कार्यकर्ता को कमर कस कर तैयार होकर काम करना है। हमारे पास धनबल व अन्य संसाधनों की कमी जरूर है लेकिन जिस तरह से दिल्ली और पंजाब में आत्मबल तथा जन सहयोग से जीत हासिल किए हैं वही ऊर्जा की आवश्यकता है। पार्टी ने तेजराम साहू ( विद्रोही) के पिछले बीस सालों से किसानों व आम जनता की अधिकार के लिए सतत संघर्ष, जुझारूपन से प्रभावित होकर उन्हें राजिम विधानसभा से प्रत्याशी बनाया है और इस चुनाव में हमारे आम आदमी पार्टी का सभी सदस्य अपने आप को प्रत्याशी मानकर काम करेंगे और केजरीवाल की गारंटी कार्ड को जनता तक ले जाएंगे। बैठक में श्रवण यादव ब्लाक अध्यक्ष गरियाबंद, रुद्रसेन सिन्हा ब्लाक अध्यक्ष फिंगेश्वर,चमन यादव ब्लाक अध्यक्ष छुरा,सेवा राम साहू ब्लाक अध्यक्ष पांडुका,लोकेश साहू ब्लाक अध्यक्ष राजिम, संतोष सोनवानी जिला सचिव गरियाबंद, बलीराम ठाकुर ब्लाक अध्यक्ष मैनपुर, जयलाल पाथर ब्लाक अध्यक्ष अमलीपदर, अरविन्द शर्मा राजिम,राजा ठाकुर राजिम, महेश यादव छुरा, मदनलाल साहू राजिम,उत्तम साहू राजिम, अर्जुन सिंह पोर्ते चलनापदर,भरत आटी गुड़भेली, हेमंत साहू फिंगेश्वर, मायाराम कपिल कोयबा, दुष्यंत ओटी कोयबा,धीरज कुमार शर्मा बिड़ोरा,सोमन यादव,रेखूराम साहू, ललित कुमार साहू, योगेन्द्र साहू, होरी लाल, कन्हैया लाल, पवन साहू,नंदू ध्रुव उपस्थित रहे।



### जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों की बैठक लेकर दी चुनाव संबंधी जानकारी दी



**सुकमा, 5 अक्टूबर।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की तैयारियां चल रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस. एस ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप राजनैतिक दलों की बैठक लेकर आवश्यक जानकारी दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में सभाकक्ष में आयोजित बैठक में राजनैतिक दलों को मतदाता सूची की अंतिम प्रकाशन जारी होने की जानकारी दी। उन्होने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो जाता है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवेश पैकरा ने आदर्श आचार संहिता के संबंध में सभी राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया। बैठक में विभिन्न राजनैतिक दलों तथा अभ्यर्थियों द्वारा अपने निर्वाचन प्रचार हेतु किए जाने वाले व्यय की गणना, विभिन्न सामाग्रियों, सेवाओं आदि के लिए दर निर्धारण के बारे में भी बताया गया। इनमें मुख्य रूप से खाद्य सामाग्री, पंडाल, मंच-निर्माण, स्वागत द्वार, माइक व्यवस्था एवं ध्वनि विस्तार, होर्डिस, फ्लैग्स, बैनर, वाहनों की दैनिक भाड़ा, होटल रेस्ट हाऊस का प्रतिदिन का खर्च, हैलिपैड किराया आदि शामिल है। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।



### दिव्यांगजन स्वास्थ्य शिविर प्रशिक्षण का हुआ समापन

**दंतेवाड़ा 5 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से जून 2023 से अक्टूबर 2023 तक सभी विकासखंडों में दिव्यांग जनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार संपन्न किया गया था जो सफलतापूर्वक रहा है। बुधवार 4 अक्टूबर को विकासखंड दंतेवाड़ा में शिविर का समापन हुआ। शिविर मे 144 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया था जिसमें 110 दिव्यांगजनों का तत्काल प्रमाण पत्र जारी किया गया एवं 36 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण तत्काल शिविर स्थल पर ही उपलब्ध कराया गया। 18 वर्षसे उपर के दिव्यांग मतदाताओ को स्वीप के माध्यम से जागरूक शपथ ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर डॉ. संजय कन्नोजे, अनुविभागीय अधिकारी, शिवनाथ बघेल, डिप्टी कलेक्टर, मुकेश गौड़, उप संचालक, संतोष टोप्पो, एवं सभी कार्यालय इन कर्मचारी उपस्थित थे।

# चंदन साहू को श्रद्धांजलि देने सहसपुर पहुंचे शैलेंद्र साहू

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 5 अक्टूबर।** ग्राम सहसपुर के रहने वाले 12 साल के चंदन साहू का ट्रैक्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई यह खबर जब शैलेंद्र साहू तेलघनी विकास बोर्ड के सदस्य को मिली तो वह तत्काल उनके दशगात्र कार्यक्रम में पहुंचे और इस दौरान उन्होंने परिवार से मिलकर उनके साथ में बेटे का दर्द बाटा। इस दौरान शैलेंद्र साहू ने कलेक्टर को तत्काल फोन लगाकर इस दुर्घटना और दुखद खबर की जानकारी दी और कहा कि बच्चों के परिवार को मदद के लिए सरकार द्वारा मदद की जाए ताकि परिवार का दुख बनता जा सके इस पर कलेक्टर साहब ने तत्काल कहां की यथासंभव जो भी बनेगा वह प्रशासन द्वारा किया जाएगा उसके बाद तहसीलदार को शैलेंद्र साहू ने फोन लगाया तहसीलदार ने बच्चों के परिवार को सांत्वना राशि देने के लिए तैयार हुए और कई अधिकारियों से बात कर बच्चों के परिवार को उनके दुख बांटने के लिए फोन किया इस दौरान आसपास के ग्रामीण एवं सभी घर वाले उपस्थित थे शैलेंद्र साहू ने अपने तरफ से सांत्वना राशि के रूप में परिवार को ?5000 दिए ताकि परिवार को इस समय होने वाले खर्चे से थोड़ा राहत मिले इस दौरान शैलेंद्र साहू ने परिवार को आश्वासन दिया कि किसी वृद्धि प्रकार की कोई भी आवश्यकता पड़े तो उसके लिए मैं हमेशा आप सभी के साथ में हूं आप मुझे कभी भी याद करेंगे आपकी जो भी समस्याएं रहेंगी मैं उनका समाधान करने के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा और कभी भी बेटे का कमी कोई भी पूरा नहीं कर सकता लेकिन जहां जितना बंद पड़े हम आपकी सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और आपके सहयोग करने के लिए सदैव आपके साथ आपके गांव के साथ हमेशा रहेंगे। इस दौरान शैलेंद्र साहू ने चंदन यादव को श्रद्धांजलि दी एवं परिवार के साथ बैठकर उनका दुख बांटने का प्रयास किया।



## एक नजर

### खल्लारी सहित सात स्वास्थ्य केन्द्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणपत्र मिला



**महासमुंद,5 अक्टूबर।** भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन नई दिल्ली द्वारा जिले के बागबाहरा विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खल्लारी को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणपत्र (एनक्यूएएस) से सम्मानित किया गया। जिले के कुल सात स्वास्थ्य केंद्रों को एनक्यूएएस प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। जिसमें खल्लारी सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागबाहरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोमाखान, पटेवा, बिरकोनी, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर सिंघनपुर व कौंसरा शामिल है।प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खल्लारी ने 87 प्रतिशत अंक पाकर देश में नाम रोशन किया। इसमें 6 विभागों की बारीकियों से जांच होती है जिसमें एनएचएसआरसी की टीम विभाग के मानक मापदंड अनुरूप सेवाओं का मूल्यांकन भारत सरकार के निर्धारित प्रपत्र अनुसार किया गया। जिसमें ओपीडी, आईपीडी, लैबोरेटरी सर्विसेस, लेबर रूम, नेशनल प्रोग्राम, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन सहित रोगियों के अधिकार, इनपुट, सहयोगी सेवाएं, क्लीनिकल सेवाएं, संक्रमण नियंत्रण, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, परिणाम में बांटकर निर्धारित बिंदुओं पर विस्तृत रूप से मूल्यांकन किया। जिसमें समस्त स्टाफ से बारी-बारी उनके द्वारा दी जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी लिया गया एवं बिंदुवार दी गई जानकारी एवं रिकॉर्ड को जांच परख कर मूल्यांकन किया गया।

### मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली पत्रकार-वार्ता



**महासमुंद,5 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने पत्रकार-वार्ता में बताया कि प्रदेश में निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद 4 अक्टूबर को सभी मतदान केंद्रों में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में दावा-आपत्ति 02 अगस्त 2023 से 11 सितम्बर 2023 तक लिया गया। जिसमें कुल फार्म-6 के अंतर्गत 33,176 एवं फार्म-7 के अंतर्गत 8,872 फार्म प्राप्त हुए एवं शत् प्रतिशत निराकरण किया गया। इस तरह पुनरीक्षण अवधि में कुल 33,176 नये मतदाता पंजीकृत हुए जिसमें से 18 से 19 वर्ष के 10,462 नए पंजीकृत युवा मतदाता है। पत्रकार वार्ता में उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू मौजूद थे।जिला निर्वाचन अधिकारी मलिक ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत वर्तमान में महासमुंद जिले में 4,21,140 पुरुष मतदाता, 4,32,742 महिला मतदाता एवं 20 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। इस तरह जिले में कुल 8,53,902 मतदाता पंजीकृत है। इसमें से 25,677 मतदाता 18 से 19 वर्ष के युवा मतदाता है। 80 से अधिक आयु वर्ग के 7,570 वरिष्ठ मतदाता है एवं 5,288 दिव्यांग मतदाता है तथा 375 सेवा मतदाता पंजीकृत हैं। जिले का लिंग अनुपात 1028 एवं ई.पी. रेशियो 67.46 प्रतिशत है। महासमुंद जिले में कुल 3,472 कमजोर जनजाति समुदाय (पीवीटीजीएस) के व्यक्ति निवासरत है। जिसमें से 1862 व्यक्ति 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के है, जिनका शत प्रतिशत मतदाता सूची में नाम पंजीकृत किया गया है।

### पुष्पा गजपाल पीहू को सकारात्मकता संचार करने के लिए मिला साहित्य सम्मान



**महासमुंद।** वृंदावन हाल सिविल लाईन रायपुर में नव कलमकार साहित्य संस्थान के द्वारा प्रदेश स्तरीय साहित्य सम्मान कार्यक्रम रखा गया था जिसमें महासमुन्द धरा की श्री मति पुष्पा गजपाल पीहू को श्रेष्ठ कविता के माध्यम से कोरोना काल की विपरित परिस्थितियों में भी समाज में सकारात्मकता के संचार करने में अहम भूमिका निभाने हेतु प्रदेश स्तरीय साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया।

### कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की ली बैठक



**रायगढ़, 5 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनीतिक दलों की बैठक ली। कलेक्टर श्री सिन्हा ने मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन से अंतिम प्रकाशन तक के निराकृत फार्म-6, 7 एवं 8 के बारे में जानकारी दी। बैठक में उन्होंने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को फोटोयुक्त मतदाता सूची की प्रति में उपलब्ध करायी। कलेक्टर श्री सिन्हा ने इस दौरान प्रतिनिधियों को बताया जिले की चार विधानसभाओं में फार्म-6 के 27 हजार 826, फार्म-7 के 18 हजार 191 और फार्म-8 के 13 हजार 443 आवेदन पत्रों सहित प्राप्त कुल 59 हजार 460 आवेदन पत्र का निराकरण किया गया है। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन 2 अगस्त से अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर 2023 की अवधि में जिले के 4 विधानसभा क्षेत्र में 27 हजार 826 मतदाता का नाम जोड़ा (परिवर्धन)गया है तथा 18 हजार 191 मतदाता का नाम काटा (विलोपन) एवं 13 हजार 443 मतदाता का मतदाता सूची में संशोधन किया गया है।

भरोसे का सम्मेलन-कोड़ातराई में शासन की विभिन्न योजनाओं के 3088 हितग्राहियों को सहायता राशि व सामग्री का वितरण

# किसान, गरीब, मजदूर सहित सभी वर्ग के लोगों की भलाई और उत्थान के लिए कार्य कर रही छत्तीसगढ़ सरकार: खड़गे

**रायगढ़, 5 अक्टूबर।** नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद श्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज रायगढ़ जिले के ग्राम कोड़ातराई में आयोजित 'भरोसे का सम्मेलन' को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में चारों तरफ विकास ही विकास दिखाई दे रहा है। यहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा लोगों की भलाई के लिए सतत रूप से जनहितैषी कार्यक्रम चलाए जा रहे है। सम्मेलन में लोगों की जुटी अपार भीड़ और उनमें सरकार के प्रति विश्वास से साफजाहिर हो रहा है कि यह सम्मेलन सिर्फ भरोसे का सम्मेलन ही नहीं, बल्कि यह भरोसे का अनुष्ठान सम्मेलन है।

नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद श्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने संबोधन की शुरुआत जय जोहार जय छत्तीसगढ़ महतारी के नमन के साथ किया। उन्होंने कहा कि ऐसा सम्मेलन शायद देश के किसी कोने में, किसी भाग में नहीं हुआ। ये गर्व की बात है कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में हर जगह भरोसे का सम्मेलन का आयोजन हो रहा है, जो सरकार के प्रति लोगों के विश्वास को दर्शाता है। नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद श्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में गरीब, किसान, मजदूर, महिला, आदिवासी, युवा तथा वंचित व कमजोर वर्ग सहित बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सबके हित में बखूबी काम हो रहा है। यहां राज्य सरकार ने आम लोगों की जरूरत को समझकर योजनाएं बनाई। इन योजनाओं से लाखों-करोड़ों हाथों को काम मिल रहा है। उन्हें सुगमता से रोजगार उपलब्ध हुए हैं और उनकी आय में भी बढ़ोत्तरी हुई है। नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद श्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने विपरीत परिस्थितियों में भी छत्तीसगढ़ के विकास का काम कभी नहीं रोका। मैं आप सभी को बधाई देता हूँ। छत्तीसगढ़ में आज चारो तरफ विकास हो रहा है। हमारी सरकार लोगों को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। गोधन न्याय योजना से लघु उद्योगों को मजबूती मिली है। गांवों में रोजगार बढ़े हैं। अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है।

नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद श्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डायरेक्ट बेनिफिट योजनाओं के माध्यम से पांच सालों में 1 लाख 75 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि आम लोगों की जेब में डाले गए हैं। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ में



विगत 5 सालों में 40 लाख से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार जितना कहती है, उससे ज्यादा करती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहले 27 जिले थे, आज 33 जिले हैं, तहसीलों की संख्या भी बढ़ी है। इससे प्रशासनिक काम-काज में सुविधा होने के साथ-साथ लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ तत्परता से पहुंचने लगा है। यहां लोगों की आमदनी बढ़ी है।मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भरोसे का सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरू घासीदास के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कला एवं संस्कृति की नगरी रायगढ़ की पावनधरा से आज से 82 विकासखण्डों में जैतखाम की स्थापना के लिए भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कहा कि सत्य के रास्ते में चलने का संदेश बाबा गुरु घासीदास जी का है। सत्य के रास्ते को महात्मा गांधी जी ने भी बताया। सत्य का रास्ता हमारा रास्ता है। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू जी से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री, श्रीमती इंदिरा गांधी, श्री राजीव गांधी, श्री नरसिम्हा राव, श्री मनमोहन सिंह सभी का उद्देश्य हिंदुस्तान की जनता को ताकतवर बनाने का रहा। इनके बताए मार्ग पर चलकर हमारी सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में आम लोगों के जीवन में बेहतरी लाने का कार्य निरंतर हो रहा है। इससे छत्तीसगढ़ के समग्र विकास को नई गति मिली है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमारे सुदूर वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी भाइयों बहनों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए लघु वनोपज खरीद-बिक्री के लिए सुगम व्यवस्था की। इसके परिणाम स्वरूप आज देश का तीन चौथाई लघुवनोपजों का संग्रहण छत्तीसगढ़ में हो रहा है। जिसका लाभ 12.50 लाख संग्राहकों को मिल रहा है। इसके अलावा संग्राहकों की भलाई के लिए हमने शहीद महेंद्र कर्मा के नाम से बीमा योजना भी शुरू की है। इस तरह ये छत्तीसगढ़ मॉडल है, जिसमें सबसे किया वायदा हम निभाते हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समर्थन मूल्य में धान खरीदी, भूमिहीन मजदूरों को 7 हजार रुपए प्रतिवर्ष आर्थिक अनुदान, अंग्रेजी माध्यम में निःशुल्क शिक्षा देने का वायदा था, हमने दिया। आज छत्तीसगढ़ में किसान, नौजवान, मजदूर, महिलाएं, बच्चे सभी को मजबूत कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार जनता का पैसा जनता तक सही ढंग से उपयोग कर उसे वापस लौटा रही है। छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार संसाधनों का उपयोग जनहित में कर रही है।उप मुख्यमंत्री श्री टी.एस.सिंहदेव ने भरोसे के सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और सभी वर्ग के लोगों के लिए अच्छा काम कर रही है। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। इस अवसर पर सांसद श्री दीपक बैज ने अपने उद्बोधन में कहा कि ये छत्तीसगढ़ सरकार के भरोसे का सम्मेलन है। ये हमारे किसानों, युवाओं के भरोसे का सम्मेलन है। छत्तीसगढ़ की माताओं, बहनों का भरोसे का सम्मेलन जिनके हाथों को काम मिला है। गरीब के बच्चे को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा मिल रही है, उस भरोसे का सम्मेलन है। मजबूत स्वास्थ्य सुविधाओं के भरोसे का सम्मेलन है। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री कुमारी शैलजा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत, गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री गुरू रूद्र कुमार, संसदीय सचिव श्री चंद्रदेव राय, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष श्री नंद कुमार साय, विधायक रायगढ़ श्री प्रकाश नायक, विधायक धरमजयगढ़ श्री लालजीत सिंह राठिया, विधायक लैलूंगा श्री चक्रधर सिंह, विधायक सारंगढ़ श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े, कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# 75 सीटें जीतकर कांग्रेस की सरकार बनानी है:ज्योति



**महासमुंद।** महिला कांग्रेस कमेटी की लोकसभा प्रभारी व मुबंई की महिला सचिव ज्योति मोहन ढेपे का बुधवार को महासमुंद में प्रथम नगर आगमन हुआ। महिला कांग्रेस की प्रदेश व नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में महिला कांग्रेस नेत्रियों द्वारा उनका नेहरू चौक में आतिशी स्वागत किया गया।कांग्रेस भवन में आयोजित स्वागत समारोह के बाद श्रीमती ढेपे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में इस बार भूपेश बघेल की न सिर्फ सरकार बनानी है, बल्कि 90 में से 75 सीटों पर जीत भी दर्ज करनी है और भूपेश बघेल के 75 पार के लक्ष्य को पूरा करना है। इसमें महिलाओं की अहम भूमिका होगी। इसके लिए महिला कांग्रेस कमेटी की सभी महिलाओं को सरकार की योजनाओं और किए गए कार्यों की जानकारी जनता तक पहुंचानी है और कांग्रेस के पक्ष में वोट मांगना है। कार्यक्रम को महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव व नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने सम्बोधित करते हुए कहा कि छग में जब से कांग्रेस की भूपेश सरकार आई है उन्होंने विकास की नई गाथा लिखी है। चुनाव में महिलाओं की भागीदारी हमेशा अहम रही और इस बार भी रहेगी। इसके लिए महिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ सभी कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर कार्य करना होगा। राजनीति में आगे बढ़ने का मौका महिलाओं को भी मिल रहा है। कार्यक्रम को कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने भी संबोधित किया। इस दौरान मंच पर महिला कांग्रेस कमेटी की पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताएं उपस्थित रही।

### संसदीय सचिव ने 2.43करोड़ की लागत से सब स्टेशन निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

**महासमुन्द।** शेर-कनेकेरा में दो करोड़ 43 लाख की लागत से नवीन सब स्टेशन का निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कनेकेरा में आयोजित कार्यक्रम में सब स्टेशन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। सब स्टेशन निर्माण से पांच गांवों के करीब पांच हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।बुधवार को शेर-कनेकेरा में नवीन सब स्टेशन निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अतिथि के रूप में कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजय शर्मा, सरपंच नीलकंठ साहू मौजूद रहे।

# निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों को आचार संहिता की जानकारी दी

- निर्वाचन अधिकारी ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया
- पत्रकारों को पेड न्यूज़ और फेक न्यूज़ से बचने के लिए कहा
- एक राजनीतिक दल विधानसभा में 40 लाख तक खर्च करने की सीमा बतलाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 5 अक्टूबर।** जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी सिद्धराज अग्रवाल ने पत्रकार वार्ता लेते हुए बतलाया कि आज विभिन्न राजनीतिक दलों की बैठक लेकर उन्हें मतदाता सूची का निशुल्क सेट एक-एक कापी दोनों विधानसभाओं के सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सौंप दिया गया है साथ ही डीवीडी तथा पीडीएफ में भी उन्हें मतदाता सूची प्रदान किया गया है जिसका वे अवलोकन कर सकते हैं साथ ही उन्होंने राजनीतिक दलों को निर्वांचन नियम कानून की जानकारी देते हुए बतलाया कि वे समय अनुरूप कार्य करें राजिम एवं बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा के समस्त राजनीतिक दलों के सभी जनप्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित थे इस अवसर पर उन्होंने बतलाया की राजिम में कुल 274 मतदान केंद्र हैं तथा बिंद्रा नवागढ़ में 299 मतदान केंद्र हैं साथ ही दोनों को मिलाकर 573 मतदान केंद्र हैं जनसंख्या के दृष्टिकोण से देखें तो यहां दोनों विधानसभा में 6 लाख 83782 मतदाता जनसंख्या है साथ ही इसमें महिलाओं की संख्या अधिक है ।वहीं आज हुए अंतिम प्रकाशन में राजिए मे मतदाताओं की संख्या 228132 मतदाता है तो वहीं बिंद्रा नवागढ़ में 226427 मतदाता है कुल 454559 मतदाता है ।एक महत्वपूर्ण बात यह देखने को मिली कि पूर्व चुनाव के अपेक्षा इस चुनाव में 2.3 प्रतिशत मतदाताओं की वृद्धि हुई है जिसमें विशेष रूप से 18 से 19 वर्ष के प्रथम मतदाताओं में देखें तो 8014 मतदाताओं की वृद्धि हुई है वही 80 वर्ष से अधिक के जो मतदाता थे जो पूर्व में थे आज नहीं रहे वे 652 मतदाताओं की कमी आई है। इस अवसर पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि चुनावी घोष चुनावी अधिसूचना के साथ ही सारे बैनर पोस्टर वे स्वयं उतार लें अन्यथा विभाग की ओर से वह उतारे जाएंगे वॉल पेंटिंग व अन्य पेंटिंग को के लिए भी उन्होंने जो दरें निर्धारित की है उन दलों की भी जानकारी उन्हें दी गई है। इस अवसर पर पत्रकार वार्ता लेते हुए जिला अधिकारी आकाश छिकारा ने कहा की इस वर्ष एक अच्छी बात यह हुई है कि 2.3त्न मतदाता की वृद्धि हुई है जिसमें नए मतदाता तेजी से जुड़े हैं यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है उन्होंने प्रिंटिंग प्रेस के समस्त मालिकों को भी बैठक कर बतला कि जितने भी पंपलेट और बैनर पोस्टर छापेंगे उनकी सारी संख्या में हुए गिनती रखेंगे और उसकी जानकारी समय पर देंगे जुलूस वह अन्य सभाओं के लिए वह नेट से मंजूरी ले सकते हैं राजनीतिक दल अपने जुलूस व सभाओं की जानकारी समय-समय पर देगें वाहनों की अनुमति भी लगातार लें चुनाव अचार संहिता का पालन करने का निर्देश सभी राजनीतिक दलों को दिया गया है आमामोर और उँड़ जैसे दुर्गम स्थान जो नक्सल प्रभावित है ऐसी जगह के लिए पूर्व में हेलीकॉप्टर से मतदान दल भेजा जाता था इस बार प्रयास किया जा रहा है कि नक्सल प्रभाव काफी कम हुआ है विभिन्न थाना चौकी और अर्धसैनिक बलों के तैनाती से काफी रहता है इसके चलते इस बार वहां मतदान दल वाहनों से भेजने की संभावना बनी है किंतु यह भी देखा जा रहा है कि इन दुर्गम स्थानों में प्रातः 7ः00 बजे से 3ः00 बजे तक मतदान होंगे बाकी अन्य समान्य जगहों पर 8ः00 बजे से 5ः00 बजे तक मतदान प्रस्तावित किया गया है इस अवसर पर उन्होंने बताया कि लगभग मतदान संवेदनशील मतदान केंद्र जो हैं उसे पर विशेष निगाह रखी जा रही है ।पिंक मतदान केदो के बारे में कहा कि एक-एक मतदान एक विधानसभा में पांच-पांच मतदान केंद्र रहेंगे तथा एक दोनों विधानसभा में एक-एक युवा मतदान दल भी भेजे जाएंगे उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वह आचार संहिता नियमों का पालन करें ।

### मल्लिकार्जुन खड़गे ने सीएम के साथ कोड़ातराई में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का किया निरीक्षण



**रायगढ़, 5 अक्टूबर।** नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा व सांसद श्री मल्लिकार्जुन खड़गे व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के गरिमामय उपस्थिति में रायगढ़ जिले के कोड़ातराई में आज भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री खड़गे ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के साथ कोड़ातराई में विभागों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। उनके द्वारा स्टालों में हितग्राहियों से चर्चा कर विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ मिलने के संबंध में जानकारी ली गई। इसके साथ ही इस अवसर पर शासन की विभिन्न योजनाओं के 3088 लाभान्वित हितग्राहियों को 9 करोड़ 8 लाख 35 हजार रूपये की सामग्री व सहायता राशि वितरित की गई।

इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय उपलब्धियों एवं योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिससे आमजन लाभान्वित हुए। रायगढ़ जिले के कोड़ातराई में आयोजित भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में स्टॉल निरीक्षण के दौरान अतिथियों द्वारा महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा के स्टॉल में लक्ष्मी समूह डोगीतराई के कोदो कुटकी, रागी, बाजरा आदि मिलेट प्रोसेसिंग यूनिट, तरडा रीपा के बेलमेटल मूर्तियां, संबलपुरी साड़ी, शूट पीस, शर्ट सहित अन्य आदि अन्य उत्पाद का अवलोकन किया गया।

## समाचार संक्षेप

### लापरवाही बरतने पर मेस सर्वेन्ट को कलेक्टर ने किया निलंबित

**बीजापुर, 5 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने जिला अस्पताल में पदस्थ मेस सर्वेन्ट को कर्तव्य पर लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर अजय रामटेके ने बताया कि 02 अक्टूबर 2023 को स्व0 श्रीमती सरस्वती चंडाक का जिला चिकित्सालय बीजापुर के आपातकालीन विभाग में ईलाज के दौरान आकस्मिक मृत्यु पश्चात उनके परिजनों के द्वारा मरचुरी फिजर में रखने की सहमति देने के पश्चात् मृतको के परिजनों के समक्ष मरचुरी फिजर चालू स्थिति में शव को रखा गया तत्पश्चात् 03 अक्टूबर 2023 को परिजनों के द्वारा शव लेने पर शव को चूहा द्वारा कुतरना पाया गया, जिसके संबंध में अस्पताल प्रबंधन द्वारा संबंधित कर्मचारी को नोटिस जारी किया गया, जिसमें प्रथम दृष्टया से आपातकालीन विभाग में ड्यूटीरत कर्मचारी श्री कुडियम सोमलू, मेस सर्वेट जिला चिकित्सालय बीजापुर को कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बीजापुर के द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### गुदमा में मनाया मॉडल ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस



**बीजापुर, 5 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत गुदमा में आदर्श ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं जागरूकता प्रदान की गई। जिसमें गर्भवती माताओं का प्रसव पूर्व जांच, पंजीकरण, शिशु टीकाकरण एवं उनका लाभ, किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य शिक्षा, एनसीजि स्क्रीनिंग 102 एवं 108 सेवा, टीबी मुक्त पंचायत एवं अंगदान की शपथ ली गई। इस दौरान सरपंच श्रीमती शशिकला सुरती, बीएमओ डॉ. विकास गवेल, डॉ. पीतराम शणय, यूनिसेफ (एचडब्ल्यूसी सलाहकार), गांधी फेलो श्री गोपीनाथ पात्रा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**02 अक्टूबर को ग्राम सभा में टीबीमुक्त पंचायत पर हुई चर्चा**-ग्राम पंचायत गुदमा में 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत गुदमा में टीबी मुक्त पंचायत बनाने का संकल्प के माध्यम से टीबी मुक्त अभियान का शुभारंभ किया गया एवं हस्ताक्षर के माध्यम से टीबी मुक्त पंचायत बनाने का संकल्प लिया गया।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन के संबंध में दिए निर्देश





**बीजापुर, 5 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत नामांकन, डाकमत पत्र, आदर्श आचार संहिता, निर्वाचक नामावली, निर्वाचन व्यय एवं अन्य प्रशासनिक विषयों पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले द्वारा 03 अक्टूबर को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सभी रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा विभिन्न नोडल अधिकारियों के साथ बैठक लेकर निर्वाचन संबंधी आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि 4 अक्टूबर को फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा करते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी और इसके लिए कार्यक्रम की अधिसूचना भी जारी की जाएगी। उन्होंने इस संबंध में सभी रिटर्निंग ऑफिसर को अधिसूचना संबंधी जारी निर्देशों का पालन करने और निर्धारित प्रपत्र में अधिसूचना जारी करने की तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दलों नियुक्ति, प्रशिक्षण, सामग्री वितरण, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति, वाहन परमिशन, ईव्हीएम कमिशनिंग, वीडियो ग्राफी, सुरक्षा व्यवस्था, बेरिकेटिंग सहित अन्य तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिले से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार कटारा उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण गवेल, सभी रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा नोडल अधिकारी जुड़े रहे।वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए अधिसूचना प्रकाशन से लेकर मतदान की समस्त तैयारियों की प्रक्रियाओं एवं अन्य कार्यवाईयों के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण एवं जानकारी दी गई। इस दौरान प्रजेंटेशन के माध्यम से अधिसूचना संबंधी प्रक्रिया, प्रारूप, आवश्यक सामग्री, स्कैनर, सीसीटीवी, नामिनेशन पंजी, चेक लिस्ट, नोटिस बोर्ड सहित अन्य सामग्री के संबंध में विस्तार से बताया गया। नामिनेशन फार्म प्राप्त करते समय प्रस्तावक संख्या, समय, नामिनेशन फार्म के सेट व उसकी संख्या, नामांकन फार्म प्राप्त करने की तारिख एवं समय के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस दौरान नामिनेशन फार्म के प्रारंभिक चेक लिस्ट के तहत अमानत जमा राशि, थंब स्प्रेशन, एफिडेविड, पार्टी द्वारा प्रदाय फार्म ए व बी, पृथक से बैंक एकाउंट, फोटोग्राफ्स, हस्ताक्षर, जाति, उम्र, अदेय प्रमाण पत्र, प्रत्याशी के प्रस्तुत डाक्यूमेंट के डिस्पले के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी के पात्रता एवं अपात्रता के प्रावधानों, नामांकन पत्रों की संवीक्षा, प्रस्तावक, प्रक्रिया, नामवापसी, प्रतीक आबंटन, निर्वाचन नामावली एवं डाकपत पत्र, प्रारूप, प्रकाशन, डाक मतपत्र में पारदर्शिता, मुद्रण आदि की जानकारी दी गई। इसके अलावा ईएसएमएस मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से एफएसटी व एसएसटी टीमों द्वारा जप्त (नगद, मदिरा सहित अन्य) की गई कार्रवाई का विवरण अपलोड करने तथा वेबसाईट पर उसकी उचित विशलेषण एवं प्रतिवेदन की जानकारी प्रस्तुत करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। साथ ही मतदान, नामिनेशन के संबंध में विभिन्न प्रकार के मार्गदर्शन से संबंधित निर्वाचन सामग्री, मतदान दलों के बुकलेट प्रदाय के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में विशेष रूप से आदर्श आचार संहिता के पालन पर जोर दिया गया।

### औषधालय सेवक के पद सूची में लिपिकीय त्रुटि संबंधी जानकारी दी

**बीजापुर 5 अक्टूबर ।** आयुर्वेद विभाग अंतर्गत चतुर्थ श्रेणी औषालय सेवक, मसाजर, वार्ड ब्यॉय, रसोईया, किचन सर्वेंट, चौकीदार के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु सीधी भर्ती के माध्यम से के किये जाने हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। जारी विज्ञापन कंडिका क्रंमाक-03 चयन प्रक्रिया (1) (2) में अनुभव के लिए 20 अंक के कुल प्राप्तांक के आधार पर मेरिट सूची तैयार किया जावेगा का उल्लेख किया है। औषधालय सेवक, के पद हेतु दावा आपत्ति सूची के सरल क्रंमाक 277 में श्री टेमन लाल साहू पिता स्व. श्री रामचरण साहू को 16 वर्ष का अनुभव अधिकतम 20 वर्ष निर्धारित है, जो लिपिकीय त्रुटिवश 32 वर्ष लिखा गया है, जिसे 20 वर्ष पढ़ा जावे।

## एक नजर

### शिविर में 55 लोगों ने किया रक्तदान



तिल्दा-नेवरा, 5 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई एवम महिंद्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड ग्राम सरोरा एवं सिलतरा के सयुंक्त तत्वाधान में अग्रसेन महाराज के जयंती के शुभ अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमे सरोरा एवं सिलतरा के प्लांट के अधिकरियों और कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया महिंद्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड ग्राम सरोरा तिल्दा नेवरा में 55 लोगों ने एवं सिलतरा में 52 लोगो ने रक्त दान किया। इस अवसर पर महिंद्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड ग्राम सरोरा तिल्दा नेवरा एवं सिलतरा के एमडी मनोज अग्रवाल ने बताया कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी।

### कमलकांत इंस्टीट्यूट में चलाया गया स्वच्छता अभियान



भाटापारा, 5 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। महात्मा गांधी जी के जन्मदिवस पर ..कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट डी फार्मा देवरी रोड भाटापारा द्वारा सुमा नर्सरी (आक्सीजोन) में स्वच्छता अभियान चलाया गया आम लोग खुद पहल करने के बजाय व्यवस्था को कोसते रहते हैं अगर लगन हो तो कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट डी फार्मा के छात्र-छात्राओं ने इसकी मिसाल पेश की है कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट डी फार्मा नगर की प्रतिष्ठित संस्था है जो अपने सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम को लेकर चर्चा में रहती है कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट डी फार्मा द्वारा ग्राम पंचायत सुमा स्थित नर्सरी (ऑक्सीजोन) में शिक्षा, कंप्यूटर विज्ञान, कला, वाणिज्य विज्ञान, संकाय के छात्र-छात्राओं द्वारा गहन स्वच्छता अभियान महात्मा गांधी जी के जन्म दिवस पर सच्ची श्रद्धांजलि के उपलक्ष्य में चलाया गया इस स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण वन्य तथा पालतू जीव की रक्षा करना है विगत कई दिनों से नर्सरी में काफी मात्रा में प्लास्टिक का कुड़ा जैसे पानी पाउच, डिस्पोजल, पाउच, गुटका पाउच, झिल्ली, इकट्ठा हो गया था जो पर्यावरण तथा वन्य जीवों के लिए खतरा था महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गहन स्वच्छता अभियान चलाकर आक्सीजोन नर्सरी को कूड़ा मुक्त किया इस कार्यक्रम का संस्था के संचालक मनीष शुक्ला, प्राचार्य गायत्री देवांगन प्राध्यापकगण तथा कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर पालिका भाटापारा तथा रोजगार सहायक ज्योति साहू ग्राम पंचायत सुमा के स्व सहायता समूह से अशोक यादव, धनेश वर्मा, का अतुल्य सहयोग प्राप्त हुआ।

# जीवन सार्थक करना है तो सत्कर्म करते हुए मन और वाणी को मधुर रखिए : ललित वल्लभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 5 अक्टूबर।** सिनोधा रोड़ अमित चावल उद्योग में जारी 1008 पोथी श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस वृंदावन धाम के प्रख्यात भागवत प्रवक्ता हित ललित वल्लभ महाराज ने श्रोताओं को कहा कि सत्कर्म करते हुए मन और वाणी को मधुर रखना चाहिए, तभी हमारा जीवन सार्थक होगा। गज और ग्राह प्रसंग में उन्होंने बताया कि हाथी का पैर जब मगर ने पकड़ लिया तो उसने अपने बचाव के सभी प्रयास किए। अंत में कमल पुष्प लेकर गोविंद प्रभु का स्मरण किया तो भगवान तुरंत प्रगट होकर रक्षा करने आ गए और मगर से कहा मेरे भक्त का पैर छोड़ दे, मगर ने कहा मैं कैसे इसका पैर छोड़ दूं इसने आपके पैर पकड़ रखे हैं इसलिए मैंने इसका पैर पकड़ रखा है, अतः भक्त चरण आश्रय से उद्धार निश्चित होता है।

महाराज जी ने समुद्र मंथन की कथा में कहा कि मंथन के दौरान 14 रत्नों की प्राप्ति हुई। भगवान धन्वंतरि अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए। राक्षसों ने अमृत कलश को छीन लिया, तब भगवान मोहिनी अवतार लेकर प्रकट हुए और देवताओं को अमृत पान कराया। अमृत पान करने से देवता बलवान हो गए और देवासुर संग्राम में विजय प्राप्त की।



वामन अवतार के संदर्भ में बताया कि वामन भगवान राजा बलि के यज्ञ में पधारे बली को अपने दानी होने का बड़ा गर्व था। वामन देव ने तीन पग भूमि मांगी और त्रिलोकी को नाप लिया केवल दो पग मैं और कहां तीसरा पैर कहां रखूं तब राजा बलि ने अपना सिर झुका दिया और कहा कि तीसरा पैर मेरे सिर पर रख दीजिए। वामन भगवान बलि के समर्पण से प्रसन्न हुए और सुतल लोक का राज्य दे दिया, सूर्यवंश वर्णन में राजा सगर के साठ हजार पुत्र कपिल मुनि के श्राप से भस्म हो गए थे उन्हें भागीरथ ने गंगा जी द्वारा उनका उद्धार किया। भक्त अंबरीशजी का चरित्र वर्णन एवं राम जन्म की कथा श्रवण कराते हुए महाराज ने श्रीकृष्ण के जन्म का सुंदर वर्णन किया। महाराज जी ने कृष्ण जन्म से पहले राम जन्म की कथा इसलिए श्रवण कराई कि राम चरित्र को समझे बिना जीव कृष्ण चरित्र का अधिकारी नहीं हो सकता। बधाइयां गाई गई नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की। भक्त भाव विभोर हो नृत्य करने लगे, उपस्थित सभी भक्तों को बधाइयां बांटीं गई। भागवत कथा परिवार ने श्रद्धालु श्रोताओं से कथा श्रवण करने का आग्रह किया।

## पलारी पुलिस टीम ने नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

# दो शातिर आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 अक्टूबर।** पिछले काफी दिनों से विश्वस्त सूत्रों से यह जानकारी प्राप्त हो रही है कि पलारी सुहेला क्षेत्र में नकली शराब बनाने का गोरख धंधा बड़े पैमाने पर फल रहा है। कुछ शातिर लोग थोड़े से पैसे कमाने के लालच में नकली शराब बनाने का काम कर रहे हैं, जो कि लोगों की जान के साथ एक प्रकार का खिलवाड़ है। जिले की साइबर सेल एवं थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा काफी दिनों से इस अवैधानिक कार्य में लिप्त लोगों के ऊपर विशेष निगाह रखी जा रही थी। कि इसी बीच सूचना मिली कि थाना सुहेला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हिरमी के एक बंद पड़े ढाबा में शराब बनाने का गोरख धंधा कुछ लोगों द्वारा मिलकर चलाया जा रहा है, जिसमें समय-समय पर नकली शराब बनाने के लिए केमिकल, सीसी, ढक्कन आदि लगातार सप्लाई भी किया जा रहा है। उक्त बात की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में थाना पलारी पुलिस की टीम द्वारा नकली शराब बनाने वाले लोगों की घरपकड़ हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया

3 अक्टूबर सूचना मिला कि अभी रात्रि में कुछ लोग सफेद रंग की स्कूटी वाहन से भारी मात्रा मे शराब ग्राम मोहरा के तरफ से ग्राम देवसुंद्रा लाने वाले है। कि मुखबीर सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक शशांक सिंह ठाकुर, सउनि राजेश सेन, प्र0आर0 63, 77 आरक्षक 706, 645 के ग्राम देवसुन्द्रा खपरी रोड पुल पर पहुंचकर नाकाबंदी किया गया। उसी दौरान मोहरा के तरफ से आ रही होण्डा एक्टिवा स्कूटी क्र. छ्त्त10 ड्ड9781 को रोका गया। स्कूटी के फुटरेस्ट वाले हिस्से मे एक प्लास्टिका का भरा हुआ बोरा रखा था। स्कूटी चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम शीशीर वैष्णव पिता टिकमदास वैष्णव उम्र 28 वर्ष ग्राम कुथरौद थाना सुहेला का रहने वाला बताया। कि उक्त के कब्जे मे रखे बोरा को चेक करने पर उसके अंदर देशी मसाला शराब रखा हुआ था। कि शीशीर वैष्णव से समक्ष गवाहन पूछताछ कर



मेमोरंडम कथन लिया जिसने अपने कथन मे बोरा के अंदर 100 पौवा नकली देशी मसाला शराब होना बताया, जिसे गुलाब अंसारी, शंकर धीवर, विकास महतो के साथ मिलकर ग्राम हिरमी मे गुलाब अंसारी के बंद पडे साहिल बिरायनी सेंटर नाम के ढाबा के अंदर देशी स्पीरिट मे पानी एवं डाई मिलाकर शराब बनाकर देशी मसाला शराब के खाली शीशीयो मे भरकर उपर से फर्जी ढक्कन लेबल एवं स्टीकर लगाकर निर्माण करना एवं उसे सप्लाई करने के लिये लाना बताया। सांथ ही गुलाब अंसारी, विकास महतो एवं शंकर धीवर को और ज्यादा नकली माल के साथ उसके ढाबा मे होना बताया।

मौके पर नकली देशी शराब गिनती करने पर 100 पौवा नकली देशी मसाला शराब होना पाया गया। आरोपी शीशीर वैष्णव के कब्जे से 01.एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरा के अदर 100 पौवा नकली देशी मसाला शराब मात्रा 18 ब0लि0 किमती लगभग ?11, 000 02. एक रेडमी मोबाईल फोन किमती ?8000 03. एक सफेद रंग की होण्डा एक्टिवा स्कूटी क्रमांक छ्त्त10 ड्ड9781 किमती लगभग ?25, 000 को समक्ष गवाहन जप्त किया गया। आरोपी शीशीर वैष्णव का कृत्य धारा 34(2), 36 आबकारी एक्ट का अपराध घटित करने का साक्ष्य पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर अभिरक्षा मे लिया गया। तत्पश्चात आरोपी के मेमोरडंम मे बताये अनुसार एवं उसके निशादेही पर हमराह स्टाफ ग्राम हिरमी साहिल बिरयानी सेंटर पहुँचकर रेड किया गया। पुलिस को आता देख अंधेरा का फायदा उठाकर गुलाब अंसारी एवं शंकर धीवर फरार हो गये। मौके पर एक व्यक्ति को पकडा गया जिससे पूछताछ पर अपना नाम विकास कुमार महतो पिता रामविलास महतो उम्र 28 वर्ष साकिन जयपुर, थाना नवा जयपुर, पलामु झारखण्ड हाल मुकाम साहिल बिरयानी सेटर हिरमी थाना सुहेला बताया। ढाबा के अंदर सुक्ष्म परीक्षण करने पर देशी मसाला शराब की खाली शीशीया, नये ढक्कन, नकली लेबल, स्टीकर, होलोग्राम स्टीकर, अल्कोहल मीटर, कलर डाई आदि सामान रखा मिला।

### चाकू लहराकर लोगों को डराने वाला गिरफ्तार



**भाटापारा, 5 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** धारदार चाकू लेकर रास्ता में आने जाने वाले लोगों को डराने धमकाने वाले आरोपी को गिरफ्तार करआरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करआरोपी से एक नग धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। शहर टी.आई. योगिता बाली खापर्डे ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली भामाशाह चौक के पास परशुराम वार्ड भाटापारा में एक व्यक्ति एक धारदार चाकू लेकर लहराते हुए रोड में आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है मौके पर पहुंची पुलिस नहीं देखा एक व्यक्ति लोहे का धारदार चाकू लेकर लहराते हुए रोड में आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था जिसे पुलिस ने पकड़ कर उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम दिनेश साहू पिता लुकू राम साहू उम्र 24 साल निवासी परशुराम वार्ड का रहने वाला बताया जिसके दाहिने हाथ में पकड़े लोहे के धारदार चाकू को उसके कब्जे से गवाहों के समक्ष बरामद कर उसके कब्जे से जप्त कर आरोपी दिनेश साहू को गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

टी.आई. योगिता बाली खापर्डे के कहा कि आपराधिक गतिविधि वालो पर सख्त कार्यवाही की जायेगी वही वही संवेदनशील पाईट पर पुलिस की विशेष नजर रख गस्त को बढाया जायेगा उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी योगिता बाली खापर्डे के निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, आरक्षक महेंद्र कुमार साहू, राहुल यादव, विजय सिंह ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

# आवेदन देने गए सिनोधा के सरपंच व समूह सदस्य से बाबू ने किया अभद्र व्यवहार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 5 अक्टूबर।** तिल्दा-नेवरा के अंतर्गत ग्राम सिनोधा के सरपंच लक्ष्मण गिरी गोस्वामी व स्व सहायता समूह के सदस्य संतोष कुमार नायक दोनों ने तहसील कार्यालय तिल्दा में तहसीलदार को आवेदन देने दोपहर 3:00 बजे गए। तहसीलदार मौजूद नहीं था इंतजार करते-करते पौने पांच (04:45) बज गए तब बताया गया की तहसीलदार नहीं आयेंगे सो उनके अनुपस्थिति में हम लोगों ने नायाब तहसीलदार सूर्यकांत से आवेदन पर मार्किंग करा कर राजेश बाबू के सामने आए। कुछ देर खड़े रहने के बाद उसने पूछा कि क्या है? हमने बताया आवेदन है, अतिक्रमण को हटवाने। उसने ताव में आकर कहा कि पंचायत को आदेश पारित कर हटाने के लिए दे दिया गया है। तब हमने बताया कि उसी के परिपालन में तीन नोटिस देने के पश्चात भी अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण नहीं हटाए हैं इसीलिए उसकी जानकारी देने आवेदन लेकर आए हैं। उसने कहा कि पंचायत दे आवेदन। हमने कहा पंचायत ही दिया है, समय तारीख देने के लिए। आप आवेदन को प्रकरण में संलग्न कर लीजिए। बाबू ने कहा मार्किंग करा के लाओ। हमने कहा कि साहब का मार्किंग हो गया है। उसने कहा कि कहां हुआ है। हमने कहा यह लिखा है कि प्रकरण में संलग्न करें, यह मार्किंग नायब तहसीलदार ने किया है। राजेश बाबू ने कहा कि हम नायब तहसीलदार का नहीं मानते, प्रकरण में नहीं लगाऊंगा। तहसीलदार का मार्किंग कराओ। इस तरह दुर्व्यवहार करते हुए उसने आवेदन को नहीं लिया। जिसके कारण पुनः नायाब तहसीलदार के पास जाकर इस विषय में अवगत कराया तथा रेणुका बाबू को भी अवगत कराया। फिर नायाब तहसीलदार सूर्यकांत ने आवक जावक में ही दे देने कहा। इतना ही नहीं यही राजेश बाबू ने सन 2019 में भी इसी प्रकरण के संबंध में संतोष कुमार नायक को अपशब्द तथा गलियों का प्रयोग किया तथा कहा कि तुम्हारा चप्पल भी घीस जायेगा फिर भी नहीं हटवा पाओगे तथा यह भी कहा कि अपशब्द कोई नहीं हटवा सकता तथा 2020 में राकेश कुमार ध्रुव तहसीलदार ने अतिक्रमण हटाने आदेश करने कहा था उसे भी नहीं किया। तहसीलदार ध्रुव ने लिखा था आदेशार्थ तथा यह भी कहा था इन्हें तुरंत आदेश कर दो। साथ ही इसी के प्रकरण में बेदखली जारी किया था जनवरी-फरवरी 2023 में जिसकी कॉपी माल जमादार के पास भी नहीं था। तिल्दा तहसील में पदस्थ बाबू राजेश वर्मा अत्यंत ही अभद्रता पूर्व व्यवहार किया तथा एक व्यक्ति को बेदखली जारी करने तहसीलदार ज्योति मसीयारे ने राजेश बाबू को 15 मई 2023 को कहा था जिसे भी नहीं किया। प्रस्तुत आवेदन की फोटो भी समाचार में प्रेषित है।

# सिमगा क्रिकेट लीग में क्यूसीआई व आरसीबी संयुक्त विजेता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 5 अक्टूबर।** सिमगा में चल रहे एम एल ए कंप ड्यूस बाल क्रिकेट स्पर्धा 2 अक्टूबर को समाप्त हो गई। वर्षा बाधित फाइनल मैच में क्यूसी-आई और आर सी बी को संयुक्त विजेता घोषित किया गया।

सिमगा के उनमुक्त खेल मैदान में 18 सितम्बर से प्रारंभ हुए 2 लाख रु. स्थम पुरस्कार राशि वाली स्पर्धा का फाइनल 1 सितम्बर को खेला गया टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आर. सी. बी. टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 157 रन बनाये। अभिषेक पाठक ने 18 गेंदों पर आउट होने से पहले 52 रनों की विस्फोटक पारी खेली। क्यूसीआई के कप्तान अनिमेष शर्मा मे 3 विकेट लिए उत्तर में संगीत सोनी और प्रतिक यादव का विकेट खोकर क्यू सी आई की टीम ने 9 ओवरों में 73 रन बना लिए थे उसी समय वर्षा के कारण मैच रोक दिया गया। स्पर्धा में बनाये गये नियमों के आधार पर दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। प्रथम पुरस्कार 2.00 लाख रु तथा द्वितीय पुरस्कार 1.20 लाख रुपये को दोनों टीमों में बराबर बाँट दिया गया। टाटीबंध टाईगर को तृतीय पुरस्कार, 50000 रु. तथा गोल्डन गरुड़ा को चतुर्थ पुरस्कार के 30000 रु. दिए गये। स्पर्धा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार आर. सी. बी. के अभिषेक पाठक को दिया गया स्पर्धा ÷के सर्वश्रेष्ठ बैटर - जर्मन कैवर्त्य, बालर - सुधांशु वर्मा, फील्डर नमन धुव तथा विकेट कीपर का पुरस्कार विल्सन बारिक को दिया गया। इस प्रतियोगिता में 36गढ़, उड़ीसा, मध्यप्रदेश तथा विदर्भ महाराष्ट्र के 140 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। अंचल की सबसे 8 प्रतिष्ठित टीमों ने इस क्रिकेट लीग में भाग लिया। स्पर्धा में सिमगा सुपर किंग ने एक मैच में 209 रन के लक्ष्य की बराबरी कर सुपर ओवर में मैच जीता, वहीं दूसरी ओर क्यू सी आई ने 92 रनों के अपने स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव कर गरूड़ा की टीम को 62 रनों



पर आउट किया टाटीबंध टाइगर ने स्पर्धा की फाइनलिस्ट टीम क्यू सी आई को मात्र 60 रनों पर आउट कर दिया था, ईस मैच में वेटरन खिलाड़ी संतोष प्रसाद सोनी ने 5 रनो पर 5 विकेट लिए! डब्लू डी जेड जैसे ब्रांडेड कंपनी और क्रिकहीरोज में इस प्रतियोगिता को लगभग 1.50 लाख दर्शकों ने देखा। ईस स्पर्धा को 36गढ़ राज्य क्रिकेट संघ (सी.एससी-एस) की मान्यता मिली हुई थी। ईस स्पर्धा- में 10 से अधिक रणजी एवं पूर्व रणजी खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा ने प्रतियोगिता की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए ईसे 36गढ़ क्रिकेट की सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में से एक बताया। आरसीबी के ओनर करन शर्मा और क्यूसीआई के कप्तान अनिमेष शर्मा ने ईस स्पर्धा को डयूसबाल क्रिकेटरों के लिए मील का पत्थर बताया दोनों ने कहा कि इस स्पर्धा से ड्यूस बाल स्पर्धाओं को नवजीवन प्राप्त होगा तथा इस स्पर्धा का अनुकरण करते हुए लगभग 10 नये स्थानों पर इस प्रकार की स्पर्धा शुरू होने का विश्वास दिलाया। मुख्य आयोजको - अत्रि शर्मा, गीतेश खण्डेलवाल और सौरभ दूबे की सभी वक्ताओं ने भूरि भूरि प्रशंशा की उड़ीसा के प्रताप पात्रा, 36गढ़ राज्य क्रिकेट संघ के अधिकृत अंपायर सौरभ दुबे, पीयूष वर्मा तथा राजवर्धन भोसले एवं तोरण बघेल की अंपायरिंग निर्विवाद रही फाइनल मैच में लगभग 4000 लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को पूर्णतया सफल बना दिया स्पर्धा में कमेंट्री - अत्रि शर्मा, देवानंद कश्यप, तुषार शर्मा आशुतोष शर्मा, राज पाण्डेय ने किया। मंच संचालन सौरभ दूबे तथा आभार प्रदर्शन गीतेश खण्डेलवाल ने किया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने मे मनोहर पंजवानी, सुरेंद्र ताम्रकार, रमेश सोनी, सूर्यकांत ताम्रकार तथा सिमगा के समस्त क्रिकेट खिलाड़ियों एवं नगर वासियों का भरपूर योगदान रहा।


**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगाँव**

रा.प्र.क्र. 202307092100038-अ/6(अ)- वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमरसिंह पिता सावंत जाति गोंड़ निवासी ग्राम मुसराखुर्द तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा सामिलात नाम से ग्राम मुसराखुर्द प.ह.नं. 13 रा.नि.म. मुसराकला में स्थित भूमि खसरा नं. क्रमशः 12/1, 12/3, 46, 74, 135, 193, 245, 45 रकबा क्रमशः 0.352, 0.045 1.149, 0.405, 0.178, 0.053, 0.040, 0.526 हे. भूमि स्थित है। ऋण पुस्तिका में दर्ज है। उक्त ख.नं. 245 रकबा 1.30 एकड़ 0.526 हे. ऋण पुस्तिका में दर्ज है, किन्तु ऑनलाईन रिकार्ड बी-1, नक्शा खसरा में नाम पर केवल 0.10 डी./ 0.040 हे. भूमि दर्ज है जो कि पूर्णतः त्रुटिपूर्ण है, उक्त भूमि ऑनलाईन में दर्ज नही होने के कारण शासकीय व अर्धशासकीय, धान विक्रय, बैंकिंग एवं कृषि कार्यों में अत्यन्त परेशानियां हो रही है। अतः खसरा नं. 245 रकबा 1.30 एकड़/0.526 हे. का ऑनलाईन रिकार्ड मेरे किसान किताब अनुसार समस्त राजस्व रिकार्ड/ऑनलाईन रिकार्ड में दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 16/10/2023 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर | नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202309094500030**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणी :- राजस्व
सन्:-2022-2023
रामपुर प.ह.न. 00008 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- नारद,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक नारद पिता मोतीराम जाति केंवट निवासी ग्राम रामपुर, तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदक की पत्नि कान्तिबाई पति नारद जाति केवट का मृत्यु दिनांक 04.12.2019 को स्थान रामपुर में हुआ है, जो कि भूलवश ग्राम पंचायत रामपुर में मृत्यु पंजी रजिस्ट्रार में दर्ज नही हो पाया है। आवेदक अपनी पत्नि कान्तिबाई पति नारद जाति केवट का मृत्यु तिथि ग्राम पंचायत ग्राम रामपुर में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। अतः ग्राम पंचायत रामपुर में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 11.10.2023 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/09/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर | तहसीलदार लाल बहादुर नगर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ..................
अ/6 वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक गुरमीत सिंह भाटिया पिता जसबीर सिंह भाटिया जाति सिक्ख निवासी बुधवारी पारा वार्ड नं. 13 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि भूमि स्वामी हक व आधिपत्य में नजूल शहर पटेल वार्ड नं. 17 डोंगरगढ़ प.ह.नं. 25 में स्थित भूमि शीट क्रमांक 02 भूखण्ड क्रमांक 1270/ 10 क्षेत्रफल 210 वर्गफुट भूमि को दिनाँक 14/08/2023 को विक्रय विलेख के माध्यम से हस्तांतरित किया जा चुका है। उक्त विक्रय विलेख के माध्यम से किये गये पंजीयन के आधार पर अनावेदक का नाम विलोपित कर मुझ आवेदक का नाम गुरमीत सिंह भाटिया पिता जसबीर सिंह भाटिया जाति सिक्ख को दर्ज किया जावें, तथा राजस्व अभिलेखों में नाम दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति, एवं तलवाना पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 16/10/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 22/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़ (छ.ग)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. अ/2, वर्ष, 2022-23
वाद भूमि ग्राम बनसांकरा प.ह.नं. 13

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम बनसांकरा प.ह.नं. 13 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है। आवेदक मनीष जैन पिता धरमचंद जैन निवासी ग्राम सिमगा कास्तकार बनसांकरा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने ग्राम बनसांकरा प.ह.नं. 13 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 1842/1. रकबा 0.1000 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, खसरा नक्शा एवं ले-आउट की प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 09/10/2023 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 21/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला-बीजापुर**

क्रमांक/पु.अ./बीजा./एसी-1/निविदा/P-1977/2023 दिनांक, 3/10/2023

**( तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना )**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से प्रपत्र 'अ' में (प्रतिशत दर पर) उचित श्रेणी में छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं छ.ग. गृह निर्माण मण्डल में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफे पद्धति से प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा जारी निर्देशानुसार मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि :- 03.10.2023
2. निविदा प्रपत्र विक्रय करने की अंतिम तिथि :- 07.10.2023 के अपरान्ह 03:00 बजे।
3. निविदा प्रपत्र प्राप्त/खोलने की अंतिम तिथि :- 12.10.2023 के अपरान्ह 04:00 बजे।

**(1) प्रत्येक निविदा प्रपत्र का मूल्य 750.00 रूपये। (2) कार्य पूर्ण करने की अवधि 02 माह वर्षा ऋतु को मिलाकर (3) ठेकेदारों की श्रेणी- 'डी' वर्ग**

**निर्माण कार्य का विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैः-**

| क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत | अमानती राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 |
| 1 | पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसेगढ़ कार्यालय सह निवास भवन निर्माण कार्य | 2000000.00 | 15000.00 |

टीपः- कार्य से संबंधित नियम, शर्ते व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

पुलिस अधीक्षक बीजापुर

जी-05930/3

## एक नजर

### दुर्गा कॉलेज में एनएसयूआई और एबीवीपी नेताओं के बीच मारपीट



**रायपुर, 5 अक्टूबर।** राजधानी के दुर्गा महाविद्यालय में छात्र नेताओं के बीच जमकर मारपीट का मामला सामने आया है. मिली जानकारी के मुताबिक, एबीवीपी के कार्यकर्ता पीएससी घेराव का समर्थन मांगने दुर्गा कॉलेज पहुंचे थे. इस दौरान कॉलेज कैंपस में एनएसयूआई और एबीवीपी के छात्र नेता आपस में भिड़ गए. दोनों के बीच जमकर लात-घूंसे चले. एनएसयूआई मीडिया विभाग के चेयरमैन **संकल्प मिश्रा** ने बताया कि एबीवीपी के कार्यकर्ता जो कॉलेज के बाहर के थे वे कॉलेज में आकर छात्रों से हस्ताक्षर और मोबाइल नंबर ले रहे थे। वे लोग कॉलेज की लड़कियों से भी नाम, हस्ताक्षर और फोन नंबर ले रहे थे। जब एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने उनसे पूछा और फोन नंबर व हस्ताक्षर लेने से मना किया तब एबीवीपी के कार्यकर्ता मारपीट करने लगे।

### रणवीर कपूर पहुंचेंगे रायपुर के ईडी ऑफिस

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** महादेव आनलाइन सट्टा के प्रचार प्रसार के लिए विग्यापन करने वाले सिने स्टार रणवीर कपूर को ईडी ने समन किया है। ईडी ने रणवीर को पुजारी कांप्लेक्स रायपुर स्थित दफ्तर आकर बयान देना होगा। ईडी के अधिवक्ता डॉ सौरभ पांडे ने बताया कि समन किया है। नहीं आने की स्थिति में दोबारा समन और भेजा जाएगा । सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक , रणबीर से यह जानना चाहती है कि वह कब से इस बैटिंग एप के लिए कब से प्रचार कर रहे और इसके एवज में उन्हें कितने रूपए मिले और वह किस तरीके (मोड आफपेमेंट) से लिए गए । जांच कर रहे सूत्रों ने बताया किअभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि रणवीर आएंगे या नहीं। रणवीर की ओर से कोई कम्युनिकेशन नहीं है।

### निगम जोन 5 ने की आरडी तिवारी स्कूल के पास फल दुकानों पर कार्रवाई

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 5 की टीम द्वारा जोन कमिश्नर सुशील कुमार चौधरी के निर्देश पर जोन के तहत क्षेत्र में जीईरोड के किनारे स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल के पास की फल दुकानों पर अभियान चलाकर गन्दगी फैलाने की जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही की गयी एवं कचरा साफकरते हुए सम्बंधित ठेकेदार को नोटिस देकर इसकी पुनरावृति ना होने की समझाईश सहित चेतावनी दी गयी एवं प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया गया.

### भाजपा की टिकट पर बवाल, दिल्ली पहुंचे अरुण साव समेत कई नेता

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ बीजेपी में टिकट को लेकर मचे बवाल पर संगठन ने नाराजगी जताई है.

**खुशवंत दास के विरोध में भाजपा कार्यालय का घेराव**

इस मामले को लेकर बीजेपी केंद्रीय नेतृत्व ने बैठक बुलाई है. बैठक में शामिल होने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं. उनके साथ और भी नेता दिल्ली रवाना हुए हैं. छत्तीसगढ़ में टिकट वितरण को लेकर मचे बवाल से संगठन नाराज है. इस मामले पर आज दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व की बैठक होगी. बैठक में शामिल होने छत्तीसगढ़ के कई नेता दिल्ली रवाना हुए हैं. बैठक में प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, मनसुख मांडविया भी शामिल हो सकते हैं.

**धर्मगुरु बालदास के बेटे को टिकट मिलने की चर्चा के बाद विरोध:** राजिम में रोहित साहू को टिकट मिलने के बाद से भाजपाई इसका विरोध कर रहे. वहीं सतनामी समाज के धर्मगुरु बालदास के पुत्र गुरु खुशवंत साहेब को आरंग विधानसभा से टिकट मिलने की चर्चा के बाद कार्यकर्ताओ में नाराजगी है. आरंग विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में आज प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचे हैं. कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पार्टी के लिए जिन्होंने मेहनत किया उसे टिकट नहीं मिलना कार्यकर्ताओ के साथ धोखा है. विरोध प्रदर्शन में आरंग मंडल, समोदा मंडल और मंदिरहसौद मंडल के कार्यकर्ता शामिल हैं.

## विधानसभा चुनाव: मुख्य सचिव एक्शन मोड में

# अंतर्राज्यीय सीमा को सील करने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)



**रायपुर, 5 अक्टूबर।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर अब मुख्य सचिव एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी एक्शन मोड पर आ गए हैं। इस समय मुख्य सचिव प्रतिदिन बैठकें लेकर प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची का पुनरीक्षण होने के बाद इसकी जानकारी आयोग को भेज दी है। भारत निर्वाचन आयोग शीघ्र ही आचार संहिता लागू करने की घोषणा कर देगा।

भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में चुनाव की तैयारियों को लेकर दिन-प्रतिदिन की जानकारी लेना शुरू कर दिया है। मतदाता सूची का पुनरीक्षण का काम पूरा हो गया है। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ में मतदाताओं की संख्या दो करोड़ आठ लाख के आसपास हो गई है। अनेक विधानसभा क्षेत्रों में पुरुष और महिलाओं की संख्या भी अलग-अलग है। चुनाव कराने के लिए मतदाता सूची, परिचय पत्र, संवेदनशील मतदान केंद्रों एवं सुरक्षा बलों की व्यवस्था प्रमुख है। आयोग ने 24 हजार के आसपास मतदान केंद्र बनाए हैं। नए नियम के अनुसार अब दिव्यांगों एवं वरिष्ठ नागरिकों को भी ऑनलाईन मतदान करने का अधिकार दे दिया है। चुनाव में सभा, रैलियों की वीडियो रिकार्डिंग करने का ठेका दिया जा रहा है। प्रत्येक जिले में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। जिलों में मास्टर ट्रेनर्स ने सभी निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण दे दिया है। ईवीएम तथा वीवीपैट भी पर्याप्त मात्रा में पहुंच गई है।

बैठक में अधिकारियों को आगामी विधानसभा चुनाव में आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये है। आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान केन्द्रीय सशक्त पुलिस बल तैनात किये जायेगें इनके लिए सभी बुनियादी आवश्यकताओं जैसे आवास, परिवहन, राशन, पेयजल जलपूर्ति, स्वास्थ्य दवाई, इलाज, मोबाईल, टायलेट, बांस बल्ली सहित अन्य आवश्यकताओं के लिए विभिन्न विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये है। मुख्य सचिव ने चुनाव कार्य हेतु होम गार्ड, फॉरेस्ट गार्ड और कोटवारों की उपलब्धता के संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। बैठक में डी.जी.पी अशोक जुनेजा भी मौजूद थे।

बैठक में बताया गया कि विधानसभा चुनाव हेतु सी.ए.पी.एफ की करीब 150 कम्पनियों का शीघ्र ही छत्तीसगढ़ आगमन होगा। विधानसभा चुनाव हेतु अधिकारियों ने होम गार्ड की उपलब्धता के बारे में बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों के करीब 6996 होम गार्ड बल उपलब्ध है। इनमें से करीब 3115 होम गार्ड की ड्यूटी विधानसभा चुनाव में लगायी जायेंगी।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन बैठकें लेकर प्रशासनिक व्यवस्था की जानकारी ले रहे हैं। आज भी उन्होंने सुरक्षा एवं मादक पदार्थों को पकड़ने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों से बात की है। पुलिस प्रशासन ने अंतर्राज्यीय सीमा को सील करने का निर्देश दिया है। संवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए सुरक्षाबल मंगाया जाएगा। केंद्रीय पुलिस बल नक्सली क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। नक्सलगढ़ कहे जाने वाले बस्तर में मतपेटी लाने के लिए हेलीकाप्टर की भी व्यवस्था किए जाने पर विचार किया जा रहा है।

## संतकुमार नेताम को कांग्रेस में प्रवेश का मिला पुरस्कार

- पीएससी का सदस्य बनाया शासन ने
- जोगी के खिलाफ लड़ रहे थे कानूनी लड़ाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी की जाति को लेकर पिछले 15 साल से संघर्ष कर रहे आदिवासी नेता संत कुमार नेताम को कांग्रेस में आने का पुरस्कार मिल गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें पीएससी का मेम्बर बनाकर उपकृत किया है। बिलासपुर निवासी संतराम नेताम की शिक्षा बिलासपुर एवं रायपुर के इंजीनियरिंग कालेज से हुई है। वे लंबे अरसे से मरवाही से टिकिट मांग रहे हैं। भाजपा में रहते हुए उन्होंने अजीत जोगी की जाति को लेकर काफी संघर्ष किया था। वे पिछले विस चुनाव में कांग्रेस में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में वे कांग्रेस के लिए काम करने का वायदा कर चुके थे। कांग्रेस शासनकाल में भी उन्हें विभिन्न मंडलों में स्थान नहीं मिला लेकिन वे मुख्यमंत्री से निरंतर मुलाकात करते रहे। मरवाही से उन्होंने कांग्रेस से टिकिट भी मांगी थी।

### मुख्यमंत्री के प्रति आभार

आदिवासी नेता संतराम नेताम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि सेक्टर 19 नया रायपुर के पीएएसी कार्यालय में शीघ्र ही अपना पदभार ग्रहण कर लेंगे। पीएएस का नया अध्यक्ष डॉ. प्रवीण वर्मा को बनाया गया है। प्रधानमंत्री और भाजपा की चेतावनी के पश्चात पीएएसी के चेयरमेन सोनवानी को हटाया गया है। उनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है।

## विप्र कॉलेज में कॉमर्स एंड मैनेजमेंट की फ्रेशर पार्टी में विद्यार्थियों ने किया धमाल




**रायपुर, 5 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डिपार्मेंट के सीनियर विद्यार्थियों ने अपने जूनियर के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। जिसमें सीनियर और जूनियर ने मिलकर डांस और सॉन्ग के साथ खूब धमाल किया। इसके पूर्व फ्रेशर पार्टी के उद्घाटन समारोह में प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विप्र महाविद्यालय परिवार नव प्रवेशित विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता है। सीनियर द्वारा आयोजित फ्रेशर पार्टी के माध्यम से जूनियर सभी विद्यार्थियों से परिचय प्राप्त करें एवं अपने अध्ययन अध्यापन में उनका सहयोग लें। अपने सीनियर के अनुभव का लाभ उठाकर जूनियर अपने जीवन का निर्माण करें, इस प्रकार के आयोजन का यही उद्देश्य होता है।

इसके बाद मंच पर जूनियर विद्यार्थियों का परिचय का दौर चालू हुआ। सीनियर विद्यार्थियों के डिमांड पर जूनियर डांस, सॉन्ग और अन्य कलाओं के माध्यम से अपने प्रतिभा का परिचय दिए। विभिन्न प्रकार के रोचक गेम के माध्यम से जूनियर विद्यार्थियों के झिझक को दूर किया गया। इसके बाद जूनियर और सीनियर सभी विद्यार्थी मिलकर डीजे की धुन पर जमकर मस्ती और डांस करते नजर आए। अंत में लंच के बाद जूनियर विद्यार्थियों ने यादगार फ्रेशर पार्टी के लिए अपने सीनियर को धन्यवाद देते हुए विदा लिए। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. विवेक शर्मा, डॉ.आराधना शुक्ला, डॉ. सीमा अग्रवाल एवं निधि शुक्ला सहित समस्त प्राध्यापक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। फ्रेशर पार्टी में बेस्ट परफॉर्मेंस के आधार पर बीकॉम प्रथम वर्ष से आलिया को मिस फ्रेशर एवं विक्रांत को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। बीबीए से कंचन मिस फ्रेशर और प्रीतम मिस्टर फ्रेशर रहे। एमकॉम के मिस फ्रेशर मुस्कान और मिस्टर फ्रेशर जसवंत को पुरस्कार से नवाजा गया।

## सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक



**रायपुर 5 अक्टूबर।** सांसद सुनील सोनी के अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। रायपुर कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश मिश्रा, उपस्थित थे।

बैठक में सांसद सोनी ने संबोधित करते हुए कहा कि इस बैठक का उद्देश्य जनता को शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ देना है इसलिए बैठक में शामिल जनप्रतिनिधि अपनी क्षेत्र की समस्याओं के बारे में निशंकोच अधिकारियों के सामने अपनी बात रखें, जिससे वास्तविक जानकारी सामने आए और समस्या का समाधान हो।

जिले के सभी अधिकारियों को योजनाओं के तहत मंजूर किए गए कामों की सतत मॉनिटरिंग-समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजनों की सहुलियत के लिए स्वीकृत किए गए विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए लगातार समीक्षा की जानी चाहिए। सोनी ने प्रधानमंत्री सड़क योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित विभाग सड़कों की मरम्मत करें। जलजीवन मिशन की तहत दिए गए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर और गुणवत्तापूर्ण कार्य करें। राजधानी में दशहरा, दीपावली तथा अन्य त्योहार आने वाले हैं।

सड़कों एवं प्रमुख बाजारों में भीड़-भाड की स्थिति निर्मित होगी, उससे पहले नगर निगम शहर की सड़कों का सुधार करें और साफ सफाई में विशेष ध्यान दें। सांसद आदर्श ग्राम में मूलभूत सुविधाओं का मुहैया कराएं। सांसद सोनी ने मनरेगा की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों में गति लाने का निर्देश दिए। साथ ही उपलब्धियों की जानकारी ली।

## एसएमसी, एसएमडीसी व पालकों के उन्मुखीकरण के लिए प्रशिक्षण



**रायपुर, 5 अक्टूबर।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के द्वारा राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अकादमिक सहयोग से स्कूल शिक्षा विभाग के विशेष सचिव राजेश सिंह राणा व समग्र शिक्षा के प्रबंध संचालक इफ्फत आरा के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संसाधन केंद्र निमोरा रायपुर में 3 एवं 4 अक्टूबर को संपन्न हुआ। प्रथम दिवस में उद्घाटन सत्र के उपरांत औपचारिक सत्र आखर अंजोर कार्यक्रम पर दिनेश टांक सहायक संचालक रा.सा.मि.प्रा. ने मनोरंजक व सहज ढंग से प्रतिभागियों को विस्तार में जानकारी दी। द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ सत्र में श्रेष्ट पालकत्व का महत्त्व एवं एसएमसी की भूमिका, इस हेतु तैयार सामग्रियों का गतिविधि आधारित उपयोग तथा एसएमसी बैठक में विभिन्न सत्रों का सञ्चालन समूह वार कैसे किया जाना है इन विषयों पर डॉ मनीषा वत्स ने सारगर्भित जानकारी दी।

## पंचायत आज तक में दिग्गज हस्तियों ने की शिरकत

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पंचायत आजतक का मंच सजा था। इस कार्यक्रम में कई राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह समेत दिग्गज हस्तियों ने शिरकत की। वहीं कार्यक्रम में कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा और छत्तीसगढ़ बीजेपी की उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा भी मौजूद रहीं। आजतक के छत्तीसगढ़ पंचायत में कांग्रेस के आलोक शर्मा और बीजेपी के अजय आलोक शामिल हुए। इस दौरान आलोक शर्मा ने कहा कि बीजेपी के पास वॉशिंग मशीन है, जिसमें नेताओं के भ्रष्टाचार के आरोप धुल जाते हैं।

छत्तीसगढ़ सीएम भूपेश बघेल ने पंचायत आज तक के कार्यक्रम में पीएम पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ किसानों का राज्य है। यहां की धान प्रदेश सरकार ही खरीदती है। केंद्र सरकार की धान खरीदने की बात गलत है। साथ ही भूपेश बघेल ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी है, इसमें किसी को शक नहीं होना चाहिए।

डॉक्टर रमन सिंह ने अबकी बार बीजेपी सरकार सेशन में शिरकत की। डॉक्टर रमन ने छत्तीसगढ़ राज्यगठन की पृष्ठभूमि से लेकर बीजेपी सरकार के 15 साल की भी चर्चा की और भूपेश बघेल सरकार पर जमकर निशाना साधा। छत्तीसगढ़ चुनाव में बीजेपी सामूहिक नेतृत्व के साथ चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में है।

सीएम फेस को लेकर रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हर उस व्यक्ति को मुख्यमंत्री के लिए दावा करने का अधिकार है जो 15-20 साल से काम कर रहा है निर्णय तो नेतृत्व को लेना है। चेहरा न होने से कार्यकर्ताओं में कोई कंफ्यूजन नहीं है, हमारा प्रत्याशी कमल निशान है।

कांग्रेस की तरफ से पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा और बीजेपी की तरफ से पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मीवर्मा मौजूद रहीं। महिलाओं के मन में क्या है विषय पर बात करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने कहा -आज सबसे कम बेरोजगारी कहीं पर है तो वह छत्तीसगढ़ में है। हमारी सरकार गोधन योजना लेकर आई। हमने लोगों के लिए रोजगार का इंतजाम किया। राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध भी तेजी से कम हुआ है।

पंचायत आजतक छत्तीसगढ़ में बुधवार को कांग्रेस नेता शैलेष नितिन और राज्य के पूर्वमंत्री और बीजेपी नेता बृजमोहन अग्रवाल के बीच चर्चा हुई। इस दौरान बृजमोहन अग्रवाल ने पांच हजार करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया तो वहीं शैलेष नितिन में पलटवार किया। सबसे पहले बीजेपी पर निशाना साधते हुए शैलेष नितिन ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बीजेपी को अपने कार्यकर्ताओं पर भरोसा नहीं रह गया है। इसलिए ईडी, आईटी और सीबीआई की मदद ली जा रही है।

पद्मश्री डॉ. भारती बंधु ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति बहुत विराट है। इसको समेटना बहुत मुश्किल है। जबसे हमारा राज्य बना है, तब से हम कोशिश कर रहे हैं कि इसे विदेशों तक पहुंचाएं।

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ की नेता रिचा जोगी ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कहा, मेरे ससुर भले ही सशरीर हमारे साथ नहीं हैं लेकिन हमारे दिलों के अंदर हमेशा रहेंगे।

## महंत कॉलेज में राज्य स्तरीय शतरंज स्पर्धा शुरू



**रायपुर 5 अक्टूबर।** शहर के गांधी चौक स्थित महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय में आज राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का शानदार आगाज हुआ इस अवसर पर मुख्य अतिथि निगम सभापति प्रमोद दुबे समिति अध्यक्ष अजय तिवारी सचिव अनिल तिवारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता भरत खाखरिया समिति उपाध्यक्ष आरके गुप्ता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ देवाशीष मुखर्जी सहित राज्य के 12 टीमों के मैनेजर और कोच तथा 100 से अधिक खिलाड़ियों की विशेष उपस्थिति दर्ज की गई आयोजन में शतरंज के चाणक्य भरत खाखरिया, मुख्य अतिथि प्रमोद दुबे सहित सभी गणमान्य अतिथियों का सम्मान किया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि निगम सभापति प्रमोद दुबे ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में शतरंज खेल की शुरुआत होने जा रही है यह खेल अद्भुत है जो बुद्धिमत्ता और चतुर से खेला जाता है उनका कहना था कि महाविद्यालय न केवल खेल के लिए बल्कि शैक्षणिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है वैसे भी शतरंज का खेल बड़ी शिद्दत के साथ खेला जाता है इस महाविद्यालय की उपलब्धि प्रदेश में ही नहीं देश में काफी तेजी से फैल रही है निरंतर महाविद्यालय विद्यार्थियों को एक प्लेटफार्म प्रदान कर रहा है महाविद्यालय के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर से निकलकर विश्व स्तर पर उपलब्धि दर्ज करने में आगे आने लगे हैं जो एक महत्वपूर्ण बात है वहीं आयोजन में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अजय तिवारी ने कहा कि या खेल महाभारत के दौर से खेला जा रहा है इसमें राजा रानी मंत्री घोड़ा सभी की विशेष चतुराई के साथ क्षमता देखने को मिलती है।

### रामकृष्ण केयर अस्पताल में अंकुर सिंघल ने मिनीमम कट तकनीक से किया रिवीजन टीकेआर

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** अभी हाल ही में शहर के जाने-माने रामकृष्ण केयर अस्पताल के जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. अंकुर सिंघल ने मिनीमम कट तकनीक द्वारा एक रिवीजन नी रिप्लेसमेन्ट टीकेआर परफॉर्म किया। इस सर्जरी की खास बात यह थी मरीज के एक घुटने का ऑपरेशन हो चुका था जो कि सफल नहीं था और उसमें इफेक्शन हो गया था, डॉ. सिंघल ने उसमें सीमेंट सिपेसर लगाया और इंफेक्शन खत्म होने के पश्चात डॉ. सिंघल ने उसका सर्जरी किया और मरीज आज पूरी तरह स्वस्थ्य हैं एवं अपनी सामान्य जीवन-यापन कर रहा है। तथा उसका घुटना पूरी तरह अच्छा से ठीक हो गया है। डॉ. सिंघल ने बताया कि रिवीजन नी रिप्लेसमेन्ट टीकेआर एक अपने आप में जटिल क्रिया है जिसमें कोई भी खराब घुटने को फिर से ठीक किया जाता है। यह रिवीजन नी रिप्लेसमेन्ट टीकेआर बहुत जटिल एवं काम्प्लेक्स होता है इसको हर किसी को इसको व्यापक ट्रेनिंग की जरूरत पड़ती है। डॉ. सिंघल ने यह भी बताया कि जिस तरह से नी रिप्लेसमेन्ट आम है उस हिसाब से रिवीजन नी रिप्लेसमेन्ट टीकेआर सामान्य नहीं है और किसी भी का घुटना खराब और या रिकन्सट्रक्ट न हो पाये तो उसे रिवीजन टीकेआर परफॉर्म करके ठीक किया जा सकता है। डॉ. अंकुर सिंघल ने बताया कि मरीजों में उनके द्वारा इजात की हुई इस मिनिमम कट तकनीक से जोड़ प्रत्यारोपण के बाद मरीजों की रिकवरी फास्ट होती है और जटिल से जटिल सर्जरी आसानी से की जा सकती है। इस तकनीक से मरीज न सिर्फकेवल कुछ घंटें बाद चल सकता है बल्कि अपनी सामान्य जीवन में तेजी से वापस लौट सकता है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23